CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 16°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 8 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 80 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 19 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




खड़गे का हिमंत पर हमला, लगाए भ्रष्टाचार के आरोप पेज 2



गुजरात को जीत की तलाश, दिल्ली की नजरें जीत की हैट्रिक पर खेल टाइम्स




क्यों कम हुई हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की विश्वसनीयता सम्पादकीय



ईरान समर्थित समूहों का अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन हमला पेज 12

# लैंगिक समानता के चश्मे से नहीं देखी जा सकती जरूरी धार्मिक प्रथाएं: केंद्र

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश से जुड़े 2018 के फैसले की समीक्षा याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई शुरू हो गई है। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि सभी संवैधानिक प्रश्नों को केवल लैंगिक समानता के दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता और 10 से 50 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध का बचाव किया।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता में नौ न्यायाधीशों की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। पीठ में न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, एमएम सुंद्रेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, प्रसन्ना बी. वराले, आर. महादेवन और जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। केन्द्र और केरल सरकार ने अपने पक्ष में कहा कि यह प्रतिबंध मंदिर के देवता की प्रकृति से जुड़ा एक आवश्यक धार्मिक आचरण है, जो न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि भारत में धार्मिक विविधता है और विभिन्न धर्मों तथा संप्रदायों की अपनी-अपनी परंपराएं हैं, जिन्हें समझते हुए अदालत को निर्णय करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अदालत धार्मिक सिद्धांतों की जांच नहीं कर रही है बल्कि संवैधानिक व्याख्या कर रही है और इसमें विविधता को ध्यान में रखना जरूरी है। गौरतलब है कि 28 सितम्बर 2018 को सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की पीठ ने 4:1 के बहुमत से मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर आयु संबंधी प्रतिबंध हटा दिया था।

**■ सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश से जुड़े 2018 के फैसले की समीक्षा याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई शुरू**

## जस्टिस नागरत्ना बोलीं: महिला को महीने के तीन दिन 'अछूत' मानें, चौथे दिन नहीं, ऐसा क्यों



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि इस मामले में 'अनुच्छेद 17' यानी छुआछूत के खिलाफ अधिकार पर दलील किस तरह पेश की जाए, यह मेरी समझ से बाहर है। एक महिला होने के नाते मैं यह कहना चाहूंगी कि ऐसा नहीं हो सकता कि हर महीने 3 दिन तक तो महिला को अछूत माना जाए और चौथे दिन अचानक कोई अछूतपन न रह जाए। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि अगर कोई सामाजिक बुराई है, जिसे धार्मिक प्रथा का नाम दे दिया गया हो, तो अदालत उनके बीच फर्क कर सकती है कि वह एक सामाजिक बुराई है या कोई अनिवार्य धार्मिक प्रथा है। इस पर केंद्र ने कहा कि संवैधानिक दृष्टि से इसका जवाब यह होगा कि इसका समाधान अनुच्छेद 25(2)(इ) में है, यानी संसद इस पर कानून बना सकती है।



केरल विधानसभा चुनाव से पहले, वायनाड जिले के पदिनजरथारा में कांग्रेस महासचिव और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी ने एक नुक्कड़ सभा को संबोधित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अमरावती को आंध्र की राजधानी बनाने वाले अधिनियम को राष्ट्रपति की मंजूरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अमरावती को आंध्र प्रदेश की नई राजधानी बनाने से संबंधित आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) अधिनियम, 2026 को मंजूरी दे दी है। विधि और न्याय मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर कहा है कि राष्ट्रपति ने इस अधिनियम को मंजूरी दे दी। अधिसूचना में कहा गया है कि इस अधिनियम को आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) अधिनियम, 2026 कहा जा सकता है और यह आगामी 2 जून से लागू माना जाएगा। दो जून से अमरावती विधिवत रूप से आंध्र प्रदेश की राजधानी बन जाएगी।

### मणिपुर: बम हमले में दो बच्चों की मौत के बाद हिंसा

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में मोइरांग ट्रोंगलाओबी इलाके में सोमवार देर रात उग्रवादियों ने एक घर में बम फेंक दिया। जिसमें 5 साल के एक लड़के और छह महीने की बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ऑफिसर ने बताया कि जब घर में बम फटा, तब बच्चे अपनी मां के साथ बेडरूम में सो रहे थे। मां घायल है। स्थानीय लोगों ने घटना के विरोध में मंगलवार सुबह प्रोटेस्ट किया। इलाके में एक पेट्रोल पंप के पास दो ऑयल टैंकर और एक ट्रक में आग लगा दी। उन्होंने मोइरांग पुलिस स्टेशन के सामने टायर जलाए और एक पुलिस चौकी को तोड़ दिया। इसके बाद भीड़ ने घटनास्थल से 100 मीटर दूर सीआरपीएफ कैंप पर भी हमला कर दिया। जवाबी फायरिंग में 2 की मौत हो गई, पांच घायल हो गए।

### लश्कर के अंतर राज्यीय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक अंतर-राज्यीय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी शामिल हैं। पुलिस ने इस मॉड्यूल के पकड़े जाने के संबंध में अभी तक आधिकारिक तौर पर कोई बयान जारी नहीं किया है। पिछले कई हफ्तों से चल रहे एक अभियान के दौरान पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के बाहर से लश्कर-ए-तैयबा के दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को गिरफ्तार किया।

# ईरान में आज रात पूरी सभ्यता होगी खत्म: ट्रम्प

## कहा: ईरान की सभ्यता को फिर कभी वापस नहीं लाया जा सकेगा

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार रात ईरान की पूरी सभ्यता खत्म करने की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि मंगलवार रात एक पूरी सभ्यता खत्म हो जाएगी, जिसे फिर कभी वापस नहीं लाया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि मैं नहीं चाहता कि ऐसा हो, लेकिन शायद ऐसा ही होगा। हालांकि, अब वहां सत्ता पूरी तरह बदल चुकी है, जहां अलग, ज्यादा समझदार और कम कट्टर सोच वाले लोग मौजूद हैं। कौन जानता है कि शायद कुछ बहुत शानदार और क्रांतिकारी हो सकता हो? ट्रम्प ने दावा किया कि मंगलवार रात हम दुनिया के लंबे और जटिल इतिहास के सबसे अहम पल के गवाह बनेंगे। 47 सालों की ज्यादती, भ्रष्टाचार और मौत का सिलसिला आखिरकार खत्म हो जाएगा। ईश्वर ईरान के लोगों की रक्षा करे। अमेरिका और इजरायल ने मंगलवार को ईरान में कई जगहों पर हमला किया। सबसे बड़ा हमला खर्ग आइलैंड पर हुआ, जहां आयल टर्मिनल को निशाना बनाया गया। ईरान का करीब 80 से 90 फीसदी कच्चा तेल यहीं से एक्सपोर्ट होता है। इसी दौरान कोम और कशान में भी पुलों को निशाना बनाया गया। काशान के पास यहयाबाद रेलवे पुल पर हमले में 2 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा उत्तर-पश्चिम ईरान में तबरीज-जंजान हाईवे के पुल पर भी हमला किया गया। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर ईरान ने मंगलवार को रात 8 बजे (अमेरिका समयानुसार) तक होर्मुज स्ट्रेट नहीं खोला, तो उसके जरूरी ठिकानों पर हमला किया जाएगा। इन हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए यूएई के शारजाह में हमला किया। ईरान पहले ही कह चुका था कि अब वह चुप नहीं बैठेगा। अमेरिका और उसके सहयोगियों के ठिकानों को निशाना बनाएगा। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि ईरान के साथ चल रहे युद्ध में अमेरिका ने अपने ज्यादातर सैन्य टारगेट हासिल कर लिए हैं।

## समयसीमा से पहले ही ईरान पर अमेरिका के ताबड़तोड़ हमले





**■ खर्ग द्वीप-पुल को बनाया निशाना, एक साथ 50 ठिकाने तबाह**

**■ IRGC ने अमेरिका को लक्ष्मण रेखा पार न करने की चेतावनी दी**



**तेहरान।** ईरान के खर्ग द्वीप पर मंगलवार को ताबड़तोड़ हमले किए गए हैं। कोम शहर के पास एक पुल को भी निशाना बनाया गया। आईआरजीसी ने अमेरिका को लक्ष्मण रेखा पार न करने की चेतावनी दी है। प्रांत के डिप्टी गवर्नर मोर्तेजा हेदरी ने जानकारी दी कि मंगलवार को अमेरिका और इजरायल ने ईरान के कोम शहर के पास एक पुल पर हमला किया। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, खर्ग द्वीप पर 50 ठिकानों को निशाना बनाया गया है। सरकारी टेलीविजन चैनल के अनुसार, तेहरान के दक्षिण में स्थित कोम के बाहर यह हमला हुआ। डिप्टी गवर्नर मोर्तेजा हेदरी ने कहा कि कुछ मिनट पहले कोम की संपर्क लाइनों में आने वाले एक पुल को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि यह हमला अमेरिकी और जायनिस्ट दुश्मनों के प्रोजेक्टाइल से किया गया। हमले के बाद इलाके में तनाव बढ़ गया है। ईरान के पूर्वोत्तरी शहर मशहद में रेल सेवाएं अचानक रोक दी गई हैं। यह फैसला सुरक्षा कारणों से लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शहर के गवर्नर ने केंद्रीय रेल स्टेशन से चलने वाली सभी ट्रेनों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। मेहर न्यूज एजेंसी के अनुसार, यह एक एहतियाती कदम है। अगले आदेश तक यह फैसला लागू रहेगा।

# शिक्षामित्रों-अनुदेशकों का मानदेय बढ़ा

## योगी सरकार ने दी 49 नए बस अड्डों को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में 22 अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए मंत्रियों ने शिक्षा, परिवहन, औद्योगिक विकास समेत कई क्षेत्रों में बड़े निर्णयों की घोषणा की।

कैबिनेट के सबसे महत्वपूर्ण फैसलों में अंशकालिक शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि शामिल है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि शिक्षामित्रों का मानदेय 10,000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये किया गया है। उन्होंने बताया कि अनुदेशकों का मानदेय 9,000 रुपये से बढ़ाकर 17,000 रुपये कर दिया गया है। यह बढ़ोतरी एक अप्रैल से लागू मानी जाएगी और मई से बढ़ा हुआ भुगतान खातों में आना शुरू होगा। प्रदेश में लगभग 1.42 लाख शिक्षामित्र और करीब 24 हजार अनुदेशक कार्यरत हैं। इस निर्णय से राज्य सरकार पर करीब 217 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा। परिवहन क्षेत्र में भी बड़ा फैसला लिया गया है। पीपीपी मॉडल पर 49 नए बस अड्डों के निर्माण को मंजूरी मिली है। पहले चरण में 23 बस अड्डों की प्रक्रिया जारी थी, अब कुल 52 जनपदों को इससे जोड़ा जाएगा। बस अड्डों को एयरपोर्ट जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इसके अलावा हाथरस (सिकंदराराऊ), बुलंदशहर (डिबाई) और बलरामपुर (तुलसीपुर) में विभिन्न विभागों की जमीन बस अड्डा निर्माण के लिए हस्तांतरित करने को भी स्वीकृति दी गई। मंत्री असीम अरुण ने बताया कि 'डा. बीआर अंबेडकर मूर्ति विकास योजना' के तहत समाज सुधारकों की मूर्तियों के आसपास छतरी, बाउंड्री और सौंदर्यकरण का कार्य कराया जाएगा। इसमें डा. भीमराव अंबेडकर सहित अन्य महापुरुषों के स्थल शामिल होंगे। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि औद्योगिक विकास विभाग से जुड़े 8 निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जिनमें, शाहजहांपुर में एग्रो केमिकल्स प्लांट (589 करोड़), गोरखपुर में एथेनॉल उत्पादन क्षमता विस्तार (669 करोड़) और बुंदेलखंड व यमुना अथॉरिटी क्षेत्र में सोलर प्लांट (3805 करोड़) शामिल है।

**■ शिक्षामित्रों का मानदेय 10,000 से बढ़ाकर 18,000 रुपये किया गया**

## रसोई गैस के बाद अब पीएनजी भी महंगी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण रसोई गैस (एलपीजी) के बाद अब पाइपलाइन के जरिये किचन तक आने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के दाम भी बढ़ गए हैं।

दिल्ली-एनसीआर के साथ कानपुर, मेरठ, अजमेर जैसे कई शहरों में घरों में पीएनजी की आपूर्ति करने वाली कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने एक अप्रैल से पीएनजी की कीमत बढ़ाकर दिल्ली में 49.59 रुपये प्रति मानक घन मीटर (एससीएम) कर दिया है। इससे पहले एक जनवरी 2026 से इसकी कीमत 47.89 रुपये प्रति एससीएम थी। इस प्रकार राष्ट्रीय राजधानी में पीएनजी 1.70 रुपये प्रति एससीएम महंगी हो गई है। एनसीआर के दूसरे शहरों में भी कीमत 1.70 रुपये प्रति एससीएम बढ़ाई गई है, जबकि दूसरे शहरों में पीएनजी एक रुपये महंगी की गई है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में एक एससीएम पीएनजी की कीमत 47.76 रुपये से बढ़ाकर 49.46 रुपये कर दी गई है। मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली में 48.35 रुपये, किए गए।

**■ IGL ने बढ़ाए दाम**

## एयर इंडिया के टिकट आज से होंगे महंगे

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया और उसकी सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने बुधवार 8 अप्रैल से टिकट पर ईंधन शुल्क बढ़ाने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि देश में और वैश्विक स्तर पर विमान ईंधन की कीमतों में पिछले कुछ समय में आई तेजी को देखते हुए ईंधन शुल्क बढ़ाना अनिवार्य हो गया था। घरेलू मार्गों पर 8 अप्रैल या उसके बाद बुक कराई गई टिकटों पर पांच सौ किमी तक की दूरी के लिए 299 रुपये ईंधन शुल्क लगेगा।

# मथुरा में सीएम योगी के कार्यक्रम का टेंट आंधी में उड़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश के 20 से ज्यादा राज्यों में आज से आंधी-तूफान और बारिश की संभावना है। मंगलवार से नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय हो गया है। बैक-टु-बैक दो सिस्टम एक्टिव होने से मौसम में बदलाव है। यूपी के लखनऊ, मेरठ और गाजियाबाद में मंगलवार दोपहर बारिश हुई।

मथुरा में तेज आंधी से सीएम योगी के कार्यक्रम का टेंट उड़ गया। वहीं राजस्थान के रेगिस्तानी जिले नागौर में बारिश के साथ ओले गिरे। जयपुर, बीकानेर और टोंक में भी तेज बारिश हुई। इधर, मध्य प्रदेश में अगले 3 दिन आंधी-बारिश और ओले गिरने की संभावना रहेगी। ग्वालियर में मंगलवार को बारिश हुई, जबकि 34 जिलों में अलर्ट है। हिमाचल प्रदेश के चंबा में मंगलवार सुबह लैंडस्लाइड से एक निर्माणाधीन पुल टूट गया। भरमौर और होली क्षेत्र को जोड़ने वाला सिंयूर पुल रावी नदी में समा गया। इसके बाद क्षेत्र के कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और चमोली में मंगलवार को बर्फबारी हुई। दिल्ली-एनसीआर में भी मंगलवार को बारिश हुई।

**■ राजस्थान के रेगिस्तान में ओले गिरे, मप्र में बारिश, हिमाचल में लैंडस्लाइड से पुल नदी में गिरा**



नई दिल्ली: इंडिया गेट पर हल्की बूंदाबांदी के बीच बदले मौसम का लुत्फ उठाते पर्यटक।

# कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के घर पहुंची असम पुलिस

**नई दिल्ली।** असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा की ओर से कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के खिलाफ दर्ज कराई गई प्राथमिकी के सिलसिले में पूछताछ के लिए असम पुलिस की एक टीम श्री खेड़ा के राष्ट्रीय राजधानी स्थित आवास पर पहुंची है।

श्री खेड़ा ने हाल ही में यह आरोप लगाया था कि श्रीमती सरमा के पास तीन विदेशी पासपोर्ट और अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अघोषित संपत्तियां हैं। मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी ने इन आरोपों को पूरी तरह गलत और निराधार बताया था। श्रीमती सरमा ने इन आरोपों पर श्री खेड़ा के खिलाफ असम की क्राइम ब्रांच में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

**■ हिमंत सरमा की पत्नी की प्राथमिकी के बाद जांच के सिलसिले में होगी पूछताछ**

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### अचानक गोलीबारी में सीआरपीएफ जवान की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार को दुर्घटनावश गोलीबारी की घटना में केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) के एक जवान की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के चक दयाला गांव के रहने वाले सीआरपीएफ जवान अब्दुल गनी की पुंछ जिले के कामसर स्थित सीआरपीएफ यूनिट मुख्यालय में अपनी ही सर्विस राइफल (आईएनएसएएस) से दुर्घटनावश गोलीबारी में मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि गोलीबारी की घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पवन खेड़ा मामले में कांग्रेस का हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने मीडिया विभाग चेयरमेन पवन खेड़ा के घर मंगलवार दिल्ली पुलिस और असम पुलिस के पहुंचने पर असम सरकार पर जमकर हमला बोला। रमेश ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि एक जनहित के मुद्दे पर सवाल उठाने के लिए पुलिस की पूरी फौज लगाना इस बात का प्रमाण है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा घबराए, परेशान और बौखलाए हुए हैं। उन्होंने इसे कानून की उचित प्रक्रिया नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की मशीनरी का इस्तेमाल विपक्ष की आवाज को दबाने और डराने के लिए किया जा रहा है, क्योंकि विपक्ष सरकार के 'काले कारनामों' को उजागर कर रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जो लोग डराने-धमकाने की राजनीति करते हैं, वही सबसे ज्यादा डरे हुए होते हैं और उनके पास छिपाने के लिए बहुत कुछ होता है।

# बारिश: यूपी के 50 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

## अगले 48 घंटे में बरसात और ओलावृष्टि की संभावना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में अगले 48 घंटे पश्चिमी और पूर्वी दोनों संभागों के लिए भारी हो सकते हैं। प्रदेशभर में आज तेज आंधी के साथ बारिश, बिजली गिरने और ओलावृष्टि की चेतावनी दी गई है। मंगलवार सुबह से नोएडा, गाजियाबाद मेरठ समेत प्रदेश के कई जिलों में काले बादल छाए हुए हैं। कई जगहों पर बादलों की तेज गड़गड़ाहट हो रही है, तो कहीं बारिश भी देखने को मिल रही हैं।

मौसम विभाग के अनुसार यूपी में अगले 48 घंटे किसानों के लिए बहुत भारी होने वाले हैं। बुधवार 8 अप्रैल को भी पश्चिमी और पूर्वी दोनों ही संभाग में लगभग सभी जगहों पर मेघ गर्जन, वज्रपात, आंधी और तेज बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट दिया गया है। दोनों ही संभागों में ओलावृष्टि की भी चेतावनी है, जिससे किसानों की फसलों को नुकसान हो सकता है। यूपी में आज आगरा, मथुरा, हाथरस, अलीगढ़, कासगंज, एटा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया और जालौन में



तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश और ओले गिरने की चेतावनी दी गई है। कहीं-कहीं बिजली गिरने की भी आशंका है।

### इन जिलों में आंधी-बारिश की येलो अलर्ट

नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, बागपत, शामली, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, महोबा, अमरोहा, सम्भल, बदायूं, फर्रुखाबाद, हरदोई, कानपुर और उन्नाव में

**■ नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, बागपत, शामली, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर समेत 43 जिलों में अलर्ट जारी**

आज कुछ स्थानों पर आंधी-बारिश का अलर्ट है, जबकि मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, सीतापुर, बाराबंकी, गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती, अयोध्या, अमेठी, सुल्तानपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर में एक या दो जगहों पर बारिश हो सकती हैं। प्रदेश के बाकी हिस्से में आज मौसम सामान्य रहेगा। इन जिलों के लिए कोई चेतावनी नहीं दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटों में प्रदेश के अधिकतम तापमान में 2.4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। इसके बाद 6.8 डिग्री की अचानक बढ़ोतरी हो सकती हैं। 9 और 10 अप्रैल को बारिश का सिलसिला थम जाएगा।

# मंत्री की करतूतों पर चले बुलडोजर: सपा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**बस चालकों की ओर से वेतन उठाए जाने के मामले में अखिलेश यादव का सीएम योगी पर हमला, सड़कें धंसी हुई हैं, परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार का हुआ खुलासा**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन विभाग में बगैर बस चलाए चालकों द्वारा वेतन उठाए जाने का मामला सामने आने के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को बसों पर बुलडोजरष चलाने का नाटक करने के बजाय मंत्री की भ्रष्ट करतूतों पर चलवाने चाहिए।

यादव ने मंगलवार को एक्स पर लिखा कि सब जानते हैं चलेगा (बुलडोजर) नहीं, क्योंकि इस गोरखधंधे का सबसे बड़ा हिस्सा तो 'मुख्य-दान पेटी' में ही आता है। इसीलिए मंत्री पर उनकी 'दया-दृष्टि' आमदनी के आगमन के अनुपात में बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि इधर गर्मियों की छुट्टियों में जनता आने-जाने के लिए परेशान है और उधर भाजपाई और उनके संगी-साथी परिवहन विभाग के पहिए खोलकर बेचने में लगे हैं। यही वो कारण है जिसकी वजह से उप्र के विकास की गाड़ी भाजपा के भ्रष्टाचार की मारी धंसी सड़क में धंसकर पूरी तरह ठहर गई है। अखिलेश यादव ने कहा कि यातायात और आवागमन की व्यवस्था का बाधित होना सीधे तौर पर अर्थव्यवस्था पर असर डालता है। उन्होंने कहा कि भाजपाई ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था नहीं, ट्रिलियन डॉलर की अपनी व्यवस्था बनाने में लगे हैं। भाजपा को आम जनता से न कोई मतलब था, न है, न कभी रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जाए तो बस चल पाए, पर चिंता न करें बुरे दिन जानेवाले हैं। गौरतलब है कि परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार को लेकर एक बड़ा खुलासा सामने आया है। जानकारी के अनुसार, 1671 ड्राइवर ऐसे पाए गए हैं जो बिना बस चलाए ही वेतन उठा रहे हैं, जबकि करीब 50 प्रतिशत चालकों का रिकॉर्ड शून्य किलोमीटर का दर्ज हुआ है। फिलहाल, इस पूरे मामले पर सरकार या परिवहन विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# प्रीपेड या पोस्टपेड स्मार्ट मीटर का खुद करें चुनाव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**केंद्र सरकार और केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने जारी किया आदेश**

**लखनऊ।** सरकार ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता खत्म कर दी है। अब उपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार प्रीपेड या पोस्टपेड मीटर चुन सकेंगे, जिससे लाखों लोगों को राहत मिली है। लखनऊ में बिजली बिल और मीटर को लेकर लंबे समय से चल रही बहस में अब उपभोक्ताओं के पक्ष में फैसला आया है।

केंद्र सरकार ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता पूरी तरह खत्म कर दी है। अब सिर्फ स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे, लेकिन वे प्रीपेड हों या पोस्टपेड, यह फैसला पूरी तरह उपभोक्ता पर निर्भर करेगा। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने यह आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक जहां संचार नेटवर्क उपलब्ध है, वहां सभी नए और पुराने बिजली कनेक्शनों पर स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे, लेकिन प्रीपेड मोड अब अनिवार्य नहीं रहेगा। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अभी 78 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लग चुके हैं, जिनमें 70 लाख प्रीपेड स्मार्ट मीटर हैं। नए कनेक्शनों पर अब तक अनिवार्य रूप से प्रीपेड मीटर ही लगाए जा रहे थे। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस अनिवार्यता का लगातार विरोध किया था। संसद में उठे सवालों के जवाब में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने स्पष्ट कहा था कि प्रीपेड मीटर लगाना अनिवार्य नहीं है। यह पूरी तरह उपभोक्तराओं की इच्छा पर निर्भर करता है।

## सचिव ने यूपी के डीआईओएस व बीएसए को जारी किए आदेश

# अवैध स्कूलों और कोचिंगों पर लगेगा अंकुश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ अभियान 18 अप्रैल तक चलाया जाएगा, बिना मान्यता स्कूल चलाना पूरी तरह प्रतिबंधित, कठोर कार्रवाई का प्रावधान**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने प्रदेश भर में अमान्य विद्यालयों और नियम विरुद्ध चल रही निजी कोचिंग की गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को परिषद के सचिव भगवती सिंह आदेश जारी कर सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों (डीआईओएस), जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) और खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) को 18 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। परिषद के सचिव भगवती सिंह के स्तर से जारी निर्देश के अनुसार, प्रदेश के विभिन्न जिलों में बिना मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संचालन और शिक्षकों के निजी कोचिंग संस्थानों में संलग्न होने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। जबकि इसे शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, परिषद के विनियमों और कोचिंग नियमन से जुड़े नियमों का उल्लंघन माना गया है। परिषद ने स्पष्ट किया है कि बिना मान्यता विद्यालय चलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है और ऐसे मामलों में आर्थिक दंड सहित कठोर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। साथ ही, मान्यता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा निजी कोचिंग में पढ़ाना भी नियमों के विरुद्ध है, जिस पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। परिषद ने उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में कहा है कि शासन स्तर पर पहले ही जिला विद्यालय निरीक्षक की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जा चुकी है, जिसमें बीएसए और बीईओ सदस्य हैं। सचिव भगवती सिंह ने कहा कि अभियान के बाद सभी जनपदों को 30 अप्रैल 2026 तक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। रिपोर्ट में अवैध विद्यालयों की संख्या, उनके खिलाफ की गई कार्रवाई, निजी कोचिंग में शिक्षकों की संख्या व उनके विरुद्ध कदमों का विवरण देना अनिवार्य होगा।

### आबकारी विभाग में 722 पदों पर बंपर भर्ती

**लखनऊ।** यूपी के बेरोजगारों के लिए आबकारी विभाग में सिपाही बनने का सुनहरा मौका है। विभाग ने बंपर वेकेंसी निकाली है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने आबकारी सिपाही मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन मांगे हैं। आबकारी सिपाही के 722 पदों के लिए विज्ञापन निकाला गया है। सिपाही बनने के लिए इच्छुक इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। आबकारी सिपाही मुख्य परीक्षा के लिए केवल वही अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जो विज्ञापन में दी गई शर्तों को पूरा करते हैं। प्रारंभिक क्वालीफिकेशन परीक्षा 2025 प्रिलिमनरी एलिजिबिलिटी टेस्ट (पेट 2025) में सम्मिलित हुए हों और उन्हें आयोग की ओर से प्रारंभिक एलिजिबिलीटी परीक्षा 2025 का स्कोर कार्ड जारी किया गया हो। मुख्य परीक्षा के लिए अभ्यर्थी की शॉर्ट लिस्टिंग उनके प्रीलिमनरी एलिजिबिलिटी टेस्ट पेट 2025 के नॉर्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मेरिट के अनुसार की जाएगी।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 74616.58
निफ्टी 23123.65



सोना 147000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 231000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी जारी सेंसेक्स 510 अंक चढ़ा

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन तेजी देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 509.73 अंक (0.69 प्रतिशत) चढ़कर 74,616.58 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 155.40 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की बढ़त में 23,123.65 अंक पर पहुंच गया।

शुरुआती गिरावट के बाद बाजार में तेजी लौट आई। सुबह के कारोबार में सेंसेक्स एक समय 800 अंक से ज्यादा लुढ़क गया था, लेकिन दोपहर बाद कम कीमत पर हुई लिवाली से यह हरे निशान में लौट गया। मझौली कंपनियों में तेजी रही जबकि छोटी



कंपनियों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.43 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। वहीं, स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.06 प्रतिशत फिसल गया। आईटी कंपनियों में दोपहर बाद लिवाली तेज होने से बाजार को समर्थन मिला। धातु, रियलटी, एफएमसीजी, निजी बैंकों और मीडिया कंपनियों के समूहों में भी तेजी रही। वहीं, सार्वजनिक बैंक और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह गिरावट में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर पौने तीन फीसदी ऊपर बंद हुआ।

टीसीएस, इंफोसिस और भारती एयरटेल में भी दो प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई। सनफार्मा, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनीलिवर, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर भी एक से दो प्रतिशत चढ़ गए। टाटा स्टील, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस और एक्सिस बैंक के शेयर भी हरे निशान में रहे। इंडिगो, अडानी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

# सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में मंगलवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2 हजार रुपए घटकर 1.47 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले यह 1.49 लाख रुपए पर था। एक किलो चांदी 3 हजार रुपए घटकर 2.31 लाख रुपए रह गई।

साल की शुरुआत में सोने में तेजी थी, लेकिन हाल के हफ्तों में मुनाफावसूली और ईरान जंग से गिरावट आई है। अपने उच्चतम स्तर से सोना अब तक 29 हजार सस्ता हो चुका है। चांदी में सोने के मुकाबले ज्यादा उतार-चढ़ाव रहा और यह ऑल टाइम हाई से तेजी से नीचे आई है। चांदी ऑल टाइम हाई से 1.54 लाख सस्ती हो चुकी है। हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है। चांदी असली सिल्वर चुंबक से नहीं चिपकती।

# मॉर्गन स्टेनली ने भारत की वृद्धि का अनुमान घटाया

नई दिल्ली, वार्ता

पश्चिम एशिया और पश्चिमी देशों की कठिन परिस्थितियों के मद्देनज वित्त और निवेश के कारोबार में लगे वैश्विक संगठन मॉर्गन स्टेनली ने वित्त वर्ष 2026.27 के लिए भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि के अनुमान को प्रतिशत 0.30 अंक घटाकर 6.2 प्रतिशत कर दिया है।

इससे पहले संगठन ने 6.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान लगाया था। मॉर्गन स्टेनली का अनुमान है कि 2026.27 में कच्चे तेल की औसत कीमत 95 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल रहेगी तथा गैस की उपलब्धता एक अतिरिक्त बाधा होगी। मॉर्गन स्टेनली की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि ईंधन की बढ़ती कीमत और औद्योगिक आपूर्ति में कमी से उत्पादन के संसाधनों की लागत बढ़ रही हैं और चुनिंदा वस्तुओं के उत्पादन में कटौती करनी पड़ रही है। रुपये की कमजोरी के बीच आयातित महंगाई बढ़ रही है। मॉर्गन स्टेनली ने आगे कहा कि उत्पादन की उच्च लागत, मुद्रा की कमजोरी और खाद्य/मुख्य वस्तुओं की कीमतों में मजबूती के कारण वित्त वर्ष 27 में औसत खुदरा मुद्रास्फीति साल-दर-साल आधार पर बढ़कर 5.1 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। तेल की ऊंची कीमतों के कारण वित्त वर्ष 2026.27 में चालू खाते का घाटा (कैड) प्रतिशत लगभग 1.50 अंक बढ़कर जीडीपी के लगभग 2.5 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। मॉर्गन स्टेनली के विश्लेषकों ने कहा है, हाल के वर्षों में पूंजी प्रवाह वित्तपोषण की जरूरतों से पीछे रहा है, इसलिए हमें उम्मीद है कि भुगतान संतुलन लगातार तीसरे वर्ष घाटे में रहेगा, जिससे रुपये पर दबाव बढ़ने की आशंका बढ़ जाएगी। मॉर्गन स्टेनली की भारत संबंधी मामलों की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना चाचरा ने बानी गंभीर और श्रेया सिंह के साथ मिलकर लिखा है, इस पृष्ठभूमि में, हमने वित्त वर्ष 2026.27 के लिए अपने वास्तविक जीडीपी अनुमान को प्रतिशत 0.30 अंक घटाकर 6.2 प्रतिशत कर दिया है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# दलित वोट पर टिकी भाजपा सपा-बसपा की उम्मीदें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ सवर्ण वोटों की नाराजगी के बीच सभी दलों ने कसी कमर**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले सियासी तपिश अभी से देखी जा रही है। यूजीसी के नए नियमों को लेकर सवर्ण वोटों की नाराजगी के बीच इस बार सत्ता के केंद्र में दलित वोट बैंक बना हुआ है। प्रदेश की करीब 21 प्रतिशत दलित आबादी न सिर्फ आरक्षित सीटों बल्कि सामान्य सीटों पर भी निर्णायक भूमिका निभाती है। यही कारण है कि भाजपा, सपा और बसपा तीनों ही दल इस वर्ग को अपने पक्ष में करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

वर्तमान में यूजीसी के नए नियमों को लेकर सवर्ण समाज के बीच भाजपा के प्रति असंतोष देखा जा रहा है। हालांकि भाजपा इस तरह की नाराजगी से इंकार कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर यह मुद्दा बातचीत का हिस्सा बन चुका है। इसी बीच विकल्प के तौर पर बसपा सुप्रीमो मायावती के बयान और उनके शासनकाल के कानून-व्यवस्था की चर्चाएं ग्रामीण इलाकों में फिर सुनाई देने लगी हैं। हालांकि चुनाव अभी दूर हैं और राजनीतिक समीकरण समय के साथ बदल रहते हैं। भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी रणनीति बदलते हुए गैर-जाटव दलितों जैसे पासी, वाल्मीकि और अन्य समुदायों पर खास फोकस किया है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं, जैसे मुफ्त राशन, आवास, शौचालय और आयुष्मान योजना के जरिए भाजपा ने लाभार्थी वर्ग तैयार किया है, जिसे वह वोट में बदलने की कोशिश में है। साथ ही डा. भीमराव अंबेडकर के विचारों और स्मारकों को प्रमुखता देकर पार्टी सामाजिक संदेश भी दे रही है। एक दिन पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से पार्टी के स्थापना दिवस के दिन राज्य में डा. अंबेडकर की सभी प्रतिमाओं पर सुरक्षात्मक छत्र देने की घोषणा को इसी रूप से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि जाटव वोट बैंक में भाजपा की पकड़ अभी भी सीमित मानी जाती है।

# यूपी में जाम से निजात पाने के लिए 20 जिलों में सी-आरटीसी योजना लागू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्णा ने कहा है कि प्रदेश में तेजी से बढ़ते ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए यातायात निदेशालय द्वारा सी-आरटीसी (सिटी रेड्यूसिग ट्रैफिक कंजेशन) योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत पहले चरण में प्रदेश के 20 जिलों के 172 प्रमुख मार्गों को चिन्हित कर उन्हें जाम मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

पुलिस राज्य मुख्यालय के सिग्नेचर बिल्डिंग में मंगलवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में श्री कृष्णा ने कहा कि समस्या के समाधान के लिए योजना के तहत प्रदेश में उन मार्गों को चिन्हित किया गया है, जहां पीक आवर्स में सबसे अधिक जाम लगता है। चिन्हित मार्गों में आगरा, अयोध्या, बरेली, गोरखपुर, कानपुर, लखनऊ,



मेरठ, वाराणसी, प्रयागराज सहित 20 जिले शामिल हैं। इन मार्गों पर यातायात को सुचारू बनाने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि योजना की सबसे अहम कड़ी 'रूट मार्शल' प्रणाली है। 'एक रूट, एक रूट मार्शल' के सिद्धांत पर प्रत्येक मार्ग के लिए एक जिम्मेदार अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो उस मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पूरी तरह उत्तरदाई होगा। आवश्यकता अनुसार एक अधिकारी को एक से अधिक मार्गों की जिम्मेदारी भी दी जा सकती है। डीजीपी राजीव कृष्णा ने कहा कि इस योजना में एआई आधारित आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है, जिससे चिन्हित मार्गों पर न्यूनतम, अधिकतम और औसत ट्रैवल टाइम का विश्लेषण किया जाएगा। यह प्रणाली रियल टाइम में जाम की स्थिति को मैप पर प्रदर्शित करेगी, जिससे नोडल अधिकारी अपने स्मार्टफोन के माध्यम से किसी भी समय ट्रैफिक की स्थिति की निगरानी कर सकेंगे। इसके साथ ही पिछले दो माह तक का डेटा भी उपलब्ध रहेगा, जिससे बेहतर रणनीति बनाई जा सकेगी। योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए '5ई मॉडल' एजुकेशन (जागरूकता), इंफोर्समेंट (प्रवर्तन), इंजीनियरिंग (तकनीकी हस्तक्षेप), इंक्रोचमेंट रिमूवल (अतिक्रमण हटाना) और ई-रिक्शा संचालन पर विशेष जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण में पीक आवर्स के दौरान अधिकतम ट्रैवल टाइम में 20 प्रतिशत तक कमी लाने का लक्ष्य तय किया है।

# खड़गे का हिमंता पर हमला लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**नई दिल्ली।** असम विधानसभा चुनाव मतदान से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रेस वार्ता कर भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधा। श्री खड़गे ने राज्य की जनता से अपील की कि वे अपने वोट के जरिए ष्सबसे भ्रष्ट सरकारष को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में असम में भ्रष्टाचार बढ़ा है और मुख्यमंत्री केवल अपने निजी हितों को साध रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य में षसिडिकेट राजष चल रहा है, जिसमें जमीन उनके करीबी लोगों और कॉरपोरेट्स को सौंपी जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि एक तरफ भाजपा नेता भ्रष्टाचार के खिलाफ होने का दावा करते हैं, जबकि दूसरी ओर असम में कथित



भ्रष्टाचार पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने कांग्रेस नेताओं गौरव गोगोई और पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई का जिक्र करते हुए कहा कि उनका रिकॉर्ड साफ रहा है और उन्होंने कभी इस तरह के आरोपों का सामना नहीं किया। श्री खड़गे ने असम के गायक जुबिन गर्ग से जुड़े मामले में न्याय में देरी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने में देरी हुई और सवाल उठाया कि आखिर मुख्यमंत्री किसे बचाना चाहते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने वादा किया कि यदि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनती है, तो 100 दिनों के भीतर इस मामले में न्याय सुनिश्चित किया जाएगा और दोषियों को सजा दिलाई जाएगी।

CMYK

# साल्हाखेड़ी में विवाहिता ने की आत्महत्या

## सड़क पर पड़े पत्थर के कारण ई-रिक्शा पलटी, वृद्ध की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी/मुजफ्फरनगर।** अलग अलग स्थानों पर तीन लोगों की मौत हो गई तितावी क्षेत्र के गांव सलाखेडी में अज्ञात कारणों के चलते विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। विवाहिता की मौत के बाद परिवार मे कोहराम मच गया। और मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में लग गई। वहीं दूसरी और शामली रोड पर पत्थरों से बैलेंस बिगड जाने के कारण ई-रिक्शा के नीचे दबरक एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एक घटना अलमासपुर की है जहां एक ग्रामीण की मौत हो गई है।

तितावी पुलिस को सूचना मिली कि गांव सलाखेडी निवासी विवाहिता ज्योति का शव घर में पडा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। इस समय यहां ग्रामीणों की भीड इकट्ठा थी और परिवार के लोग रोते बिलखते रहे। छानबीन के बाद पता चला कि करीब दो वर्ष पूर्व ज्योति की शादी सलाखेडी के गौरव के साथ हुई थी और आज किसी कारणाों के चलते विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी, हालांकि इस मामले को लेकर लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे थे, लेकिन पुलिस का मानना हे कि मामला आत्महत्या का है। पुलिस ने छानबीन करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और ग्रामीणों से भी इसकी जानकारी ली। उधर पुलिस ने विवाहिता और उसके पति के परिवार के लोगों से भी इस मामले की जानकारी ली है। अब पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की बात कह रही है।

**वहीं** दूसरी और शामली मार्ग तितावी क्षेत्र में टोल प्लाजा के पास ई-रिक्शा सड़क पर पडे पत्थरों के कारण असंतुलित हो गया जहां रिक्शा पलट जाने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की तो मृतक की पहचान गजेन्द्र सिंह पुत्र तारा उम्र 55 वर्ष निवासी अलमासपुर के रूप में हुई।

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम भेजने के बाद इस दुखद घटना की जानकारी मृतक के परिवार वालों को दी इस दौरान सीओ फुगाना यतेन्द्र नागर भी मोके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी चैक किए। इससे साफ हो गया कि दुर्घटना सड़क पर पड़े पत्थर के कारण हुई जिसको लेकर लोगों में रोष भी देखा गया।

लोगों का कहना था कि टोल प्लाजा के निकट इस तरह से पत्थर पडे होने के कारण बडी दुर्घटना भी हो सकती है।

# घर में रखे जेवर हुए चोरी का लगाया आरोप

■ **तोड़फोड़ का भी आरोप, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज**

**मुजफ्फरनगर।** कुछ लोगों ने मल्हूपुरा मुहल्ले में मकान खाली कराने के नाम पर युवतियों की शादी के लिए रखा सामान चोरी कर लिया। आरोपित जेवरात समेत कीमती सामान चोरी कर ले गए तथा कुछ सामान में तोड़फोड़ कर दी। न्यायालय के आदेश पर मुक. दमा दर्ज कराया गया है।

मल्हूपुरा निवासी शबाना परवीन ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि उसके पिता शमशाद लद्दावाला में अकील अहमद के मकान में किराए पर रहते हैं। उसके पिता बीमार चल रहे हैं। आरोप है कि मकान मालिक ने कमरा खाली कराने के लिए गुंडाइ की। 26 अक्टूबर-2025 की रात अकील अहमद, पत्नी असमा व उसके पुत्र हाशिर तथा पुत्री रोजी व अज्ञात लोगों ने मिलकर कमरे का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। आरोप है कि उसकी बहनों की शादी के लिए रखा घरेलू सामान, 3.75 लाख रुपये पीतल व तांबे और क्राकरी के बर्तन समेत चांदी के जेवरात चोरी कर लिए और फरार हो गए। वहीं कुछ सामान में तोड़फोड़ कर कर दी। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़िता ने न्यायालय की शरण लेकर न्याय मांगा है। मामले में न्यायालय के आदेश पर सोमवार को सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गौवंश को जंगल मे छोड़ने पर हंगामा, एक गौवंश की मौत

**मोरना।** सोमवार की शाम दूसरे गांव के व्यक्तियों द्वारा बिहारगढ़ के जंगल मे गौ वंश को छोड़ने व गौ वंश की दुर्दशा करने व एक गौ वंश मृत पाये जाने पर हंगामा खड़ा हो गया सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया वहीं पुलिस ने मंगलवार को पशु क्रूरता के तहत आधा दर्जन आरोपियों का चालान किया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बिहारगढ़ में सोमवार की शाम निकटवर्ती गांव मीरावाला के ग्रामीण पांच गौ वंश को खुली ट्रॉली में लादकर ट्रैक्टर द्वारा गंगा खादर की ओर जंगल मे छोड़ने जा रहे थे।गौवंश की हालत को देखकर बिहारगढ़ ग्रामीणों ने उनका पीछा शुरू कर दिया आगे जाकर मीरावाला के ग्रामीणों ने गांव वंश को नीचे उतारा तो एक गोवंश मृत पाया गया जिसके बाद बिहारगढ़ के ग्रामीणों ने इकठ्ठा होकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह व शुक्रताल चौकी इंचार्ज विवेक चौधरी ने ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया ।मंगलवार को पुलिस ने आरोपी सन्तरपल पुत्र सुक्कन,अभिषेक पुत्र संजय,शुभम पुत्र राजकुमार,अनिल व प्रवीण पुत्रगण देवेन्द्र,अर्जुन पुत्र हंसाराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सन्तरपाल ,अभिषेक,शुभम, अनिल, प्रवीण को गिरफ्तार कर लिया।




मुजफ्फरनगर: विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा करते बसपा के पदाधिकारी।

## बसपा ने विधानसभा चुनाव को लेकर की बैठक

**मुजफ्फरनगर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने आगामी विधानसभा चुनावों और संगठनात्मक मजबूती को लेकर अपनी सक्रियता तेज कर दी है। मंगलवार को नगर के महावीर चौक स्थित बसपा कार्यालय पर सहारनपुर मंडल स्तरीय एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से आगामी 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने और वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की रणनीतियों पर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पार्टी के केंद्रीय मुख्य सेक्टर प्रभारी रणधीर सिंह बेनीवाल और राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्य मंडल प्रभारी मुनकाद अली ने कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा। इसके लिए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष आनंद प्रकाश ने जयंती समारोह की तैयारियों की समीक्षा की और विभिन्न पदा. धिकारियों को उनके क्षेत्रों की जिम्मेदारियां सौंपीं। इस अवसर पर सहारनपुर मंडल के विभिन्न जिलों के अध्यक्ष, मंडल जोन प्रभारी, विधानसभा प्रभारी और भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।




मुजफ्फरनगर: आर्य समाज मंदिर के पदाधिकारी ज्ञापन देते हुए।

## नए एसपी सिटी ने कचहरी की सुरक्षा व्यवस्था को परखा

■ **अधीनस्थों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस अधीक्षक नगर ने कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रखने हेतु कचहरी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए पुलिसबल को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रखने हेतु पुलिस अधीक्षक नगर अमृत जैन द्वारा कचहरी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

इस दौरान उन्होने द्वारा कचहरी परिसर में चेकिंग की गयी साथ ही द्वारा कचहरी परिसर में स्थित सुरक्षा उपकरणों व सीसीटीवी कैमरों आदि को भी चौक किया गया। उन्होने ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने, हर छोटी-बड़ी सूचना की जानकारी उच्चाधिकारीगण को देने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया तथा उपस्थित लोगों से कोई भी संदिग्ध व्यक्ति / वस्तु दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की गयी ।

# तहसील में धरने के बीच भाकियू(अ) के नेता पर लगाए आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंगलवार को सदर तहसील में भाकियू (अ) का धरना चल रहा था। इसी बीच धरने के पास पहुंचे व्यक्ति ने एक किसान नेता पर गंभीर आरोप लगाने शुरू कर दिए। उक्त व्यक्ति आरोप पर आरोप लगाता गया और लोगों की भीड बढ़ती गई। एक तरफ धरना दे रहे किसानों की भीड थी और उससे कई ज्यादा तहसील आए लोगों की भीड़ हो गए। या यूं कहा जाए कि तमाशग. ीन यह जानने का प्रयास कर रहे थे कि मामला क्या है? सामने वाला व्यक्ति किसान नेता पर उगाही जैसे गंभीर आरोप लगा रहा था जिसके बाद दोनो ओर से कहा. सुनी, गहमागहमी शुरू हो गई। धीरे-धीरे माहोल तनावपूर्ण बन गया। जब यह मामला बढ़ने लगा तो पदाधिकारियों ने बीच में आकर दोनो पक्षों को शांत किया। जैसा की लोगों का कहना है कि चरथावल थाना क्षेत्र के गांव नंगला रेई निवासी व्यक्ति ने किसान नेता पर आरोप लगाए थे। औरउक्त व्यक्ति एसडीएम कार्यालय के बाहर चल रहे धरने के बीच ही पहुंच गया और हंगामा करते हुए खुलेआम भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर लोगों में हडकंप मचा दिया। आरोप लगाने वाले संजय कुमार का कहना था कि ग्राम नंगला रेई में गैस प्लांट का निर्माण कार्य चल रहा है जिसके लिए उन्होने सभी अनुमति प्राप्त कर रखी है और कार्य ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा हे शिकायतकर्ता संजय कुमार का आरोप है कि किसान नेता ने कार्य में बाधा डाली। और शिकायत दर्ज कराई और ट्रैक्टर-ट्रॉली और मशीन को भी पकडवा दिया। शिकायत कर्ता ने बताया कि बाद में मशीने भी छोड दी गई थी और कार्य भी शुरू हो गया, लेकिन शिकायत कर्ता किसान नेता पर दबाव बनाने ठेका निरिस्त करने की चेतावनी देने का भी आरोप लगाता रहा। सच क्या है यह तो किसान नेता और शिकायतकर्ता ही जाने, लेकिन लाखों रूपये की अवैध मांग का आरोप भी लगाया गया। जब मामला बढ़ता गया और भीड इकट्ठा हो गई तो पदाधिकारियों ने दोनो को समझाया, लेकिन शिकायतकर्ता ने एक बार फिर कहा कि उस से धमकी देकर अवैध रूप से मांग की जा रही है। शिकायतकर्ता का कहना था कि जिस प्लांट को वह लगा रहा है उससे गांव में गैस पहुंचेगी और युवाओं को रोजगार भी मिलेगा, लेकिन किसान नेता उनका उत्पीडन करने पर लगा हुआ है। शिकायत कर्ता ने कहा कि किसान नेता के फोन की डिटेल की जांच होनी चाहिए तभी सच्चाई सामने आएगी। इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

## बाइक में टक्कर मारकर कार सवारों ने की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** कार की टक्कर के बाद हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया, ककरौली थाना क्षेत्र के गांव ढंआसरी निवासी नय्यर आजम ने दी तहरीर में बताया कि बीते 5 अप्रैल की शाम वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ बाइक द्वारा गांव सम्भलहेड़ा में आयोजित शादी में जा रहे थे । जैसे ही वह जटवाड़ा चौराहे पर पहुंचे, पीछे से तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

टक्कर के बाद विरोध करने पर कार सवार लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे पीड़ित और उसके परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी लाला पुत्र सुक्का महताब पुत्र सलीम सलीम पुत्र नियादर निवासी जटवाड़ा सहित एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।




मुजफ्फरनगर: सपा कार्यालय पर बैठक करते सपा के पदाधिकारी।

# विवाहिता ने नदी में कूदकर किया आत्महत्या का प्रयास

## दानिश मंसूरी ने फिल्मी स्टाइल में बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मंगलवार की सायं एक विवाहिता आत्महत्या करने के इरादे से हिंडन नदी में कूद गयी। यह तो गनीमत रही कि उसको वहीं से गुजर रहे एक युवक ने देख लिया और फिल्मी स्टाइल में नदी में कूदकर काफी मशक्कत के बाद उसकी जान बचाई।

परिजन उसको समझा बुझाकर अपने साथ में घर ले गये। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सायं लगभग पांच बजे लगभग 23 साल की एक विवाहिता बुढ़ाना कस्बे के हिंडन नदी पुल के पास संदिग्ध अवस्था में इधर उधर टहल रही थी। तभी अचानक से उसने हिंडन नदी के गंदे पानी में छलांग लगा दी। तब उसको पास में ही रहने वाले दानिश मंसूरी पुत्र सलामत और समीर पुत्र युसुफ सिद्दीकी नेध्देख लिया और उसे बचाने के उद्देश्य से खुद भी नदी में फिल्मी स्टाइल में छलांग लगा दी। इसी दौरान आसपास से गुजर रहे लोगों ने यह देख लिया तो वहां पुराने पुल पर भीड़ जमा हो गयी। उधर दानिश, समीर और रुवेज सिद्दीकी आदि ने उसे बड़ी मुश्किल से समझा बुझाकर बाहर निकाला। इसी दौरान उसे तलाश करते करते उसके परिजन और ससुरालिए भी मौके पर आ गये और विवाहिता को समझा बुझाकर अपने साथ में ले गये। विवाहिता ने अपने परि. जनों के आने से पहले मौजूद भीड़ को बतलाया कि उसका पति उस पर शक करता है और उसको प्रताड़ित करता है। इस मामले की सूचना पुलिस को बाद में मिली जब वो अपने परिजनों के साथ में चली गयी। इस मामले में फिलहाल पुलिस को कोई भी तहरीर विवाहिता की तरफ से नहीं मिल पाई थी। विवाहिता बुढ़ाना कस्बे की बताई गयी है।

## भांजी के बीमार पति से इलाज के नाम पर 11 लाख ठगे, मुकदमा

**मुजफ्फरनगर।** कभी-कभी ऐसे मामले सामने आ जाते है जो लोगों के दिल को जझकौर कर रख देते है अब रूपयों की खनक के आगे रिश्तेनाते भी दरकिनार हो जाते है। और कुछ लोग अपनों को ही लूटने से पीछे नहीं हट रहे। ऐसा ही मामला सामने आया है जहां मामा मामी ने भांजी के बीमार पति के इलाज के नाम पर ग्यारह लाख रूपये ठग लिए।

पचेंडा रोड स्थित अंकित विहार कालोनी निवासी आश्रुता चौधरी ने नई मंडी थाने पर दर्ज कराए मुकदमे में कहा कि उसके पति हर्ष राठी बीमार चल रहे थे। हरियाणा के गुरुग्राम निवासी उसकी मामी लीना राठी पत्नी अनंत कुमार ने झांसा दिया कि उसकी मेंदाता हास्पिटल में जान-पहचान है। उसके पति का बेहतर उपचार करा देगी। इसके लिए हर्ष राठी की सभी चिकित्सकीय रिपोर्ट मंगवाकर जांच कराई। इसके बाद लिवर खराब बताते हुए हर्ष के आपरेशन के लिए 24 लाख रुपये का खर्च बताया। आरोप है कि मामी लीना ने खाते से 07 लाख रूपये ट्रांसफर कराए और पांच लाख नगद लिए, लेकिन अस्पताल में पैसा जमा नहीं किया। जिसके चलते आपरेशन में देरी हुई और दूसरे स्तर से धनरा. शि का प्रबंध करके आपरेशन कराया गया। आरोपित मामा और मामी ने 12 लाख रुपये हड़प लिए और लौटाने के नाम पर मात्र एक लाख रुपये दिए।

## महिलाओं के साथ छेड़छाड़ व मारपीट मामले में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** देर शाम शादी समारोह से लौट रही महिलाओं के साथ छेड़छाड़ व भोकरहेड़ी-मोरना मार्ग पर ई रिक्शा से खींचकर सरेआम मारपीट की घटना के बाद पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला नई बस्ती में रविवार को शहज़ाद मिरासी की बेटी की शादी सम्पन्न हुई।देर शाम मुज़फ्फरनगर के कूकड़ा गांव निवासी महमान ई रिक्शा द्वारा वापस घर लौट रहे थे।आरोप है कि कुछ युवकों ने महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की जिसका विरोध करने पर कहासुनी हो गयी।आरोप है कि मोरना मार्ग पर गांव छछरौली में खेल मैदान के सामने पीछे से आये बाइक सवारों ने ई रिक्शा में सवार व्यक्तियों को खींच लिया।तथा मारपीट शुरू कर दी।मैदान में खेल रहे युवकों द्वारा पीड़ितों की जान बचाई गयी।मारपीट में दो व्यक्ति घायल हो गए।गम्भीर हालत में घायलो को जिला चिकित्सालय रैफर किया गया था पीड़ित पक्ष ने आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया की अरोपी सुमित पुत्र लाला,कार्तिक ,अभिषेक पुत्रगण राजेश,हाथी पुत्र जयभगवान,प्रिंस पुत्र जितेन्द्र व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

# इंस्टाग्राम पर धमकी देकर तुड़वाई शादी, दो आरोपी गिरफ्तार

■ **शादी करने पर दी थी धमकी, लड़का पक्ष में था खौफ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** सोशल मीडिया का दुरुपयोग करते हुए एक युवती की शादी तुड़वाने के मामले में खतौली पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को नवीन मंडी स्थल के सामने चे. कंग के दौरान दबोचा।

थाना प्रभारी दिनेश चंद बघेल के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने कार्रवाई करते हुए ग्राम चांदसमंद निवासी नितेश और सुमित को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद दोनों का चालान कर दिया गया।

पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने इंस्टाग्राम के माध्यम से युवती के होने वाले पति को धमकी भरे संदेश भेजे थे। उन्होंने शादी न करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। इन धमकियों से घबराकर लड़के पक्ष ने रिश्ता तोड़ दिया। मामले में पीड़िता के भाई संजय ने 3 अप्रैल को थाना खतौली में शिकायत दर्ज कराई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आईटी एक्ट की धारा 66-डी और बीएनएस की धारा 351(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

जांच में सामने आया कि आरोपियों और पीड़िता के परिवार के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही थी, जिसके चलते यह साजिश रची गई। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल करते हुए भविष्य में ऐसी हरकत न करने की बात कही। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक आकाश शर्मा, महिला उप निरीक्षक खुशबू कुमार, महिला कांस्टेबल रश्मि और हेड कांस्टेबल जितेंद्र सिंह शामिल रहे।

## 13 अप्रैल को सीएम योगी व केंद्रीय मंत्री करेंगे बृहद रोजगार मेले का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** मेरठ रोड स्थित लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस में आगामी 13 अप्रैल को प्रस्तावित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथएवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की जनसभा को ऐतिहासिक, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 अप्रैल को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में बृहद रोजगार मेले का शुभारंभ किया जाएगा, जिसके माध्यम से स्थानीय युवाओं को बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह जनसभा युवाओं के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगी और क्षेत्र में रोजगार सृजन को नई गति प्रदान करेगी। बैठक में लोकदल से मंत्री अनिल कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, लोकदल जिलाध्यक्ष संजय राठी, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, लोकदल क्षेत्रीय मंत्री तिरसपाल मलिक, प्रभात तोमर, पूर्व चेयरमैन डॉ. सुभाष शर्मा, अमरनाथ पाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रतिनिधित्व देकर बाबू जगजीवनराम के सपनों का भारत बनाएं: जगबीर

**बुढ़ाना।** एआईसीसी में बाबू जगजीवन राम जी की 119वीं जयंती मनाने के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजिंदर गौतम चेयरमैन एससी सेल तथा कुरुक्षेत्र के पूर्व सीएमओ और कांग्रेस एससी एसटी सेल उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव डॉक्टर जगबीर सिंह ने कहा कि बाबू जग जीवन राम जी एक महान नेता थे। जिन्होंने देश की स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी से अपील की कि वे चमार जाति को अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व दें और उनके अधिकारों की रक्षा करें। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने बाबू जगजीवन राम जी के जीवन और कार्यों को याद किया और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। अंत में बाबू जगजीवन राम जी के परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया गया।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दम्पति घायल

**छपार।** हाइवे पर एक ट्रक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी बाइक सवार गंभीर घायल हो गया जबकि उसकी पत्नी को मामूली चोट लगी। घायल के साले ने ट्रक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जनपद हरिद्वार थाना लक्सर के गांव इस्माईलपुर निवासी विजयपाल दो अप्रैल को अपनी पत्नी रजनी को लेकर अपनी ससुराल गांव लुहारी खुर्द थाना चरथावल बाइक से जा रहा था जब वह छपार पहुंचा तो पीछे से तेजगति से आये ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे विजयपाल को गंभीर चोटें आई। जिला अस्पताल से उसको रैफर करदिया गया। घायल के साले विकास ने ट्रक के विरुद्ध थाने में मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह , दस्तावेजों में गंभीर त्रुटि आई सामने

**मीरापुर।** नगर पंचायत में नामित सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह से ठीक पहले एक बड़ी एक नामित सभासद के नाम में त्रुटि सामने आने से कार्यक्रम को स्थगित करना पड़ा। जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं, लेकिन दस्तावेजों में पाई गई एक गंभीर त्रुटि ने पूरे आयोजन पर विराम लगा दिया। 7 अप्रैल को प्रस्तावित इस शपथ ग्रहण समारोह में अरुण शर्मा, अशोक सैनी और अभिषेक चौधरी को नामित सभासद के रूप में शपथ दिलाई जानी थी। इसके लिए मीरापुर स्थित प्रजापति धर्मशाला में सुबह 10 बजे का समय निर्धारित किया गया था। कार्यक्रम स्थल पर नगर पंचायत अध्यक्ष जमील अहमद और अधिशासी अधिकारी नीलम पांडे सहित अन्य अधिकारी भी पहुंच चुके थे और आयोजन शुरू होने ही वाला था। इसी बीच दस्तावेजों की अंतिम जांच के दौरान अधिशासी अधिकारी को अभिषेक चौधरी के पिता के नाम में त्रुटि नजर आई। मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत इसकी सूचना उप जिलाधिकारी जानसठ राज. कुमार भारती को दी गई। उन्होंने इस गलती को गंभीर मानते हुए तत्काल प्रभाव से कार्यक्रम को रोकने और दस्तावेजों को सही कराने के निर्देश दिए। प्रशासनिक नियमों के अनुसार किसी भी शपथ ग्रहण से पहले सभी अभिलेखों का सही होना अनिवार्य होता है। ऐसे में कोई भी त्रुटि आगे चलकर कानूनी विवाद का कारण बन सकती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए शपथ ग्रहण समारोह को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष जमील अहमद ने बताया कि जिलाधिकारी से दोबारा आदेश मिलने के बाद ही नई तिथि तय की जाएगी। वहीं अभिषेक चौधरी ने स्पष्ट किया कि उनके पिता का सही नाम सतेंद्र कुमार है, जबकि गलती से जितेंद्र कुमार दर्ज हो गया था। उन्हे राष्ट्रीय लोकदल पार्टी की ओर से नामित किया गया है।

# चिल्ड्रन एकेडमी में स्वास्थ्य दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा में स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर पांचाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है, इसलिए सभी को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को जंक फूड से दूर रहने तथा पौष्टिक भोजन अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विद्यालय की उप प्रधानाचार्या सान्या निगम ने भी बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि नियमित योग, पर्याप्त नींद और स्वच्छ वातावरण अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने और दैनिक जीवन में सकारात्मक आदतों को अपनाने की सलाह दी।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित पोस्टर प्रस्तुत किए गए तथा शिक्षकों ने भी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अंत में सभी विद्यार्थियों ने स्वस्थ रहने और दूसरों को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। विद्यालय में पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा।

## बैंक में दो सप्ताह से 'नो कैश '

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** पंजाब नेशनल बैंक शाखा में पिछले करीब दो सप्ताह से कैश की किल्लत बनी हुई है। जिससे क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बैंक में कैश न होने से रोजमर्रा के जरूरी काम प्रभावित हो रहे हैं। बैंक ग्राहकों में आक्रोश पनपा हुआ है। बैंक में ऐसे हालात बन गए हैं कि लोगों को नोटबंदी के समय की स्थिति की याद सताने लगी है।

आज बैंक शाखा पर सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ जुटी रही, लेकिन कैश उपलब्ध न होने के कारण अधिकांश लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 10 से 15 दिनों से लगातार यही स्थिति बनी हुई है। लोग दूर-दराज के गांवों से किराया खर्च कर बैंक पहुंचते हैं, लेकिन नकदी न मिलने से उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। ग्राहकों के अनुसार, कई परिवार ऐसे हैं जिन्हें दवाइयों के लिए तत्काल पैसों की जरूरत है, वहीं कुछ लोगों के घरों में शादी-विवाह जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम हैं। इसके बावजूद बैंक से कैश न मिलने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि एटीएम भी अधिकतर समय खाली पड़े रहते हैं, जिससे समस्या और गंभीर हो गई है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही व्यवस्था नहीं सुधरी तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# जरूरतमंद वैश्य परिवारों को दी 2.20 लाख की सहायता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वैश्य इंटरनेशनल एसोसिएशन के मुजफ्फरनगर चैप्टर ने समाज सेवा के तहत दो जरूरतमंद वैश्य परिवारों को कुल 2.20 लाख की आर्थिक मदद दी। जानसठ रोड स्थित वर्धमान हॉस्पिटल में हुए कार्यक्रम में हरिद्वार के गोयल परिवार की बेटी की गंभीर बीमारी के इलाज और आपातकालीन सर्जरी के लिए 1.80 लाख दिए गए। वहीं मुजफ्फरनगर के सिंघल परिवार के बेटे को आगे की पढ़ाई पूरी करने के लिए 40,000 की मदद दी गई। इस मौके पर मुजफ्फरनगर चैप्टर के अध्यक्ष भारत अग्रवाल, चेयरमैन पंकज अग्रवाल, संरक्षक सुरेंद्र अग्रवाल, टप के नेशनल कोऑर्डिनेटर दीपक सिंघल और महिला निद.शक प्रियंका गुप्ता सहित पियूष अग्रवाल, आकाश बंसल, एस.पी. गोयल, परवीन गोयल और राजन अग्रवाल सहित कई सदस्य और वैश्य समाज के लोग मौजूद रहे। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि वैश्य इंटरनेशनल एसोसिएशन (वीआईए) का मुख्य उद्देश्य वैश्य अग्रवाल समाज के जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की मदद करना है। संस्था स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य जरूरी कामों में सहयोग देकर समाज को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार काम कर रही है।

# त्रिवेणी शुगर मिल का बड़ा कदमः किसानों के खातों में पहुंचे 29.29 करोड़ रुपये

**खतौली।** त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की शुगर यूनिट खतौली ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए गन्ना भुगतान की प्रक्रिया को तेज किया है। मिल द्वारा 21 से 27 मार्च के बीच खरीदे गए गन्ने का 29.29 करोड़ रुपये का भुगतान गन्ना समितियों के जरिए सीधे किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया है। यूनिट हेड डॉ. अशोक कुमार सिंह के अनुसार, चालू पेराई सत्र में अब तक कुल 748.98 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य किसानों को अदा किया जा चुका है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे साफ और ताजा गन्ना ही मिल में आपूर्ति करें और एसएमएस प्राप्त होने के बाद ही कटाई करें, जिससे भुगतान प्रक्रिया सुचारु और तेज बनी रहे। मिल प्रशासन ने किसानों को सलाह दी कि जिनके खेतों में बेसिक सटे से अधिक गन्ना खड़ा है, वे सर्वे कराकर अतिरिक्त पर्चियां प्राप्त करें और पूरा गन्ना मिल को ही दें, ताकि उनका कोटा बढ़ सके और भुगतान समय पर मिल सके।

बसंतकालीन बुवाई के लिए को-15023, को-16202 और को-0118 प्रजातियों को अपनाने की सलाह दी गई है, जबकि को-0238 प्रजाति से बचने को कहा गया है, क्योंकि इसमें रोग संक्रमण की संभावना अधिक है।

फसल सुरक्षा के तहत पेड़ी गन्ने की बेहतर पैदावार के लिए ठूंठ पर लिमिडक्लोप्रिड, ईथरल और हैक्सास्टॉप के छिड़काव की सलाह दी गई है।

साथ ही टॉप बोरर से बचाव के लिए प्रति एकड़ 250 लीटर पानी में 250 मिलीलीटर लिमिडक्लोप्रिड घोलकर छिड़काव करने की बात कही गई है। डॉ. सिंह ने कहा कि किसानों का हित और सम्मान मिल की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसी दिशा में सभी प्रयास किए जा रहे है।

# पूर्व सभासद बिजेन्द्र पाल के निधन पर नगर में शोक

**मुजफ्फरनगर।** मोक्ष धाम परोपकारी समिति जनक पुरी के अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महासचिव, श्रीराम लीला शक्ति क्लब के अध्यक्ष व पूर्व सभासद बिजेंद्र पाल का आज दोपहर 2:05 पर निधन हो गया वह लगभग 60 साल के थे। पिछले महीने ही डॉक्टर ने उन्हें पैंक्रियाज कैंसर के बारे में बताया था जिसका मेरठ के एक कैंसर हॉस्पिटल से उपचार भी चल रहा था। राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल पूर्व मंत्री संजीव बालियान, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, विधायक मिथिलेश पाल के पति अमरनाथ पाल भाजपा नेता राजीव गर्ग, ठाकुर अरुण सिंह, सभासद राजीव शर्मा



मनोज वर्मा, मोहम्मद खालिद, हिमांशु कौशिक, भाजपा नेता गौरव स्वरूप के पुत्र कार्तिक स्वरूप सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं ने उनके आवास पर जाकर दुख जताया राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि बिजेंद्र पाल का जाना समाज की अपूर्णीय क्षति है प्रभु उनको अपने श्री चरणों में स्थान दें व उनके परिजनों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें । विजेंद्र पाल तीन बार नगर पालिका परिषद के सभासद रह चुके हैं तथा उनकी पत्नी कुसुम लता पाल नगर पालिका की सभासद है वह अपने पीछे तीन पुत्र और भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। विजेंद्र पाल भाजपा के जिला उपाध्यक्ष भी रहे हैं तथा उन्होंने अपनी कार्य कुशलता मृदु भाषित तथा कर्मठता से पार्टी में विशिष्ट स्थान प्राप्त किया, लेकिन शीर्ष नेताओं की अंदरूनी राजनीति के चलते वह जिला अध्यक्ष नहीं बन पाए।

# एक शाम शायर नज्म मुज़फ्फरनगरी के नाम

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के सम्मान में,,एक शाम नज्म मुजफ्फरनगरी के नाम,, का ऐतिहासिक एवं भव्य आयोजन तमाम शायर हजरात द्वारा कराया गया

गुज़िशता शब हमीदिया लिटरेरी क्लब व अन्जुमन मुहिबान उर्दू की जानिब से एक अज़ीम मुशायरा मुनअकि़द किया गया, अन्तर्राष्ट्रीय शायर नज्म मुज़फ्फरनगरी के ऐज़ाज़ में डा. इलयास अलम, अनवर साबरी की कन्विनरशिप में मुशायरा मुनअकदि किया गया जिसकी सदारत सीनियर शायर सुलेमान आदिल ने की, और निज़ामत अनवर साबरी ने की, नज्म मुज़फ्फरनगरी को महमाने ख़ुसूसी मारूफ़ सहाफ़ी एडवोकेट अहमद रज़ा और सज्जादानशीन शोयब रहमानी के हाथों से शाल उढ़ा कर और गुल पोशी कर इस्तकबाल किया गया । मुशायरा का आग़ाज़ रात 9 बजे शुरू हो कर सुबह 4 बजे इख़्तेताम बज़ीर हुआ। यक़ीन केसे दिलाऊं तुम्हें वफ़ाओ का, ख़ुद अपना क़त्ल करो सर उतार कर रख दो, सुलेमान आदिल, ऐ फ़र्क गरया पैहम है।

## 50 गेहूं क्रय केंद्र स्वीकृतः डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर ने रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा क्रय एजेंसी खाद्य विभाग, पीसीएफ एवं भारतीय खाद्य निगम सहित कुल 50 गेहूं क्रय केंद्रों को स्वीकृति प्रदान की गई है।

कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम जसजीत कौर ने बताया कि शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत गेहूं क्रय के लिए विगत वर्ष की तुलना में प्रति कुंटल रुपया 160/- की वृद्धि की गई है, इस वित्तीय वर्ष में 2585 रुपए प्रति कुंटल गेहूं क्रय किया जाएगा।

# भोकरहेड़ी में नामित सभासदों का हुआ भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** नगर पंचायत भोकरहेड़ी में तीन नामित सभासदों को उप जिलाधिकारी द्वारा पद एवं कर्त्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई गयी।

नामित सदस्यों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। नगर पंचायत भोकरहेड़ी में मंगलवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जहां तीन व्यक्तियों को शासन द्वारा नामित सभासद बनाया गया है।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष व पूर्व प्रत्याशी रहे रविंद्र वाल्मीकि राष्ट्रीय लोकदल के नगर अध्यक्ष ललित कुमार सहरावत, भाजपा युवा नेता हाजीपुर निवासी संजीव कुमार कश्यप को एडीएम राज. कुमार भारती द्वारा शपथ दिलाई गयी।इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी मनीष कुमार वर्मा, नगर चेयरपर्सन सरला देवी वामन, चन्द्रमा ब्रह्मचारी, लिपिक संजीव कुमार शील, मण्डल अध्यक्ष अरुण कुमार, प्रधानाचार्य पंकज माहेश्वरी, रविन्द्र बेनीवाल, अफ़ज़ल काज़ी, शुभम वर्मा, सुभाष, सतीश,भूपेन्द्र वाल्मीकि आदि मौजूद रहे। नामित वार्ड सभासदों का फूल मालाओं के साथ ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया।

# समस्याओं के समाधान को लेकर धरना

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली तहसील में मंगलवार को किसानों का आक्रोश उस समय खुलकर सामने आया, जब भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के बैनर तले बड़ी संख्या में किसान धरना-प्रदर्शन के लिए एकत्र हुए।

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसानों ने उप जिलाधिक.ारी को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द समाधान की मांग की और चेता.वनी दी कि अनदेखी होने पर आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। किसान नेता सुमित कुमार के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री अभियान की खामियों को प्रमुख मुद्दा बताया। उनका कहना था कि तहसील बुढ़ाना क्षेत्र में खतौनी संबंधी त्रुटियों और हिस्सेदारी की गलतियों के कारण कई किसान पंजीकरण से वंचित रह जा रहे हैं। किसानों ने मांग की कि गांव-गांव चौपाल लगाकर इन समस्याओं का समाधान किया जाए और इसके लिए एक तय रोस्टर जारी किया जाए। इसके अलावा किसानों ने दाखिल-खारिज और विरासत दर्ज करने की प्रक्रिया को समयबद्ध करने की भी मांग उठाई। उनका कहना था कि ये कार्य 13 दिन के भीतर पूरे किए जाएं, ताकि किसानों को अनावश्यक चक्कर न काटने पड़ें। साथ ही लेखपालों के कार्यों में बाहरी दखल को लेकर भी नारा.जगी जताते हुए इस पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान स्मार्ट मीटर को लेकर भी ग्रामीणों में असमंजस और विरोध देखने को मिला। किसानों ने फिलहाल इस योजना को रोकने की मांग रखी। वहीं नकली खाद, बीज और कीटनाशकों की बिक्री पर रोक लगाने तथा हाल ही में बेमौसम बारिश से हुई फसल क्षति का मुआवजा देने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी इण्टरमीडिएट 2015 का प्रमाण पत्र जिसका अनुक्रमांक 0489252 है वास्तव में कहीं गुम हो गया है। जिसका अन्य द्वारा प्रयोग अवैध होगा।

**जीवन कुमार पुत्र पप्पू**
**हरसौली, जिला मुजफ्फरनगर।**

# एसडी मैनेजमेंट में डिजिटल इंडिया की दी गई जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुजफ्फरनगर में सेल के अंतर्गत ब्रेनिऑक्स क्लब द्वारा एक अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं समसामयिक गति. विधि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों को डिजिटल भारत की अवधारणा, तकनीकी प्रगति तथा भविष्य के प्रबंधकों की भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल एवं बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक संजय शर्मा रहे। उन्होंने इस विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छात्रों को डिजिटल इंडिया मिशन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया।

उन्होंने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि किस प्रकार भारत में डिजिटल क्रांति ने प्रशासन, शिक्षा, बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवाओं और व्यापार के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन लाए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि डिजिटल युग में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रैक्टिकल नॉलेज और तकनीकी दक्षता भी उतनी ही आवश्यक है। छात्रों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स, डिजिटल टूल्स और सॉफ्टवेयर का नियमित




अभ्यास करना चाहिए, जिससे वे उद्योग की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकें। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के दौर में टीमवर्क, कम्युनिकेशन स्किल्स और समस्या समाधान क्षमता भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि एक सफल मैनेजर वही होता है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने स्कूल चलो अभियान का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.वीरपाल निर्वाल ने भोपा में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत निकाली गयी रैली का शुभारंभ झंडी देकर किया। भोपा में स्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर मंगलवार को स्कूल चलो अभियान रैली का जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल द्वारा हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया गया। केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार द्वारा प्राथमिक शिक्षा को बेहतर बनाने के लिये स्कूलों का कायाकल्प किया गया है।प्राथमिक विद्यालय में पढ़ें युसुफपुर के छात्र रोहित कुमार ने बड़ी सफलता प्राप्त की है।शिक्षा के माध्यम से समाज मे




जागरूकता सम्भव है।जागरूक समाज ही उन्नति और प्रगती करता है।

शिक्षा को प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के लिये सहयोग की भावना से काम करना होगा। इस अवसर पर कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी ध्यानचन्द व शर्मिल राठी अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, कपिल वर्मा, रामकुमार,अंजू चौधरी,पूनम रानी आदि शामिल रहे।

**सूचना**

मेरी पुत्री सारिका उम्र 21 वर्ष मेरे कहने सुनने में नही है मेरा व मेरे परिवार काकहना नहीं मानती है वह बिना बताए कहीं चली गई है उसकी मनमानी से परेशान होकर मैने व मेरे पूरे परिवार ने उससे सभी प्रकार के संबंध समाप्त कर लिए है। वह अपने द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्य की स्वयं जिम्मेदार होगी।

**शराफत पुत्र लतीफ**
**निवासी-किदवाईनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

में असगर पुत्र मुन्शी निवासी मौ. नई बस्ती कस्बा बुढाना थाना व तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। मैंने अपने पुत्र जरीफ व उसकी पत्नी हुस्नो को बीते 22 जुलाई सन 2016 को अपनी चल और अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था। इस बेदखली को उसने एक समाचार पत्र दैनिक हिंदुस्तान में पब्लिश कराया था। अब मेरा पुत्र जरीफ अपने परिवार सहित मेरे संग ठीक ठाक रह रहा है और मेरी सेवा भी कर रहा है। जिस कारण में आज अपने द्वारा बीती 22 जुलाई सन 2016 को जरीफ की कि गई बेदखली को निरस्त करता हूं। अब जरीफ मेरी सम्पत्ति में मेरी मृत्यु के बाद भी बराबर का ही हिस्सेदार रहेगा।

# वर्ल्ड हेल्थ दिवस पर श्रीराम ग्रुप में कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वर्ल्ड हेल्थ दिवस के अवसर पर श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के विभिन्न महाविद्यालयों में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्रीराम कॉलेज में हुये कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के निदेशक डॉ. अशोक कुमार व प्राचार्या डा0 प्रेरणा मित्तल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

दीप प्रज्वलन के पश्चात अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही समस्त सुख का मूल स्रोत है। लोगों को इसे सबसे बड़ा वरदान समझना चाहिए और इसका कभी भी दुरुपयोग नहीं करना चाहिए।




विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्लुएचओ विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर लोगों को वैश्विक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक करता है। इस कार्यक्रम मे बायोसाइंस विभाग एवं होम साइंस विभाग के विद्यार्थीयो के द्वारा इस थीम पर अपने विचार पावर पोइंट प्रजेनटेसन के माध्यम से प्रस्तुत किये गए ।

# बारिश से किसानों के चेहरों पर दिखा तनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/मीरांपुर/बुढ़ाना।** आज दोपहर के समय हुई हल्की बूंदाबांदी ने आखिर अप्रैल माह के पहले हफ्ते में ही मौसम में ठंडक पैदा कर दी। आसमान में घटा छाई रही और किसानों के चेहरे खौफजदा देखे गये। अगर देखा जाए तो इस बार आसमानी आफत ने किसानों का गणित ही बिगाड़कर रख दिया। गेहूं की पकी हुई फसल बारिश में गिर गई। अब बर्बाद फसल को देखकर किसान आसमान को निहार रहे हैं। अब दो दिन के बारिश के अलर्ट ने और ज्यादा परेशानी खड़ी कर दी है। पहले से भीगी हुई फसल सूख नहीं पाई अब फिर से बारिश का सामना करना होगा। किसान बेहद परेशान हो गए हैं। किसान आसमान को निहार रहा है। उपर वाले से बारिश ओलावृष्टि न करने की प्रार्थना की जा रही है। गेहूं की नमी के चलते किसान दुखी हैं। किसानों के पास कटी फसल को रखने का कोई इंतजाम भी नहीं है। कभी कभी हो रही इस बारिश ने गेहूं की फसल को बर्बाद कर दिया। किसानों की मांग है कि पकी फसल के नुकसान का सर्वे तहसील प्रशासन द्वारा कराया जाना चाहिए। किसानों की मुख्य फसल बर्बाद हो गई। अगर बारिश इसी तरह होती रही तो किसानों को इससे बहुत मोटा नुकसान होगा। अचानक से बदलते मौसम और लगातार हो रही बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाणपत्र सं 7045/08.08.2011 मे गलती से नाम राधे सैनी अंकित हो गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम वेदान्त सैनी (Vedant Saini) है। भविष्य मे इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**मनोज सैनी**
**पुत्र कंवरपाल सैनी**
**निवासी-गांधी कॉलोनी गली नं. 9, वर्मा पार्क,**
**मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित करता है मेरा पुत्र हासिम मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है इसकी गलत हरकतों से तंग व परेशान होकर मैने व मेरे अन्य परिजनों ने इसको अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इससे अपने समस्त पारिवारिक संबंध समाप्त कर लिए है यदि ये किसी से कोई लेनदेन, लडाई झगडा व कानूनी या गैर कानूनी कार्य करता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे अन्य परि. जनों की जिम्मेदारी किसी प्रकार नहीं होगी।

**हसन अली पुत्र रियासत अली**
**निवासी-ग्राम कुल्हेडी**
**थाना- चरथावल**
**जिला-मुजफ्फरनगर।**

**सूचना**

पहले मेरा नाम मुकर्रम अली (MUKARRUMALI) था। अब मैने अपना नाम MUKARRAM ALI (मुकर्रम अली) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**मुकर्रम अली पुत्र अब्दुल समी**
**निवासी-हाउस नम्बर 171, दधेड़ू कलां,जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश, 251001**

# छेड़खानी के आरोपित की जमानत मंजूर

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर क्षेत्र में किशोरी के साथ छेड़छाड़ के दोषी मदरसा के शिक्षक की न्यायालय ने जमानत मंजूर कर ली गई। बचाव पक्ष ने अपनी दलीलो में कहा कि आरोपी को षडयंत्र के तहत झूठा फसाया गया है और यह मामला मदरसे की भूमि पर अवैध कब्जा का है इसी को लेकर विवाद बना था। और कारी को इसमें फसाया गया है कोर्ट ने एक लाख के व्यक्तिगत बंधन पत्र के साथ दो प्रतिभू दाखिल करने के आदेश दिए हैं। बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल जिंदल ने बताया कि मंसूरपुर थाने पर एक महिला ने दिसंबर 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिसमें मदरसा के कारी फाजिल पर किशोरी के साथ अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ करने के आरोप लगाया था। पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर आरोपी कारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और वह तेरह मार्च से जेल में बंद है। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट के पीठासीन अधिकारी अलका भारती के न्यायालय में हुई। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने कहा कि मदरसा में ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। कारी फाजिल मदरसा में 15 वर्ष से शिक्षण कार्य कर रहा है। जिस दिन की घटना है, उस दिन मदरसे पर तालाबंदी थी। सुनवाई के बाद न्यायालय ने कारी की जमानत स्वीकृत कर एक लाख रुपये का व्यक्तिगत बंधन पत्र समेत दो प्रतिभू दाखिल करने के आदेश दिए हैं।

## परशुराम जन्मोत्सव के लिए संजय मिश्रा ने किया जनसम्पर्क

**मुजफ्फरनगर।** सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष संजय मिश्रा जी वैदिक युवा ब्राह्मण महासभा के सदस्य एवं मंत्रीगणों को 17 अप्रैल को भगवान परशुराम की शोभायात्रा में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया जिसमें अध्यक्ष पंडित अंकित वशिष्ठ जी ने संजय मिश्रा का बहुत आभार व्यक्त किया और सभी ब्राह्मणों के साथ 17 अप्रैल को भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा में उपस्थित होने का आश्वासन दिया।



# शाहपुर में नामित सभासदों का शपथ ग्रहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** नगर पंचायत कार्यालय परिसर में मंगलवार को एक गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शासन द्वारा नामित तीन सभासदख्रकपिल सैनी, अभिषेक चौधरी और सावंत नामदेव को उपजिलाधिकारी बुढाना कृष्णकांत ब्विकर्मा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में नगर और देहात क्षेत्रा के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम का महत्व और बढ़ गया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान के भाई विवेक बालियान, भाजपा पूर्व विधायक उमेश मलिक, रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी, कॉपरेटिव बैंक चेयरमैन ठाकुर रामनाथ सिंह, नगर पंचायत



अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी, वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी हाजी शाहिद त्यागी पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, युवा समाजसेवी तोहिद त्यागी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल सिंघल, सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि, सभासद और नागरिक मौजूद रहे। सभी ने नव-नियुक्त सभासदों का स्वागत करते हुए उनसे क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई। उपजिलाधिकारी ख्र ष्णकांत ब्विकर्मा ने शपथ दिलाते हुए कहा कि पद एवं गोपनीयता की शपथ केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनसेवा के प्रति एक गंभीर जिम्मेदारी है। उन्होंने नव-नामित सभासदों से पारदर्शिता, ईमानदारी और जवाब. देही के साथ कार्य करने का आह्वान किया। नए सभासदों ने भी जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने और क्षेत्र के विकास, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं तथा जनसमस्याओं के समाधान के लिए समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प लिया। यह आयोजन स्थानीय शासन में पारदर्शिता और सहभागिता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे न केवल प्रशासन और जनता के बीच ब्विास बढ़ेगा, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी नई गति मिलने की उम्मीद है। शाहपुर की जनता अब इन नव-नियुक्त प्रतिनिधियों से सकारात्मक बदलाव की आस लगाए बैठी है।

## मीरापुर में संदिग्ध रक्तदान शिविरों पर उठे सवाल, प्रशासन से जांच की गुहार

**मीरापुर।** कस्बे में अवैध रूप से संचालित हो रहे रक्तदान शिविरों को लेकर स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। इस संबंध में नागरिकों ने जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित कर ऐसे शिविरों की जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि कस्बे में समय-समय पर कुछ लोग बड़े-बड़े बैनरों के नाम पर रक्तदान शिविर आयोजित करते हैं, लेकिन इनकी कोई आधिका. रिक मान्यता या अनुमति नहीं होती। आरोप है कि ये लोग भोले-भाले नागरिकों को बहला-फुसलाकर उनका रक्त एकत्र करते हैं और बाद में उसे अन्य शहरों में जाकर अस्पतालो में बेच देते हैं।

# पीसीएस अधिकारी बने रोहित का रालोद नेताओं ने किया सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** पीसीएस अधिकारी बने युसुफपुर के रोहित कुमार का सम्मान राष्ट्रीय लोकदल के नेताओं द्वारा किया गया। जहां रोहित की प्रशंसा करते हुए युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने पर बल दिया गया।भोपा क्षेत्र के गांव युसुफपुर में प्रसिद्ध समाज सेवी विकास सहरावत के आवास पर मंगलवार को आयोजित सम्मान समारोह में पहुंचे रालोद के मण्डल अध्यक्ष प्रभात तोमर उर्फ गुढू भाई ने कहा कि आज गांव के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बना रहे हैं। साधारण परिवार में जन्मे रोहित ने अपनी लगन से अन्य युवाओं को भी उच्च शिक्षा के लिये प्रेरित किया है। रोहित कुमार की सफलता ने साबित कर दिया है कि कड़ी महनत के परिणाम हमेशा सुखद होते हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ अमित ठाकरान ने कहा कि रोहित कुमार के पीसीएस अधिकारी बनने पर सारे क्षेत्र को उन पर गर्व है अन्य युवाओं को भी उनसे प्रेरणा मिलेगी। विकास सहरावत ने कहा कि रोहित की सफलता पर प्रत्येक खुश है। गांव में शिक्षा परक माहौल बनाने के प्रयास जारी रहेगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से विभोर चौधरी,अक्षित चौधरी, आबाद फौजी, डॉ. उदयवीर सिंह, कपिल सहरावत, कविंद्र, अनुज सहरावत , अली मोहम्मद, रियाज बीडीसी , अमित बीडीसी, अनिल प्रजापति, सचिन सहरावत, ललित मदन सैन, प्रदीप ,सुरेंद्र ,रूबी, महक सिंह,कासिम, रिजवान, विनीत, धर्मेंद्र,आदि ने रोहित कुमार को माला पहनाकर उनका सम्मान किया।

# छात्राओं ने संभाली डीएम-एसएसपी की कुर्सी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आयोजित एक दिन की जिला. धिकारी कार्यक्रम में इस प्रतिष्ठित विद्यालय की सात मेधावी छात्राओं ने प्रशासनिक पदों की जिम्मेदारी संभालकर अपनी प्रतिभा, आत्मब्विास एवं नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस गौरवपूर्ण अवसर परकृ दिव्यांशी यादव कृ जिलाधिकारी , आरती कृ अपर जिलाधिकारी, प्रिया यादव कृ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एंजेल कपिल कृ सिटी मजिस्ट्रेट, मानसी वर्मा कृ मुख्य विकास अधिकारी, शगुन शर्मा कृ जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, श्रुति मचल कृ अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने न केवल प्रशासनिक कार्यप्रणाली को निकट से समझा, बल्कि जन समस्याओं के समाधान, निर्णय क्षमता एवं नेतृत्व कौशल का भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि नेतृत्व, संस्कार और आत्मनिर्भरता का सशक्त मंच भी है, जहाँ बालि. काओं को भविष्य के जिम्मेदार नागरिक एवं सक्षम नेतृत्वकर्ता के रूप में तैयार किया जाता है। उपस्थित अधिकारियों ने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास बालिकाओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में प्रेरणा प्रदान करते हैं। अंत में सभी छात्राओं को डिक्शनरी एवं पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# मुंबई में चमका सरताज अली का सितारा

## यूपी टेनिस क्रिकेट टीम की शान बढ़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव जौला के निवासी सरताज अली ने मुंबई में चल रहे टेनिस क्रिकेट मैच में बेहतरीन प्रदर्शन कर यूपी टेनिस क्रिकेट टीम की शान बढ़ाई है। सरताज अली ने 29 गेंद में 59 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कई विकेट भी झटके। इस शानदार प्रदर्शन के लिए सरताज अली को मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट इमर्जिंग प्लेयर का अवार्ड दिया गया और साथ ही उन्हें एक स्कूटी भी प्रदान की गई। आज जब वे अपने पैतृक गांव जौला में पधारे तो उनका जोरदार स्वागत किया गया और जोला तक रोड शो किया गया।

इस अवसर पर मुस्लिम राजपूत वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राव अब्दुल सत्तार, गांव के जिम्मेदार और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

सरताज अली के इस शानदार प्रदर्शन से गांव में खुशी का माहौल है और सभी ने उन्हें बधाई दी है। सरताज अली के पिता और परिवार के सदस्यों ने बताया कि वे अपने बेटे की इस उपलब्धि पर बहुत खुश हैं और उन्हें आगे भी इसी तरह प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेंगे। सरताज अली के समर्थकों ने भी उन्हें बधाई दी और कहा कि वे उनकी इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं। इस दौरान यहां पर उनके स्वागत में एडवोकेट गुलरेज राणा, फजर चौधरी, फरीद बाबा, दुल्ली राणा, अब्दुल मलिक, ताहिर ठेकेदार, भूरा राजपूत, ठाकुर ठाठ सिंह, रिज्जु राणा, गुफरी, आदिल और राव साहबान आदि ग्रामीण भी मौजूद रहे।




# तेज आवाज में डीजे बजाने वालों के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई

■ मानक से अलग हटकर डीजे की थी तेज आवाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कश्यप समाज की शोभायात्रा में शामिल डीजे संच. ालक शायद स्थानीय पुलिस और प्रशासनघ की चेतावनी को भूल गये थे तभी तो उन्होंने बीती देर रात कस्साबान पुलिया पर आते ही डीजे के वाल्यूम और भी बढ़ा दिए। इस बात की शिकायत उसी दौरानघ मस्जिद से नमाज पढ़ाकर अपने घर को लौट रहे एक पेश इमाम ने शाह टाइम्स से फोन पर की। हालांकि इस दौरान पुलिस बल भी मोजूद था तभी बुढ़ाना पुलिस ने भी कडा रुख अपनाते हुए तेज आवाज में डीजे बजाने वाले संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की। आरोप है कि डीजे के संचालक निर्धारित सीमा से अधिक ध्वनि में गाने बजाकर ध्वनि प्रदूषण फैला रहे थे। इस संबंध में पुलिस के अनुसार बार बार समझाने के बाद भी डीजे के संचालक बने हुए नियमों का खुला उल्लंघन कर रहे थे। इसके बाद बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज ललित कसाना ने मौके पर पहुंचकर सख्त कार्रवाई की। कस्बा इंचार्ज ने डीजे सिस्टम की फोटोग्राफी करवाई और ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले संचालकों के चालान काटे। अचानक हुई इस पुलिसिया कार्रवाई से डीजे संचालकों में हड़कंप मच गया तो अन्य डीजे संचालकों ने डीजे की आवाज धीमी कर दी। इस संबंध में स्थानीय पुलिस का साफ कहना था कि सार्वजनिक आयोजनों में ध्वनि प्रदूषण फैलाना कानूनन अपराध है। तय सीमा के अंदर ही ध्वनि का प्रयोग किया जाना चाहिए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। धार्मिक या सामाजिक कार्यक्रमों में भी कानून का पालन बहुत आवश्यक है। आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण रखना हम सबकी जिम्मेदारी बनती है।

# 3 लोगों पर लगाया महिला को भगाने का आरोप

**बुढ़ाना।** तीन लोगों पर दो बच्चों की मां को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने का आरोप पति ने लगाया है। विवाहिता अपनी ससुराल से ढाई लाख रूपये की नगदी और जेवरात भी अपने साथ में लेकर गयी है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए तीनों आरोपियों और विवाहिता की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव के ग्रामीण ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसकी शादी लगभग 05 साल पूर्व हरियाणा राज्य के एक थाना क्षेत्र में स्थित एक स्थान पर हुई थी। उसके 02 बच्चे भी हैं। दोनों बच्चे उसके पास ही हैं। बीती 02 अप्रैल की रात्रि करीब 11 बजे उसकी पत्नि को नितिश नाम का एक युवक अपने अन्य दो साथियों की मदद से बहला फुसलाकर ले गया है। उसकी पत्नि घर से ढाई लाख रूपये और घर की ज्वैलरी भी अपने साथ ले गई। पीडित ग्रामीण ने बुढाना पुलिस से अपनी गायब पत्नि की सकुशल बरामदगी और तीनों आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गायब विवाहिता और तीनों आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

# महर्षि कश्यप जयंती पर निकाली शोभा यात्रा

**बुढ़ाना।** महर्षि कश्यप जयंती के शुभ मौके पर बुढ़ाना कस्बे में बीती सोमवार की देर शाम भव्य शोभा यात्रा का आयोजन बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। डीजे और बैंड बाजों की धुनों के बीच निकली इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में रंग गया। शोभा यात्रा का शुभारंभ डॉक्टर सोनू कश्यप द्वारा किया गया। इससे पूर्व शंकर पैलेस में एक भव्य स्वागत समारोह आयोजित हुआ। जहां विभिन्न गांवों से आए कश्यप समाज के लोगों के साथ अन्य समाज के लोगों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर अतिथियों को पटका पहनाकर सम्मानित भी किया गया। यहां महर्षि कश्यप एकता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर सुशील कश्यप, मास्टर सीताराम कश्यप, डाक्टर शेखर कुमार, मुकेश कश्यप, अमित कश्यप, डाक्टर विशाल पाल, सचिन कश्यप, दीपक कश्यप, अनिल कश्यप, पप्पू कश्यप, गो. विंद कश्यप, संदीप कश्यप, प्रदीप कश्यप, त्रिभुवन कश्यप, बृजमो. हन कश्यप, सत्येंद्र कश्यप, नरेश कश्यप, मनमोहन कश्यप, शुभम कश्यप, धर्मपाल कश्यप, आदेश कश्यप, ओमपाल कश्यप, कुलद.



ीप कश्यप, श्याम कश्यप, मास्टर मोहन लाल कश्यप, सोनाराम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य प्रमोद कश्यप व सोनीराम कश्यप आदि मौजूद रहे। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड नगर ईकाई बुढाना के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल के प्रतिष्ठान पर पुष्प वर्षा की गई और उनके सम्मान में यहां सुरेन्द्र सिंघल, तनवीर कुरैशी, लाला बबलेश, लाला राजकुमार, मंचित, समीर कुरैशी, अमित गर्ग व आयुष गर्ग समेत कई व्यापारी मौजूद थे।

# अग्निशमन दल की टीम ने विद्यालय के बच्चों को दी जानकारी

■ बचाव के लिए बच्चों को बताए नियम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** वेदांता पब्लिक स्कूल सिखेड़ा में अग्निशमन दल' के अधिकारियों ने बच्चों को जानकारी देते हुए कहा कि यदि अचानक कहीं पर या कभी भी आग लग जाए तो हमें उस स्थिति में घबराना नहीं चाहिए बल्कि बहादुरी से उसका सामना करना चाहिए। उन्होंने बताया कि कोई भी अग्नि तीनों चीजों (हवा, ईधन और ऑक्सीजन) के संपर्क में आने से ज्यादा जलती हैं या कभी घर में रखे सिलेंडर में आग लग जाए तो उसे कैसे बुझाई जाए। फायर एस्ट्रीब्यूशन के द्वारा व गीले तोलिए के द्वारा बुझाई जा सकती है। बच्चों को और भी अग्नि बुझाने की जानकारी दी गई । आग एक रासायनिक अभिक्रिया है जो ऊष्मा और ईंधन के हवा में मौजूद ऑक्सीजन के साथ मिलने पर होती है। जिससे लपटें उत्पन्न होती हैं और प्रकाश तथा धुआं निकलता है । इस कार्यक्रम को समस्त वेदांता परिवार के विद्यार्थियों व अध्यापक गणों ने ध्यान पूर्वक सुना और उस पर कार्य करने की प्रेरणा ली।

# नामित सभासदों को एसडीएम ने दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** उत्तर प्रदेश शासन ने बीते 16 मार्च को बुढ़ाना कस्बे के 3 लोगों को नामित सभासद बनाया था। जिन्हें मंगलवार की दोपहर बुढ़ाना नगर पंचायत के परिसर में आयोजित एक समारोह में एसडीएम बुढ़ाना कृष्णकांत ब्विकर्मा के द्वारा सैंकड़ों गणमान्य नागरिकों की मोजूदगी में पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी। ये तीनों सभासद जोगेंद्र जाटव, कुणाल पंवार व विनीत शर्मा हैं। तीनों सभासदों ने अपने कर्तव्यों का निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करने का संकल्प लिया। यहां वक्ताओं ने नवनियुक्त सभासदों से अपेक्षा जताई कि वे जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करेंगे और विकास कार्यों को भी नई गति देंगे। समारोह में उत्साहपूर्ण माहौल रहा व नामित प्रतिनिधियों का भव्य स्वागत किया गया। तीनों सभासदों ने क्षेत्र के विकास और जनसेवा के प्रति निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। लोगों ने फूल मालाएं पहनाकर नामित सभासदों का स्वागत किया। जिससे पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल बन गया। यहां पूर्व विधायक उमेश मलिक, ईओ आलोक रंजन, लिपिक सतीश पंवार, भाजपा नेता विवेक बालियान, सभासद इमरानघ कुरैशी, सभासद गुलफाम खान, सहकारी बैंकों के सभापति ठाकुर रामनाथ, एलडीबी बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष बुढ़ाना ठाकुर मोनू सिंह कुरथल, शाहपुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रमेश सैनी, सत्यपाल सहरावत, मास्टर नाहर सिंह, सुरेंद्र सहरावत आदि लोग भी मौजूद रहे।



# अलीपुर अटेरना में लगाई गई शिक्षा चौपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** न्याय पंचायत अलीपुर अटेरना विकास खंड बुढ़ाना में शिक्षा चौपाल एवं स्कूल चलो अभियान का भव्य आयोजन शिव मंदिर के आंगन में किया गया। परिषदीय विद्यालयों में शत प्रतिशत उपस्थिति एवं बच्चों को निपुण करने की दिशा में शिक्षा चौपाल का अभियान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित है। बच्चों को बुनियादी शिक्षा देने एवं निपुण बनाने के लिए अभिभावकों की अध्यापकों के साथ सहभागिता आवश्यक है। इस शुभ अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की उपस्थिति, नामांकन में वृद्धि और शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना है। कोई भी शिक्षार्थी जो शिक्षा लेने के लिए पात्र है उस बच्चे का



नामांकन विद्यालय में कराया जाए और एक अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त प्राप्त की जाए। आयोजन को सफल बनाने में ग्राम प्रधान कलवा, पूर्व प्रधान विकास त्यागी, मुक्त राम, बाबू और सभी अभिभावकों की अहम भूमिका रही।

प्रोग्राम का शुभ आरंभ दीप प्रज्वल एवं सरस्वती वंदना से हुआ। गांव अलीपुर अटेरना, गांव बवाना एवं गांव खानपुर के छात्र छात्राओं ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति की। कार्यक्रम में एआरपी नरेश कुमार सैनी, रवि शंकर और नीरज आदि उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कैराना में एटीएस की छापेमारी से मचा हड़कंप

**- महिला समेत चार संदिग्ध हिरासत में।**
**-आईएसआई जासूसी नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका, कैराना व बरखंडी से पकड़े गए, मोबाइल व कॉल डिटेल खंगाल रही एजेंसियां।**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** अलसुबह कैराना में आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कैराना से तीन संदिग्ध लोगों के हिरासत में लिया है। इन पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने की आशंका जताई जा रही है। एटीएस की कार्रवाई के बाद जिले में हड़कंप मच गया और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं।

सूत्रों के अनुसार एटीएस की करीब 12 सदस्यीय टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर देर रात व अलसुबह एक साथ कई स्थानों पर दबिश दी। टीम ने कैराना क्षेत्र में छापेमारी करते हुए तीन युवकों को हिरासत में लिया, जबकि शामली शहर के बरखंडी मोहल्ले से एक महिला को पकड़ा हैं। कार्रवाई के दौरान स्थानीय पुलिस भी एटीएस के साथ मौजूद रही, हालांकि पूरे ऑपरेशन को बेहद गोपनीय तरीके से अंजाम दिया गया। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई हाल ही में गाजियाबाद में पकड़े गए एक संदिग्ध जासूस से मिले इनपुट के आधार पर की गई है। पूछताछ में कुछ अहम सुराग मिलने के बाद जांच एजेंसियों को शामली कनेक्शन की जानकारी मिली थी। इसके बाद एटीएस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए यहां छापेमारी की। हिरासत में लिए गए लोगों में कैराना क्षेत्र के गांव नगला राई निवासी साजिद, इंतजार उर्फ टार्जन तथा एक अन्य व्यक्ति शामिल बताए जा रहे। हैं। वहीं शामली के बरखंडी मोहल्ले से एक महिला को भी हिरासत में लिया गया है। कार्रवाई के बाद एटीएस सभी संदिग्धों को अपने साथ देवबंद ले गई है, जहां उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। जांच एजेंसियां संदिग्धों के मोबाइल फोन, कॉल डिटेल्स और सोशल मीडिया गतिविधियों की भी जांच कर रही हैं, ताकि उनके संपर्कों और संभावित नेटवर्क की जानक. ारी जुटाई जा सके। वहीं आशंका यह भी जताई जा रही है कि मामला जाली करैंसी से जुड़ा हुआ भी हो सकता है।फिलहाल एटीएस पकड़े गए संदिग्धों से हर पहलू पर जांच कर रही है। इस घटनाक्रम के बाद शामली जनपद में चर्चाओं का माहौल है। वहीं पुलिस व खुफिया विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मामला संवेदनशील है और हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है। आवश्यक साक्ष्य मिलने पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# छात्रों को आत्मरक्षा का दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जवाहर नवोदय विद्यालय में 4 अप्रैल को एक दिवसीय आत्मरक्षा शिविर एवं कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कराटे एसोसिएशन ऑफ शामली के अध्यक्ष एवं अवेंजर फाइट क्लब के कोच शिवांश भार्गव के नेतृत्व में विद्यालय प्रबंधन के सहयोग से किया गया।



कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश कुमार और शारीरिक शिक्षा प्रमुख आशुतोष शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने शिविर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में आत्मरक्षा का ज्ञान प्रत्येक छात्र-छात्र के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के प्रशिक्षण से न केवल शारीरिक क्षमता बढ़ती है, बल्कि मानसिक रूप से भी विद्यार्थी सशक्त बनते हैं। शिवांश भार्गव ने विद्यार्थियों को कराटे की बारीकियां सिखाते हुए विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों का प्रदर्शन किया। शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय में कराटे स्पर्धा का भी आयोजन किया गया, जिसमें शामली के पदक विजेता खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में वीर वर्मा, शौर्य वर्मा, आद्रिका मलिक, युवराज शर्मा, युवान भारद्वाज और आरव चौधरी जैसे खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# सड़क पर कूड़ा डाले जाने से भड़के लोग

**कांधला/थानाभवन।** कस्बे में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। कस्बे के बाईपास मार्ग पर सडक किनारे नगर पालिका कर्मचारियों पर ही कूड़ा डालकर गंदगी फैलाने का आरोप लगा है।

भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इस समस्या को लेकर कई लोगों ने नगर पालिका के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और सड़क किनारे पड़े कूड़े को तत्काल हटाने की मांग उठाई। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि पिछले काफी समय से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन शिकायतों के बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया गया, जिससे लोगों में रोष है। इस दौरान दिलशाद, हनीफ, सज्जू और रिहान, गुलजार, फारूक सहित कई लोग मौजूद रहे। मामले में नगर पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम बताया कि कूड़ा डालने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी और जल्दी कूड़ा हटाया जाएगा। थानाभवन के हकीकत में नगर मे कई जगह कूड़े के ढेर नजर आ रहे है। नगर के चौक बाजार स्तिथ पुलिस चौकी परिसर, राजपूत कॉलोनी, लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज के सामने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और गेस्ट हाउस के आस पास स्वच्छता की जहां सबसे ज्यादा जरूरत होती है वहां गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सबसे गंभीर स्थिति अस्पताल कॉलोनी के पास देखने को मिल रही है जहां नगर पंचायत द्वारा घरों का कूड़ा एक सरकारी खाली जमीन पर फेंका जा रहा है।

# सीडीओ ने बफर गोदाम को जांचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** खरीफ सीजन की तैयारियों के बीच जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर प्रशासन सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने मंगलवार को पीसीएफ बफर गोदाम जसाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गोदाम में उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक पाया गया, जिससे किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है।



निरीक्षण के समय जिला कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार यादव, सहायक निबंधक सहकारी समितियां डीएस पीसीएफ तथा भंडार नायक सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। गोदाम में खरीफ फसल की तैयारी को ध्यान में रखते हुए लगभग 4440 मीट्रिक टन यूरिया और 1000 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध पाया गया। कुल मिलाकर 1,17,680 बैग उर्वरक का स्टॉक मौजूद है, जिससे स्पष्ट है कि जनपद में फिलहाल उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों से अपील की कि वे उर्वरकों का संतुलित मात्रा में ही प्रयोग करें और अनावश्यक भंडारण से बचें। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रति हेक्टेयर भूमि पर एक किसान को अधिकतम 5 बैग डीएपी और 7 बैग यूरिया ही दिए जाने का प्रावधान है। इससे अधिक भंडारण उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 का उल्लंघन माना जाएगा। जनपद में उर्वरकों की कुल उपलब्धता भी संतोषजनक पाई गई है। इसमें यूरिया 10750.020 मीट्रिक टन, डीएपी 1791.200 मीट्रिक टन, एनपीके 357.800 मीट्रिक टन, एमओपी 246.100 मीट्रिक टन तथा एसएसपी 1234.215 मीट्रिक टन उपलब्ध है। सभी सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अधिकारियों ने उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिए कि वे बिक्री के समय कैश मेमो देना अनिवार्य करें, पीओएस मशीन के माध्यम से ही बिक्री करें और स्टॉक रजिस्टर को नियमित रूप से अपडेट रखें। साथ ही किसानों को उनकी जोत के अनुसार ही उर्वरक उपलब्ध कराए जाएं। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि पूरे जनपद में उर्वरकों की आपूर्ति सुचारू बनी रहेगी और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

## एक नजर

### झूठी शिकायते करनें का लगाया आरोप

**शामली।** राहुल पुत्र कृष्णपाल, गुलाब सिंह पुत्र गिरवर सहित अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव निवासी कवरपाल मलिक राजस्व व पुलिस विभाग में फर्जी शिकायतें दर्ज कराकर लोगों पर दबाव बनाता है। उनका कहना है कि आरोपी झूठे मुकदमों में फंसाने और जेल भिजवाने की धमकी देकर लोगों से पैसे वसूलता है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके साथ भी इसी तरह की घटना हुई। आरोप है कि पैसा न देने पर उनके खिलाफ धारा 130 के तहत नोटिस जारी कराया गया, जिसके चलते उन्हें 6 अप्रैल को उपजिलाधिकारी न्यायालय में मुचलका पाबंद कराना पड़ा। उन्होंने कहा कि सामान्यत: ऐसे मामलों में दोनों पक्षों पर कार्रवाई होती है, लेकिन इस मामले में एकतरफा कार्रवाई की गई। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित व्यक्ति की स्थानीय पुलिस और तहसील कर्मियों से मिलीभगत है, जिसके चलते वह गांव में दहशत का माहौल बनाकर लोगों को परेशान कर रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की गहन जांच कराकर दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### पति-ससुर सहित चार पर मुकदमा दर्ज

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र में मारपीट की दो अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला गांव पिंडोरा जहांगीरपुर का है, जहां जेवर लेने गई महिला के साथ उसके पति और ससुर द्वारा मारपीट किए जाने का आरा. प है। महिला गुड्डी पत्नी दीपक ने चौकी ऊन पर दी तहरीर में बताया कि आपसी विवाद के चलते वह पति से अलग रह रही है। आरोप है कि करीब 15 दिन पहले वह अपनी कान की बाली लेने ससुराल गई थी, जहां पति दीपक और ससुर जितेंद्र ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। दूसरा मामला गांव अहमदगढ़ का है। गांव निवासी ज्योति पुत्र बजे सिंह ने तहरीर में बताया कि 4 अप्रैल को गांव के ही मोनू पुत्र राजेंद्र और हरिओम पुत्र राजेंद्र उसके घर में घुस आए और लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं पुलिस ने दोनों मामलों में तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### प्राचार्य पर हमले का शिक्षकों ने किया विरोध

**शामली।** वीवी पीजी कॉलेज में आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रोफेसर भूपेंद्र कुमार ने कहा कि यह घटना केवल एक शिक्षक पर हमला नहीं है, बल्कि पूरे शैक्षणिक वातावरण की सुरक्षा और गरिमा पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसे मामलों में समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए, तो शिक्षण संस्थानों का माहौल प्रभावित होगा और शिक्षकों में असुरक्षा की भावना बढ़ेगी। शिक्षकों ने प्रशासन से मांग की कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। साथ ही छात्रों की नियमित काउंसलिंग व्यवस्था लागू करने और कॉलेज परिसरों के बाहर पुलिस की सघन पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने की भी मांग की गई, ताकि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो सके। इस दौरान डॉ. नीना छोकरा, डॉ. जयविंद्र तोमर, डॉ. बबली, डॉ. छवि, गिरिश नारायण यादव और कुणाल सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। वहीं, आरके पीजी कॉलेज में भी शिक्षकों और कर्मचारियों ने काली पटी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया और चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा।

### शिक्षक भर्ती प्रक्रिया विवाद गहराया

**शामली।** जनपद में सहायक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। अभ्यर्थी गुलशन कुमार, सौरभ कुमार, दीपक कुमार, सूरज और प्रवेश कुमार ने दिए शिकायती पत्र में बताया कि विज्ञान विषय की भर्ती में सामान्य, ओबीसी, एससी, एसटी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए निर्धारित आरक्षण मानकों का सही ढंग से पालन नहीं किया गया। उनका आरोप है कि कुछ वर्गों में निर्धारित प्रतिशत से अधिक चयन कर लिया गया, जबकि अन्य वर्गों के अभ्यर्थियों को उनके हिस्से के अनुसार अवसर नहीं मिला। अभ्यर्थियों ने प्रार्थना पत्र में आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि सामान्य वर्ग में चयन प्रतिशत निर्धारित सीमा से अधिक है, जबकि ओबीसी और एससी वर्ग के अभ्यर्थियों का चयन अपेक्षाकृत कम होने का आरोप लगाया। बीएसए से शीघ्र कार्रवाई कर प्रभावित अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने और भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की अपील की।

### बाइक सवारों को नील गाय ने मारी टक्कर

**चौसाना।** ऊन मार्ग के भोगीमाजरा के निकट एक बाइक सवारों को नील को टक्कर मार दी। जिससे दोनो बाइक सवार लहुलुहान होकर सडक पर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर लोगो की भीड जमा हो गई। लोगो की डायल 112 को सूचना दी। जिसके बाद एम्बुलेंस व पुलिस मौके पर पहुॅची और घायलो को अस्पताल मे भर्ती कराया। जहॉ से चिकित्सको ने एक घायल को करनाल रेफर कर दिया। चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव भोगीमाजरा के निकट नील गाय की टक्कर से बाइक सवार दो व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गए। बताया गया है कि प्रवीण कुमार निवासी गंगारामपुर तहसील में सीएससी सेंटर संचालित करता है। सुबह करीब दस बजे प्रवीण कुमार अपने एक साथ के साथ अपनी दुकान पर जा रहा था। उसी दौरान भोगीमाजरा के निकट जैसे की प्रवीण पहुॅचा तों खेतो से निकलकर आई नील गाय ने टक्कर मार दी। बाइक की स्पीड मे होने के कारण दोनो बाइक सवार सडक पर जा गिरे और तडपने लगे। जबकि बाइक खेतो मे जा गिरी। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्र हुए और घायलो के सम्बंध मे डायल 112 को सूचना दी। इस पर एम्बुलेस मौके पर पहुॅची और घायलो को अस्पताल मे भर्ती कराया। वही पुलिस ने पीडितो के परिजनो को हादसे की सूचना दी। जिसके बाद चिकित्सको ने घायलो को करनाल रेफर कर दिया।

### दहेज हत्या का आरोपी भेजा जेल

**थानाभवन।** प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि 03 मई 2025 को थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतका के परिजनों ने दहेज के लिए प्रताड़ना और हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी स जिसके आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने नीशू पुत्र ईश्वरपाल निवासी गांव दखोड़ी जमालपुर थाना थानाभवन को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

# सड़क निर्माण के चलते किया डायवर्जन

**शामली।** 8 अप्रैल से 20 अप्रैल तक कैराना मार्ग पर चार पहिया हल्के और भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा, जिसके चलते विभिन्न मार्गो पर ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है। शामली से कैराना जाने वाले वाहन झिंझाना रोड होते हुए टपराना चौराहे से बाईपास मार्ग का उपयोग करेंगे। वहीं सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और मेरठ की ओर से कैराना या पानीपत जाने वाले वाहन सिंभालका पुल बाईपास से होते हुए बलवा चौराहे के रास्ते अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। इसी प्रकार कैराना से शामली आने वाले वाहन मन्नामाजरा पुल से टपराना चौराहा होते हुए शामली आएंगे।

# जल संकट से जूझ रही झिंझाना की जनता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे में जलापूर्ति ठप होने से पांचवें दिन भी हालात गंभीर बने हुए हैं। भीषण गर्मी के बीच पानी की किल्लत अब आम लोगों के जीवन पर सीधा असर डाल रही है। सुबह से लेकर रात तक लोग पानी के इंतजाम में जुटे नजर आ रहे हैं, जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। नगर पंचायत की पानी की टंकी में चल रहे मरम्मत कार्य के चलते जलापूर्ति बाधित हो रही है, जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

कस्बे के मोहल्ला कपाड़ियान, ब्राह्मणान, खटीकान, सर्वज्ञान, तड़तला, कड़ी बाजार व सरावज्ञान समेत कई इलाकों में पानी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सुबह होते ही पानी की तलाश में निकल पड़ते हैं। हैंडपंपों और निजी बोरिंग पर लंबी कतारें लग रही हैं, जबकि कई परिवार दूर-दराज से पानी ढोने को मजबूर हैं। जल संकट का सबसे ज्यादा असर स्कूली बच्चों और कामका. जी लोगों पर पड़ रहा है। पानी की कमी के चलते बच्चे समय पर तैयार नहीं हो पा रहे हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं, सुबह काम पर जाने वाले लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि बिना पानी के दैनिक कार्य पूरे करना मुश्किल हो गया है। बाजारों में भी पानी की किल्लत का असर साफ नजर आ रहा है। दुकानदारों और व्यापारियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। मिठाई की दुकानों, चाय की दुकानों और सब्जी विक्रेताओं का काम प्रभावित हो रहा है, क्योंकि पानी के अभाव में साफ-सफाई और कामकाज करना मुश्किल हो गया है। ठेलिया लगाकर रोजी-रोटी कमाने वाले लोगों के सामने भी संकट खड़ा हो गया है। नगर पंचायत द्वारा टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन यह व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है। लोगों का कहना है कि टैंकर समय पर नहीं पहुंच रहे और पानी भी जरूरत के हिसाब से नहीं मिल पा रहा है। ऊपर से कई जगहों पर बिजली के मीटर की अधिक रीडिंग आने के डर से लोग



सबमर्सिबल पंप चलाने से भी बच रहे हैं, जिससे समस्या और गहरा गई है। उधर, नगर पंचायत प्रशासन का कहना है कि पाइपला. इन और पानी की टंकी की मरम्मत का कार्य अंतिम चरण में है और इसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी। हालांकि, पांच दिन से पानी के लिए जूझ रहे लोगों को अब जल्द राहत मिलने का इंतजार है और अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो लोगों में आक्रोश और बढ़ सकता है।

# गेहूं क्रय केंद्रं पर विभागीय दावे फेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गेंहू क्रय केन्द्र पर खरीद शुरू होने के दूसरे दिन ही व्यवस्था चरमरा गई। जानकारी के अनुसार बल्लामाजरा सहकारी समिति पर मंगलवार को सुबह से ही किसान क्रय केन्द्र पर पहुँच गए थे,किसान केवल दो सौ कुंतल ही अनाज को बेच सके थे कि बारदाना खत्म हो गया। जिससे विभाग

के समस्त दावो की पोल खुल गई। वही नाराज किसानों ने विरोध जताया। चौसाना स्थित बल्लामजरा सहकारी समिति पर



अब तक दो सौ किसान अपने पंजीकरण कर चुके है। क्रय केन्द्र पर खरीद की शुरूआत सोमवार को हुई थी। जहॉ केन्द्र प्रभावी विपिन सैनी व सचिव देवेन्द्र कुमार ने समस्त व्यवस्था होने का दावा किया था। मंगलवार को जैसे ही किसानो को तोल केन्द्र के शुरू होने की जानकारी मिली तो किसान अपनी फसल को लेकर क्रय केन्द्र पर पहुॅचें और फसल तुलवाई। तीन किसानो की 200 कुंतल ही फसल बिकी थी कि क्रय केन्द्र का बारदाना समाप्त हो गया। जिससे अन्य किसान अपनी फसल को वापस लेकर लौटे। किसानों का कहना है कि भाडा लगने के कारण क्रय केन्द्र पर फसल बेचना मुश्किल हो गया।

# आधी रात साधु की झोपड़ी में लगाई आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव झाड़खेड़ी स्थित खाटू श्याम मंदिर परिसर में देर रात साधु की झोपड़ी में आग लगा देने का मामला सामने आया है। घटना सोमवार देर रात करीब 12 बजे की है। योगी राहुल नाथ जी महाराज अपनी झोपड़ी में सो रहे थे। तभी अचानक झोपड़ी में आग लग गई। आग की तेज लपटें उठती देख साधु ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद साधु ने परिजनों व ग्रामीणों को फोन कर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग मौके पर पहुंचा। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक झोपड़ी में रखा सामान जलकर राख हो चुका था। पीड़ित साधु ने गांव के ही कुछ लोगों पर आगजनी का आरोप लगाया है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

# हिंडौले में फंसे बच्ची के बाल, गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव सोंता रसूलपुर में आयोजित धार्मिक जलसे की खुशियां उस वक्त दुख में बदल गईं जब मेले में लगे एक हिडोले मे आठ वर्षीय मासूम झूलते समय बाल फंसने से गंभीर रूप से घायल हो गई ।गांव निवासी मुनीर की 8 वर्षीय पुत्री प्रवीन जलसे के बाद मेले मे लगे झूले में झूल रही थी। इसी दौरान झूले के हिंडोले में उसके बाल फंस गए। झूला तेज गति में होने के कारण बच्ची को संभलने का मौका नहीं मिला और कुछ ही पलों में उसकी सिर की पूरी खाल उधड़ गई। यह मंजर देख मौके पर मौजूद लोग सन्न रह गए और कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई।ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए झूला रुकवाया और किसी तरह बच्ची को बाहर निकाला। गंभीर हालत में उसे तुरंत शामली जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया। बच्ची की स्थिति चिंता. जनक बनी हुई है।यह हादसा प्रशासनिक लापरवाही और अवैध रूप से लगाए जा रहे झूलों पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

# मॉडिफाई साइलेंसर के खिलाफ चला अभियान 17 वाहन सीज

**बिडौली।** थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना के नेतृत्व में तेज आवाज करने वाले साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न लगी बाइक व अन्य मॉडिफाइड वाहनों पर शिकंजा कसा गया। अभियान के दौरान कुल 17 वाहनों को सीज किया गया, जिनमें 8 पटाखा बुलेट और प्रेशर हॉर्न लगी बाइक शामिल हैं। वहीं तीन दिन में कुल 534 वाहनों का चालान कर लगभग 5.35 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# जिला अस्पताल में प्रभावित हुई सिटी स्कैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला अस्पताल में मंगलवार को इंटरनेट सेवा ठप होने से सिटी स्कैन सुविधा बुरी तरह प्रभावित हो गई, जिससे मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह से ही जांच के लिए पहुंचे मरीजों की लंबी कतारें लग गईं और कई गंभीर मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा। अस्पताल परिसर में अव्यवस्था का माहौल बना रहा और दूर-दराज से आए मरीज व उनके परिजन परेशान नजर आए।

सुबह करीब 9रू40 बजे से सिटी स्कैन सेवा अचानक बंद हो गई, जो लगभग साढ़े दस बजे तक ठप रही। बताया जा रहा है कि सर्वर डाउन होने के कारण सिटी स्कैन मशीन संचालित नहीं हो सकी। इस दौरान मरीजों की भीड़ लगातार बढ़ती रही, जिससे व्यवस्था चरमरा गई। कई मरीज दर्द और परेशानी के बीच अपनी बारी का इंतजार करते रहे, जबकि कुछ को बिना जांच कराए ही वापस लौटना पड़ा। हालांकि बाद में इंटरनेट सेवा बहाल होने पर जांच कार्य दोबारा शुरू किया गया, लेकिन नेटवर्क की धीमी गति के कारण काम सामान्य गति नहीं पकड़ सका। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, सामान्य दिनों में प्रतिदिन 80 से अधिक सिटी स्कैन किए जाते हैं, लेकिन तकनीकी बाधा के चलते मंगलवार को केवल करीब 40 मरीजों की ही जांच हो पाई। इससे आधे से अधिक मरीज प्रभावित हुए। मरीजों और उनके परिजनों ने अस्पताल प्रशासन से मांग की है कि ऐसी तकनीकी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए ठोस व्यवस्था की जाए। उनका कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं में इस प्रकार की लापरवाही से गंभीर मरीजों की जान तक खतरे में पड़ सकती है। लोगों ने अस्पताल में बेहतर तकनीकी प्रबंधन और वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है, ताकि भविष्य में मरीजों को इस तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

# चिलकाना व गंगोह में निकाली स्कूल चलो रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत विकास खंड सरसावा के उच्च प्राथमिक विद्यालय हरडाखेडी के छात्रों द्वारा रैली का आयोजन किया गया।

रैली को खण्ड शिक्षा अधिकारी सहदेव गंगवार द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो गांव के प्रत्येक मोहल्ले से होते हुए सभी अभिभावकों को अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए विधालय परिसर में आकर सम्पन्न हुई। रैली के उपरांत मार्च माह में प्रत्येक कक्षा में सार्वधिक उपस्थित रहने वाले बच्चों को स्टेशनरी वितरित कर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान विद्यालय प्रांगण मे खण्ड शिक्षा अधिकरी द्वारा एक छायादार वृक्ष भी लगाया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्री फग्गन सिंह, एआरपी एशोसियेशन के प्रदेश महामंत्री प्रवीण चौधरी, एआरपी बृजेश, शिव कुमार, अमित कुमार, शिक्षक संकुल नवनीत, धनेन्द्र कुमार, पीयूष जैन, शालू जैन, इं.अ. सुरेशपाल तथा समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।




**गंगोह।** बीआरसी बीराखेड़ी पर स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम आयोजित कर रैली निकाली गई। जिसमें अधिकांश अध्यापक एवं एआरपी उपस्थित रहे।

मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि दिनेश चौधरी ने स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने हेतु अभिभावकों को प्रेरित किया, कहाकि वर्तमान दौर में अज्ञानता सबसे बडा अभिशाप है। इसलिए उन्हें अपने बच्चों को स्कूल भेजना जरुरी है। प्रधान नीरज, रोहित प्रधान ने भी उक्त बात दोहराई। खंड शिक्षा अधिकारी प्रीति पाल ने अभियान की सफलता को आवश्यक दिशा निर्देश दियें। नामांकन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। संचालन नीरज ने किया। जसवंत, अनिल, सुशील, रजत, बालेश, ब्रह्मपाल, माधवी, बबीता, कविता, रश्मि आदि रही।

# कैराना सांसद इकरा हसन ने गेस्ट हाउस में सुनी समस्याएं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंगलवार को सांसद इकरा हसन ने लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कराया।

देहरादून चौक स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर सांसद इकरा हसन ने करीब ढाई घंटे तक लोगों की शिकायतें सुनीं और संबंधित मामलों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं की भी अच्छी खासी मौजूदगी रही। 2027 के चुनाव को लेकर सांसद ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी की, जिसमें पार्षद अभिषेक सिंह उर्फ टिंकू अरोड़ा, सांसद प्रतिनिधि संदीप सैनी, मुबारिक चौधरी, फैसल सलमानी और नकुड़ विधानसभा से संदीप सैनी सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# शांति से मनाएं त्योहार: डा.पूर्वा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** एसडीएम डॉ पूर्वा शर्मा ने कहा कि शांतिपूर्वक अपने त्यौहार मनाएं।कोई भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन न करे।

डा.पूर्वा डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती केमद्देनजर कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि सभी को अपने त्यौहार शांतिपूर्वक मनाने चाहिएं।सभी को नियमों का पालन करना चाहिए और शासन प्रशासन को शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करना चाहिए। पुलिस क्षेत्राधिकारी नकुड़ रूचि गुप्ता ने कहा कि सभी को शासन की गाइडलाइन का पालन करना चाहिए।कोई भी नई परम्परा शुरू नहीं की जाए।कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव ने कहा कि शोभायात्रा या अन्य कार्यक्रमों को निर्धारित समय पर करने का प्रयास करें।चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप बालियान ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के आदर्शों का हम पालन करते हैं।

इस दौरान रवि लाम्बा,राकेश लांबा, बीर सिंह, सचिन,सन्दीप सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गोला फेंक व हैमर थ्रो में वाग्मी सैनी रही प्रथम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुन्नालाल एंड जय नारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो एवं जेवलिन थ्रो के मुकाबले हुए।

शॉट-पुट में बी.कॉम. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा वाग्मी सैनी ने 6.44 मीटर दूर गोला फेंक कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं 5.90 मीटर की दूरी के साथ बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा खुशनुमा को दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कु. आयुषी ने 5.39 मीटर गोला फेंक कर तृतीय स्थान पक्का किया। चक्का फेंक की प्रतियोगिता में महाविद्यालय की कुल 68 छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा कु. किरण भास्कर 12.31 मीटर की दूरी के साथ प्रथम स्थान पर रहीं। वहीं चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कु. दीपा रानी 11.89 मीटर की दूरी के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं तथा बी.कॉम. षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा कु. रितिका को 11.67 मीटर की दूरी के साथ तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा।



हैमर थ्रो प्रतियोगिता में 11 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें बी.कॉम. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा कु. वाग्मी सैनी ने 17.21 मीटर फेंक कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 15.26 मीटर के साथ द्वितीय स्थान पर बी.कॉम. षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा कु. रितिका तथा 14.07 मीटर के साथ तृतीय स्थान पर बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कु. वैशाली रहीं। वहीं जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता में बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कु. आयुषी ने 10.04 मीटर फेंक कर प्रथम स्थान, बी.ए. षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा कु. खुशनुमा ने 9.90 मीटर के साथ द्वितीय स्थान एवं बी.कॉम. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा कु. वाग्मी सैनी ने 8.56 मीटर फेंककर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के निर्णायक शारीरिक शिक्षा विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. दीक्षा सिंह तथा कु. शिखा रानी रही व मुख्य निर्णायक क्रीडा परिषद की सचिव डॉ. रीता बोरा रहीं।

क्रीडा समिति के सदस्य प्रो. सीमा रानी, श्रीमती शिखा सिंह, दीपाली सिंह, डॉ नीतू वर्मा आदि शिक्षिकाएं उपस्थिति रहीं।

## एक नजर

### शांति समिति की बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** आगामी पर्व डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को को दृष्टिगत रखते हुए नगर के मोहल्ला कोठीवाला के श्रीगुरु रविदास मंदिर प्रांगण में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए थाना प्रभारी एएसपी सिमरन सिंह आईपीएस ने कहा कि सभी वलियंटर आयोजन को शांतिपूर्ण रूप से सफल बनाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले शरारती तत्वों की जानकारी पुलिस को मुहैया कराए। एसओ विनोद कुमार ने सभी आयोजको को निर्देश दिए कि पुलिस के साथ साथ आप सभी की भी जिम्मेदारी है कि आयोजन शांतिपूर्ण रूप से सफल हो। इस अवसर पर डॉ बीआर अंबेडकर समिति के प्रधान अजय बालिवान, उपाध्यक्ष रविकुमार, सचिव अरुण तोमर, दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष सुशील लाम्बा, सभासद प्रतिनिधि ईसम दुबे, श्रीगुरु रविदास प्रबंध समिति के महासचिव आकाश काशी, लेखाकार सोनित, रामदेव, राहुल, आशीष, पाल्ला राम, डॉ रवि कुमार, शुभम, सागर, संदीप लाला, कुलदीप, मनोज, विनोद, कपिलदेव, सावन, अनिल आदि मौजूद रहे।

### मानव सेवा को आधार बनाएं: बालियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** नगर पंचायत चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप बालियान ने सभी से जाति धर्म से ऊपर उठ कर मानव सेवा में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर हज यात्रा व अन्य कार्यों के कार्यालय का उद्घाटन चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप बालियान ने किया।कुलदीप बालियान ने कहा कि मानव सेवा आपसी सम्बन्ध को बढ़ाने का एक माध्यम है। मानव सेवा को सभी धर्मों में सबसे बड़ी सेवा बताया गया है।उन्होंने कहा कि सभी लोग सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लें तथा अन्य लोगों को भी इस ओर जागरूक करें। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता आदेश गुप्ता,वरिष्ठ पत्रकार मनोज शर्मा बॉबी, चौधरी अमरदीप पंवार ने कहा हम अपने कार्यों से समाज को नई दिशा देने का प्रयास करें। आयोजक गालिब हबीब ने हज, उमरा यात्रा की जानकारी दी। इस दौरान महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्वेता सैनी,डॉ ताहिर मलिक, आस मोहम्मद सैफी, नसीम आजाद, मदरलैंड स्कूल प्रधानाचार्य डॉ शालू कुमारी,अमजद,इस्लाम सहित काफी लोग मौजूद रहे।

### सौ प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति पर जताई संतुष्टि

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने समीक्षा कर जरूरी दिशा निर्देश दिये।लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस गंगोह में आयोजित बैठक में मंत्री ने मंडल के जनप्रतिनिधियों, संगठन पदाधिकारियों, संयोजकों, दिव्यांग प्रकोष्ठ के सदस्यों, पार्टी कार्यकर्ताओं तथा विभागीय अधिकारियों के साथ योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विगत वित्तीय वर्ष में विभाग द्वारा सभी योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों की सराहना की। मंत्री ने निर्देश दिए कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी इसी प्रकार काम करें।

# जनसुनवाई में 11 में से एक समस्या का समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनसुनवाई में आज आयी ग्यारह समस्याओं में से सफाई सम्बंधी एक समस्या का नगरायुक्त शिपू गिरि द्वारा तुरंत समाधान कराया गया। अतिक्रमण सम्बंधी चार समस्याओं के समाधान के लिए प्रवर्तन दल प्रभारी तथा लाईट सम्बंधी दो समस्याओं सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

वार्ड 60 नवीन मण्डी स्थल चिलकाना रोड निवासी संजीव कुमार ने राधा कृष्ण कुंज मंदिर के निकट सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर तुरंत सफाई निरीक्षक व सफाई मित्र को भेजकर समस्या का समाधान कराया गया। वार्ड 63 धोबीवाला गली निवासी शानू ने भी गली में सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक को कार्रवाई के निर्देश दिए गए।



इसके अतिरिक्त वार्ड चकहरेटी निवासी श्यामलाल-सीवर लाइन की सफाई कराने, पानी की लीकेज ठीक कराने तथा स्ट्रीट लाईट ठीक कराने के लिए अलग-अलग तीन प्रार्थना पत्र लेकर पहुंचे। नगरायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण के बाद कार्रवाई के निर्देश दिए। वार्ड 35 पंसारी बाजार निवासी नत्थूराम यादव ने आवारा कुत्तों को पकड़वाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर नगरायुक्त ने निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव, मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# अंबेहटा में विशाल तिरंगा ध्वज की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

अंबेहटा। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर उज्जवल भविष्य ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने अंबेहटा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अनिल भास्कर को लिखित पत्र सौंपकर नगर में विशाल तिरंगा ध्वज लगाने की मांग की है।

ट्रस्ट के संरक्षक मास्टर बिशन सिंह एवं प्रधान डॉ. बिन्दर पाल कल्याण ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज हमारी शान और आजादी का प्रतीक है। जनपद की अन्य सभी नगर पंचायतों एवं नगर पालिकाओं में तिरंगा ध्वज पहले ही लगा दिया गया है, लेकिन अंबेहटा नगर अभी भी इस सम्मान से वंचित है।



ट्रस्ट के पूर्व सभासद डॉ. बिन्दर पाल कल्याण ने कहा हमारा राष्ट्रीय ध्वज सिर्फ कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि लाखों शहीदों की कुर्बानी का प्रतीक है। पूरे जनपद में हर नगर पंचायत में तिरंगा फहरा रहा है, पर अंबेहटा अभी भी पीछे है। हमने अधिशासी अधिकारी को पत्र देकर तुरंत विशाल तिरंगा ध्वज लगाने की मांग की है।"

ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारियों ने भी इस मांग का पूरा समर्थन किया। इनमें उप-प्रधान धर्म सिंह, कोषाध्यक्ष रमेश रविदासिया, सुखविंदर सिंह, कवरपाल सिंह, अमित कुमार,जकी कुमार, सत्यपाल सिंह, मोहित कुमार रोहित कुमार, मोहित रावण, मांगेराम, सुधीर भगत,प्रीर्थी सिंह,करम सिंह, राजपाल भगत, जशवंत सिंह, मेघराज सिंह, अशोक कुमार, आदि शामिल हैं।

# भाजपा का स्थापना दिवस मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर पंचायत अध्यक्षा फूल बानो अंसारी तथा भाजपा नेता अली इमाम उर्फ प्रिंस के आवास पर भाजपा का 47 वां स्थापना दिवस भारी उत्साह के साथ मनाया गया।

मंगलवार को अध्यक्षा फूलबानो अंसारी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन करते हुए युवा भाजपा नेता चिलकाना मंडल उपाध्यक्ष निशांक जैन ने पार्टी की 47 वर्षों की उपलब्धियां गिनवाई। वहीं नगर के मोहल्ला मजहर हसने में निज आवास पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अली इमाम उर्फ प्रिंस ने कहा कि देश में विकास आधारित राजनीति की नींव भी भाजपा ने विभिन्न राज्यों में सत्ता में आने के बाद तथा पूरे देश में भाजपा नीत राजग शासन के दौरान रखी गई। महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष सुमन सैनी, अनुसूचित मोर्चे के मंडल अध्यक्ष इसम दुबे, सभासद अरशद अंसारी, हिमांशु गर्ग, पवन सेन व मरगूब अंसारी ने भी अपने विचार रखे।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र शहजाद व पुत्रवधू गुलसाना को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**इरशाद पुत्र सुक्का निवासी ग्राम हाजीपुर थाना गंगोह, तहसील नकुड, जनपद सहारनपुर।**

**सूचना**

मेरे पुत्र अनस व फईम नाफरमान है तथा मेरे साथ मारपीट करते हैं जिस कारण मैंने उन्हें अपनी चला चल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे

**ताहसीन पुत्र फजल हक ग्राम बसी थाना गंगोह जनपद सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र अनित कुमार व उसकी पत्नी पूजा को नाफरमानी व गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**धर्मपाल पुत्र सुग्घन निवासी लक्ष्मणपुरी कालोनी, निकट स्टेट बैंक कालोनी, दिल्ली रोड, सहारनपुर।**

# शामली सीमा पर पुलिस की वाहन चैकिंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से नानौता पुलिस पूरी तरह एक्टिव मोड में नजर आ रही है प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सैनी के नेतृत्व में पुलिस ने शामली सीमा पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर दो पहिया व चौपहिया वाहनों को चौक किया

नानौता पुलिस द्वारा देर रात तक और सुबह से ही शामली बॉर्डर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है इस दौरान आने-जाने वाले वाहनों की गहन जांच की जा रही है तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जा रही है प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सैनी का कहना है कि क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। नानौता पुलिस की इस सक्रियता से आम जनता में सुरक्षा का माहौल बना हुआ है, वहीं असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके

**सूचना**

मैने अपने पुत्र विकास व उसकी पत्नी शिल्पा को नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**शकुन्तला देवी पत्नी स्व. श्री किशन चन्द निवासी हौजखेडी रोड, ग्राम जीतवाला, थाना कुतुबशेर, सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र शाहबान व उसकी पत्नी सानिया को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**नफीसा पत्नी इमरान निवासी म.नं.96 मदीना मस्जिद के पास, खाताखेडी, जैन कालोनी, विकास प्रथम, थाना मण्डी, सहारनपुर।**

**कार्यालय सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, सहारनपुर सम्भाग, सहारनपुर।**

पत्रांक 22 / बोरा-अनु./2025-26 दिनांक 07 अप्रैल, 2026

**'ई-निविदा विज्ञप्ति'**

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत सहारनपुर मण्डल के जनपद सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली में आर.एफ.सी. / डी.एफ.एम.ओ. द्वारा चिन्हित विभिन्न केन्द्रों पर यूज्ड जूट बोरों की आपूर्ति की जायेगी। इस हेतु यू.पी.एल.सी. में रजिस्टर्ड इच्छुक फर्म/कम्पनी आदि से ई-टेण्डर https://etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 15.04.2026 के अपरान्ह 02:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता दिनांक 15.04.2026 अपरान्ह 02:00 टेण्डर अपलोड कर सकते हैं। तकनीकी निविदायें दिनांक 15.04.2026 के अपरान्ह 03:00 बजे तक इस कार्य हेतु गठित ई-निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निर्धारित निविदा प्रपत्र, मूल्य, धरोहर धनराशि/निविदा की विस्तृत शर्ते एवं अन्य सम्बन्धित विस्तृत जानकारी, सम्बन्धित जिले के जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय एवं सम्भागीय खाद्य नियत्रंक, सहारनपुर सम्भाग, सहारनपुर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

**( बी.सी.गौतम )**
**सम्भागीय खाद्य विपणन अधिकारी,**
**सहारनपुर सम्भाग, सहारनपुर।**

# बाइक सवार बदमाशों ने बैंक से नकदी निकालकर जा रहे ग्रामीण से छीना थैला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बैंक से नकदी निकालकर जा रहा ग्रामीण से बाइक सवार बदमाश नकदी से भरा थैला छीनकर फरार हो गए। ग्रामीण के शोर मचाने पर राहगिरो ने एक बदमाश को दबोच लिया। जबकि दूसरा फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नूरपुर गांव निवासी अनिल कुमार मंगलौर पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित एक बैंक से नकदी निकलने के लिए आए थे। बताया गया है कि करीब एक लाख दस हजार रुपये की नकदी थैले में डालकर वह वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह लोकनिर्माण विभाग अतिथिगृह के सामने पहुंचे तो पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने अनिल कुमार से थैला छीन लिया और फरार होने लगे। शोर मचाने पर लोगों ने एक बदमाश को दबोच लिया जबकि दूसरा फरार होने में कामयाब रहा। दबोचे गए बदमाश को लोगों ने पुलिस को सौंप दिया। वहीं, पुलिस का कहना है कि पीड़ित की तरफ से तहरीर मिल गई है। इसमें जरुरी दस्तावेज और दो हजार रुपये होना बताया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वांछित वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**देवबन्द।** पुलिस ने एनडीपीएस धाराओं में वांछित वारंटी अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर उसके घर ही गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

अपराध नियंत्रण को पुलिस द्वारा अपराधियो एवं वांछितों की धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने गांव फुलास अकबरपुर निवासी सलमान उर्फ उल्लू को गांव से ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ अलग-अलग मुकदमों अदालत द्वारा एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत वारंट जारी किए गए थे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी को मुखबिर की सूचना पर उसके घर से ही गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# रामचरितमानस के सुंदरकांड का प्रसंग किया प्रस्तुत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के तत्वावधान में शिक्षक नगर में चल रही तीन दिवसीय श्री हरि कथा मंगलवार को विधिव संपन्न हुई। अंतिम दिन रामचरितमानस के सुंदरकांड का भावपूर्ण एवं आध्यात्मिक प्रसंग प्रस्तुत किया गया।

शिक्षक नगर स्थित मंदिर परिसर में आशुतोष महाराज की शिष्याओं साध्वी अंबालिका भारती, सोम प्रभा भारती एवं पूजा भारती ने प्रभु श्री राम की लीलाओं का वर्णन किया। साथ ही सुंदरकांड के माध्यम से हनुमान जी की अटूट भक्ति, समर्पण और प्रभु के प्रति उनके अद्वितीय विश्वास को उजागर किया। साध्वी बहनों ने कहा कि जब साधक सच्चे मन से प्रभु का स्मरण करता है, तो प्रभु स्वयं उसे ज्ञान के मार्ग की ओर अग्रसर करते हुए उसके जीवन के सभी कष्टों का निवारण करते हैं। उन्होनें यह भी बताया कि सुंदरकांड का प्रसंग न केवल भक्ति की महिमा को दर्शाता है, बल्कि यह भी सिखाता है कि जीवन में गुरु के मार्गदर्शन से ही सच्चे ज्ञान की प्राप्ति कर सकते है संभव है। उन्होंने भक्तों को धर्म के मार्ग पर चलने की सीख दी। इस मौके पर काफी संख्या में कथा में आए श्रद्धालु शामिल रहे।






# स्कूली बच्चों ने रैली निकाल लोगों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्कूल चलो अभियान जागरूकता कार्यक्रम के तहत परिषदीय स्कूलों के बच्चों ने मशाल जलाएंगे हर बच्चे को स्कूल लाएंगे जैसे नारों के साथ रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया।

खंड शिक्षा अधिकारी नीलम तोमर ने खंड संसाधन केंद्र गुनारसा में ब्लाक स्तरीय स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बच्चों ने ज्ञान की मशाल जलाएंगे हर बच्चे को स्कूल लाएंगे जैसे नारों से ग्रामीणों को जागरूक किया। नीलम तोमर ने अभिभावकों से अपने 6 वर्ष के बच्चों का परिषदीय स्कूलों में नामांकन कराने का आह्वान किया।

साथ ही शिक्षकों से कहा कि वे अपने स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने पर बल दें। शिक्षक अपने विद्यालय के क्षेत्र में रहने वाले परिवारों के घर पहुंचे। ताकि उन बच्चों की पहचान की जा सके जिन्होंने अभी तक स्कूल में प्रवेश नहीं लिया है। इस मौके पर देवबंद ब्लॉक के समस्त परिषदीय स्कूलों के अध्यापक व अध्यापिकाएं सहित जनप्रतिनिधि शामिल रहे।




# सभासदों ने उपजिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** रेलवे भायला फाटक पर निर्माणाधीन पुल के कार्य की धीमी गति को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा गया हैं कि पुल के निर्माण कार्य में देरी के चलते दुकानदारो व राहगिरो को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कराए जाने की मांग की है।

पालिका सभासदो ने उपजिलाधिकारी युवराज सिंह के नाम सम्बोधित ज्ञापन में कहा गया हैं कि रेलवे भायला फाटक पर पुल का निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है जिस कारण नगर एवं आसपास के ग्रामीणों को प्रतिदिन आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, क्षेत्र के व्यापारियों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ने से आसपास के दुकानदारो को आर्थिक संकट से झूझना पड़ रहा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि आने वाले बरसात के मौसम में स्थिती ओर अधिक गंभीर हो सकती है जिससे राहगिरो की परेशानियां ओर अधिक बढेंगी। ज्ञापन प्रशासन से मांग की गई है पुल के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। ताकि लोगो को राहत मिल सके। ज्ञापन देने वालों में सभासद औसाफ सिद्दीकी, डा. वाजिद मलिक, मौहम्मद शाहिद, डा. मौहम्मद असलम, सभासद प्रतिनिधी लियाकत आदि सभासद शामिल रहे।



# मासूम फैजान हत्याकांड में दोषी को आजीवन कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** पुलिस की मजबूत पैरवी पर चर्चित मासूम फैजान हत्याकांड में न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिससे पीड़ित परिवार को लंबे इंतजार के बाद न्याय मिल सका।

गौरतलब है कि नौ फरवरी 2019 को मौहल्ला इमामबाड़ा निवासी इमाम उद्दीन ने अपने 10 वर्षीय पुत्र मौहम्मद फैजान के लापता होने की सूचना पुलिस को दी थी। काफी तलाश के बाद भी बच्चे का कोई पता नहीं चला था। जिसके बाद पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। अगले ही दिन फैजान का शव मौहल्ले की एक मस्जिद के पीछे संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने मासूम का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन थाना प्रभारी पंकज तोमर ने जांच तेज कर दी।



**12,800 रुपये का जुर्माना भी लगाया**

जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मौहल्ला इमामबाड़ा निवासी फरमान को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ अपहरण और हत्या का मुकदमा दर्ज कर चार्जशीट अदालत में दाखिल की गई।

सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने मजबूत साक्ष्य और गवाह पेश किए। जिसके आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज चौहान की अदालत ने फैसला सुनाते हुए फरमान को आजीवन कारावास की सजा दी। साथ ही उस पर 12,800 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया।

इस फैसले के साथ ही लंबे समय से चर्चित इस मामले का पटाक्षेप हो गया। बता दे कि पुलिस अधिकारियों कि मजबूत विवेचना और पुख्ता साक्ष्यों के चलते ही आरोपी को सजा दिलाई जा सकी।

# एआई तकनीक व वैज्ञानिक खेती पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक वीएम पाठक की अध्यक्षता में आज गन्ना विकास परिषद, चांदपुर के कार्यालय में समस्त स्टाफ की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में आधुनिक तकनीक के समावेश और बसंतकालीन बुवाई की प्रगति को लेकर कड़े निर्देश जारी किए गए।



समीक्षा बैठक में बोलते हुए श्री पाठक ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इससे गन्ना खेती में क्रांति आएगी और गन्ने की पैदावार भी स्वस्थ और अधिक होगी। समीक्षा बैठक का मुख्य केंद्र साधना सप्ताह रहा। उन्होंने तकनीकी दक्षता पर जोर देते हुए सभी गन्ना पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि वे दो से आठ अप्रैल तक चलने वाले चार घंटे के कोर्स को अनिवार्य रूप से पूर्ण करें और अपना बैज प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि भविष्य में विभाग में एआई के प्रयोग से गन्ने में लगने वाले कीटों और रोगों की सटीक पहचान संभव होगी। आधुनिक तकनीकी के इस समावेश से न केवल उत्पादन में वृद्धि होगी। बल्कि क्षेत्र के किसानों में खुशहाली और समृद्धि भी आएगी।

रेड रोट से बचाव हेतु ट्राइकोडर्मा का प्रयोग अनिवार्य बताते हुए उन्होंने बैठक में गन्ने की फसल को घातक रेड रोट लाल सड़न रोग से बचाने के लिए सख्त दिशा-निर्देश दिए। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक वीएम पाठक ने बताया कि भूमि में अभी भी रेड रोट के इनाकुलम (जीवाणु) मौजूद हैं, जो नई फसल को नुकसान पहुंचा सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट आदेश दिए कि किसान भाई बिना ट्राइकोडर्मा (फंगीसाइड) के शोधन के कोई भी बुवाई न की जाए। साथ ही आरक्षित बीज, आधार और प्राथमिक/सामान्य पौधशालाओं के बीजों शत-प्रतिशत बुवाई सुनिश्चित की जाए।

क्षेत्र में चल रही बसंतकालीन बुवाई की समीक्षा करते हुए सभी पर्यवेक्षकों को डे-टू-डे (प्रतिदिन) की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

## छोटा हाथी वाहन पलटा

**नगीना।** ग्राम तुखमापुर से नंदपुर मार्ग पर सब्जियों से भरा छोटा हाथी वाहन बाइक सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। दुर्घटना में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई और वाहन सवार सुरक्षित हैं। छोटा हाथी वाहन में दो लोग सवार थे, जो सुरक्षित बाहर निकल आए। हालांकि, उन्हें मामूली चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों के सहयोग से पलटे हुए वाहन को सीधा किया गया। पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया।

## अज्ञात शव मिलने से हड़कंप मचा

**नजीबाबाद।** मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम भागूवाला में सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का नहर किनारे शव मिलने से हड़कम्प मच गया। गश्त के दौरान राहगीरों ने घटना की पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक की आयु करीब 38 वर्ष बताई गई है। प्राथमिक जांच में किसी वाहन की टक्कर से उक्त व्यक्ति की मौत होने की आशंका जताई गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाई जा रही है।

## आरबीएस में रक्तदान शिविर

**नांगल सोती।** आरबीएस इंटर कॉलेज में गुरु नानक देव चैरिटेबल ब्लड ट्रस्ट सेंटर नजीबाबाद द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में सैकड़ों लोगों ने रक्तदान किया। प्रधानाचार्य राजीव चौहान ने सभी से अपील करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। हर व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। टीम में शमशेर सिंह, शुभम कुमार, अजय, आंचल, वरिष्ठ शिक्षक केशव शरण, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## समझौते के नाम पर रकम मांगने का आरोप

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के एक गांव में दो भाइयों के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। विवाद में दोनों पक्ष कई बार थाने भी आ चुके हैं। एक पक्ष की महिला का आरोप है कि उसे एक व्यक्ति मिला है तथा समझौता करने के नाम पर फोन पर उससे 30 हजार रुपए रिश्वत की डिमांड करने लगा। महिला के मना करने पर भी बार-बार व्यक्ति फोन पर रकम भेजने का दबाव बनाता रहा। महिला द्वारा रकम न देने पर उसे व उसके परिवार को झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेजने की धमकी फोन पर दी जा रही है। धमकी देने वाला व्यक्ति जनपद में ही पुलिस विभाग में खुद को उच्च पद पर बता रहा है। ऑडियो में थाना कोतवाली देहात में तैनात एक दरोगा का नाम भी लिया जा रहा है। ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। पीड़िता व उसका परिवार धमकी देने वाले व्यक्ति से भयभीत है।

## दायित्वों की प्रतिज्ञा दिलाई

**बिजनौर।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान की मासिक बैठक संस्थान सदस्य आशा अग्रवाल के आवास पर हुई। जिसमें संस्थान के नए पदाधिकारी चुने गए एवं उनके कार्य एवं दायित्वों की प्रतिज्ञा भी दिलाई गई। बैठक में अध्यक्ष संध्या अग्रवाल, उपाध्यक्ष आशा अग्रवाल, सचिव उषा शर्मा, कोषाध्यक्ष अलका अग्रवाल, नीना शर्मा एवं ममता शर्मा, मीडिया प्रभारी, उमा अग्रवाल और शशि शर्मा मौजूद रहीं। रीता अग्रवाल और रेखा अग्रवाल संरक्षिका, अंजू शर्मा व पूनम गुप्ता सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी चुना गया। सभी ने प्रतिज्ञा की कि हम देश हित में तन-मन-धन से और समय से सभी संस्थान एवं समाज के कार्य करेंगे। संस्थापिका सविता अग्रवाल ने बताया कि संस्था को 30 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इस उपलक्ष में नजीबाबाद मार्ग स्थित आरआर पब्लिक स्कूल में 25 अप्रैल को कार्यक्रम करने की तिथि सर्वसम्मति से तय हुई है। नित्या, सुरभि, अंजलि आदि उपस्थित रहीं।

## बाबा नन्हें मियां का सालाना उर्स आज

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला पाईबाग स्थित हजरत बाबा नन्हें मियां चिश्ती दरगाह पर एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें तय हुआ कि हर साल की तरह इस साल भी मजार का 97वां सालाना तीन दिवसीय उर्स बड़ी शानो शौकत के साथ आयोजित किया जायेगा। उर्स 8, 9 व 10 अप्रैल बाद नमाज ए फजर कुरान ख्वानी बाद शुरू होगा। उर्स में नमाज ए मगरिब लंगर तकसीम एवं बाद नमाज ए ईशा सूफियाना कव्वाली का आयोजन किया जाएगा।

## आरयूएम में फरजंद अली सम्मानित

**शेरकोट।** आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पीसीएस में 109वीं रैंक प्राप्त करने वाले फरजंद अली को फूल माला पहना कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। स्वागत समारोह में पहुंचे फरजंद अली को प्रबंधक फुरकान महमूद अंसारी ने सम्मानित करते हुए कहा कि यह शेरकोट के लिए गौरव की बात है। जिंदगी में पहली बार किसी स्थानीय बच्चे ने पीसीएस की परीक्षा पास की है। इससे अन्य बच्चों को प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं फरजंद अली ने स्कूल स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने बच्चों को सम्बोधित करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में शुरू से अब तक की कठनाईयों के बारे में बताया। बच्चों से उनके शिक्षा के जीवन को संवारने के एक मकसद बनाने की जरुरत है। उन्होंने सभी बच्चों से शिक्षा को बेहद जरुरी बताया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक फुरकान महमूद अंसारी, प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन, कैलाश चंद्र, विजयपाल सिंह, मौहम्मद नफीस अंसारी, शकील अहमद, सुरेंद्रपाल, रिहान अहमद, रईस अहमद, मौहम्मद आलम अंसारी, मौहम्मद रिजवान, अरशद हुसैन खां, मौहम्मद शहजाद, अबरार अहमद स्कूल स्टाफ सहित सभासद जावेद अंसारी, मैराज सिद्दीकी, नजाकत अल्वी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## टीबी मरीजों को बांटी पोषण पोटली

**बिजनौर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रेडियो संदेश बिजनौर की ओर से आज टीबी चिकित्सालय में सीएमओ डा. कौशलेंद्र सिंह एवं विशिष्ठ अतिथि स्वाति वीरा महाजन सचिव रेडियो संदेश ने टीबी के मरीजों को पोषण पोटली दी गई। साथ ही विश्व स्वास्थ्य दिवस की महत्ता बताते हुए कहा कि टीबी की नियमित जांच कराए, और उचित पोषण ले, सभी जांच सरकारी हॉस्पिटल में नि:शुल्क है सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाकर अपने को स्वस्थ रखे। स्वाति वीरा ने कहा कि आज हिंदुस्तान में टीबी के मरीजों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है। एक स्वस्थ व्यक्ति भी अपना सरकारी अस्पताल में नि:शुल्क एक्स-रे कराकर टीबी जांच और दवाइयां लेकर अपने को स्वस्थ रख सकता है, हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए, समय-समय पर जांच एवं अन्य आवश्यक सावधानी बरतनी चाहिए जिससे कि स्वस्थ रह सके इस मौके पर जिला क्षय अधिकारी अनिल कुमार सिंह, अता कौसर, नकुल कुमार, अरविंद यादव आदि एवं समाज सेवी डा. अख्तर हुसैन अंसारी, वीरा कॉलेज के निदेशक एवं निश्चय मित्र डा. अमित कुमार बंसल एवं समस्त रेडियो संदेश की टीम डा. अजय कुमार, सुनील भारद्वाज, शबाना बेग, मनोज यादव, संग्राम सिंह आदि मौजूद रहे।

# दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन

**विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस द्वारा नेहरू स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय अंर्तविभागीय खेल कार्यक्रम का समापन उत्साह और उमंग के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य आकर्षण वॉलीबॉल और क्रिकेट के मैच रहे। वॉलीबॉल मुकाबला काफी रोमांचक रहा, जिसमें कृष्णा ग्रुप के विभिन्न महाविद्यालयों की आठ टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में कृष्णा फार्मेसी कॉलेज ने 25-18 और 25-21 से कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड आईटी को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। विजेता टीम ने बेहतरीन समन्वय और कौशल के दम पर उपविजेता टीम पर जीत हासिल की। क्रिकेट मैच में खिलाड़ियों ने शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। दर्शकों की तालियों और उत्साह के बीच कृष्णा कॉलेज और कृष्णा इंस्टीट्यूट का मुकाबला बेहद रोमांचक रहा जिसके अंत में विजेता टीम कृष्णा कॉलेज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 55 रनों से खिताब अपने नाम किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि वन विभाग के उपखंड अधिकारी अंशुमान मित्तल, रेंजर महेश चंद्र गौतम, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार, कालेज के संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, लॉ कालेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां, साइंस कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, फार्मेसी प्राचार्य डा. अंकित कुमार सैनी, प्राचार्य डा. विवेक एवं महाविद्यालय की खेल समिति द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों और विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। भारतीय सेना में कार्यरत राष्ट्रीय स्तर के वॉलीबॉल खिलाड़ी शेखर जी ने भी अपनी उपस्थिति से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के खेल कौशल की सराहना की और भविष्य के लिए खेलों से जुड़े रहने के संकल्प के लिए प्रेरित किया।महाविद्यालय चेयरमैन मनोज कुमार ने खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि हर प्रतिभागी एक विजेता है।



**बेदखली सूचना**

मेरा पुत्र मौ0 शादाब व पुत्रवधू सानिया मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं और गलत संगत का शिकार हैं। मेरे साथ गाली गलौच व लड़ाई झगड़ा करने पर उतारू रहते हैं। जिससे परेशान होकर मैं मौ0 शादाब व पुत्रवधू सानिया से सभी संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**नसरीन पत्नि इकबाल**
निवासी: राशिद गार्डन, थाना मण्डी, जिला सहारनपुर।

# सीएम ग्रिड के निर्माण में जनता न हो परेशान: महापौर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सीएम ग्रिड फेज-2 योजनान्तर्गत बनने वाली सड़क का आवास विकास व जैन कॉलेज रोड के प्रमुख लोगों को स्क्रीन पर डेमो दिखाया गया।



नगर निगम के शाकुंभरी सभागार में महापौर डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कार्यदायी संस्था एसआरएस कंस्ट्रक्शन प्रा.लि. आगरा के प्रोजेक्ट मैनेजर हरेंद्र ने स्क्रीन पर परियोजना का डेमो दिखाते हुए बताया कि सीएम ग्रिड फेज-2 योजनान्तर्गत बनने वाली सड़क के दौरान वाटर लाइन, सीवर सर्विस लाइन, स्टार्म वाटर ड्रेन 450 एमएम हयूम पाइप, भूमिगत विद्युत लाइन कार्य, भूमिगत डक्ट का कार्य, फुटपाथ, स्ट्रीट लाइट-पोल्स एवं बोलार्ड, स्ट्रीट फर्नीचर( बैंच व डस्टबिन), रोड साइनेज तथा लेण्ड स्केपिंग एण्ड ग्रीनरी वर्क आदि कार्य किये जायेंगे।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि आज परियोजना से जुडे़ अधिकारियों, कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर तथा क्षेत्र के लोगों को बुलाने का उद्देश्य यह है कि सीएम ग्रिड-वन के निर्माण कार्य के दौरान जो परेशानियां क्षेत्रीय लोगों को आयी थी, इस बार लोगों को उनका सामना न करना पडे़। निर्माण कार्य चरणबद्धता के साथ इस तरह किया जाए कि सड़क चलती रहे और निर्माण कार्य से लोगों को परेशानी न हो। उन्होंने लोगों से भी निर्माण कार्य के दौरान निगम व कार्यदायी संस्था को सहयोग देने का आह्वान किया।

क्षेत्रीय पार्षद और क्षेत्रीय लोगों से भी सुझाव लिए गए। पार्षद दिग्विजय चौहान ने कहा कि दिल्ली रोड, आवास विकास व जैन कॉलेज रोड के आसपास काफी जलभराव बरसात में होता है, चूंकि नालों का ढलान और उनका जुड़ाव ठीक नहीं है। उनका सुझाव था कि नालों की लेवलिंग ठीक कराते हुए पानी निकासी की समस्या का समाधान भी इस परियोजना के तहत किया जाए अन्यथा जलभराव से सड़क खराब हो जायेगी। उन्होंने जैन कॉलेज रोड व आवास विकास में सड़क निर्माण में बाधा बनने वाले अतिक्रमण को हटाने पर भी जोर दिया।

क्षेत्र के सूरजमल, पूर्व पार्षद राजेंद्र चौधरी, संजय कपूर, अनिल महलका आदि ने भी अतिक्रमण व फुटपाथ को लेकर सुझाव दिए। उनका कहना था कि बरसात में काम शुरु न किया जाए और घरों के सामने फुटपाथ ज्यादा ऊंचे न रखे जाएं। डॉ. वीरेंद्र आजम का सुझाव था कि फुटपाथ कम चौडे़ रखते हुए पार्किंग के लिए स्थान अवश्य छोड़ा जाए। अधिशासी अभियंता विद्युत अवधेश कुमार व महाप्रबंधक स्मार्ट सिटी दिनेश सिंघल ने सड़क निर्माण व विद्युत केबलिंग तथा ट्रांसफार्मर लगाने को लेकर अनेक तकनीकी बातों से अवगत कराया। बैठक में महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, निर्माण विभाग के जेई मदनपाल, अनुज कुमार व अनूप सहित स्मार्ट सिटी के भी अनेक अधिकारी शामिल रहे।

# सांसद इकरा को दिया सम्मेलन का निमंत्रण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गुर्जर संसद एवं चिंतन सम्मेलन के भव्य कार्यक्रम का निमंत्रण देने के लिए आयोजकों का डेलीगेशन सांसद इकरा हसन से मिला और निमंत्रण सौंपा।



सहारनपुर प्रतिहार महासंघ द्वारा आने वाली 10 अप्रैल को जनमंच सभागार में एक विशाल गुर्जर सांसद एवं चिंतन सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का आमंत्रण देने के लिए आज बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के जिम्मेदार और आयोजक सांसद चौधरी इकरा से मिले और कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। इकरा हसन ने आए सभी आयोजकों का दिल से आभार प्रकट किया और कहा समाज की बेटी होने के नाते समाज उत्थान में जो भी कार्य होंगे उनमें बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी ली जाएगी और सदन तक समाज की मांग को मजबूती से रखा जाएगा।

सुदेश प्रधान और प्रवेश गुर्जर ने कहा कि आप समाज की बेटी हो समाज को बहुत आपसे आशा है समाज हित में सभी को साथ चलकर हर क्षेत्र में मजबूती देनी है।

इस मौके पर नीरज सहजवा, बबलू मनानी, सलीम अख्तर, विकी पूजना, सचिन चौहान, नरेंद्र राठौर, वीरसेन चौधरी, रवि पंवार, मनोज पंवार, मोहित चौधरी, लक्ष्य चौधरी, जसवीर सढौली, दानिश पंवार, अभिषेक टिंकू अरोड़ा, संदीप सैनी, मुबारक गुजर आदि मौजूद रहे।

## हिंसक बनी मारपीट व कहासुनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गांव फतेहपुर ढोल्ला में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी व मारपीट ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को दौडाकर हालत पर काबू पाया।

सोशल मीडिया पर हो रही वीडियो वायरल में लोग एक-दूसरे पर हमला करते नजर आ रहे हैं कुछ लोग हाथों में लाठी डंडे लेकर नीचे पडेएक व्यक्ति को बुरी तरह मारते पीटते दिखाई दे रहे है, और महिलाएं चीखती चिल्लाती नजर आ रही है। झगडे के दौरान सडक पर वाहनों की आवाजाही तक रुक गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरु करदी है।

# छात्राओं को दिए गए स्वास्थ्य टिप्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर ओब्स गायनी सोसाइटी ने जागरूकता शिविर एवं गोष्ठी आयोजित कर 14 वर्ष से अधिक उम्र की छात्राओं का निशुल्क स्वाथ्य परीक्षण किया।



खालसा पब्लिक स्कूल के सभागार मे छात्राओं के साथ काउंसलिंग करके उनकी समस्याओं का समाधान बताया। इस मौके पर 39 छात्राओं के रक्त मे हीमोग्लोबिन की जाँच के लिए नमूने एकत्र किये गये। सोसाइटी की वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य डा अनीता मलिक ने बताया कि जिन छात्राओं के खून मे हीमोग्लोबिन की मात्रा कम आएगी उन्हें सोसाइटी की और से मुफ्त दवा भी दी जाएगी।

इससे पूर्व गोष्ठी मे सोसाइटी की अध्यक्ष डा पूनम त्यागी, सचिव डा भारती कालड़ा, डा गायत्री सहगल ने छात्र छात्राओं को अपने एवं संसारबके प्राणियों के स्वास्थ्य के लिए फिजिकल, मेन्टल और सोशल रुप से सजग स्वस्थ निपुण रहने की शपथ भी दिलवाई।

कार्यक्रम मे खालसा स्कूल के प्रिंसिपल स. गोविंदर सिंह, वरिष्ठ सर्जन डा मुनेश त्यागी एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ क्षय रोग लैब पर्यवेक्षक एम पी सिंह चावला का विशेष सहयोग रहा।

# अरूणाचल प्रदेश पहुंचा आईआईए डेलिगेशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल के नेतृत्व में 25 सदस्यों के परिवारों का एक प्रतिनिधिमंडल अरुणाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडीज के दौरे पर गया।



आईआईए के सदस्यों द्वारा विश्व. विद्यालय के साथ 16 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम में अरुणाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री पासंग दोरजी सोना स्थानीय जिले नामसाई के दो विधायक एवं एक अन्य विधायक, विश्वविद्यालय की प्रेजिडेंट गार्गी लोचन, चेयरमैन अश्वनी लोचन, वाइस चां. सलर मि. झा तथा विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके पश्चात आईआईए का प्रतिनिधिमंडल परिवार सहित असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य के आतिथ्य में लोक भवन पहुँचा। राज्यपाल की उपस्थित मे आयुक्त उद्योग नरेंद्र शाह ने असम के औद्योगिक विकास, उन्नति एवं तीव्र प्रगति पर एक विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद मिगलानी, विन्नी मिगलानी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जोन हेड संजीव अरोड़ा, रचना अरोड़ा, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण राजीव सिंघल तथा राजेश सपरा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# हाईवे पर टला बड़ा हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** मंगलवार अलसुबह करीब छह बजे हाइवे पर एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया।

इस्लामनगर रोड की ओर से बाइक सवार युवक और एक किशोर सब्जी लेकर बाईक से सब्जी मंडी बेचने जा रहे थे। तभी नानौता की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई और वह दोनों पहियों के नीचे आ गए प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों युवक ट्रक ड्राइवर के ब्रेक लगाने के बावजूद भी कुछ इंच तक पहियों के साथ घिसटते चले गए। गनीमत रही कि वह पहियों के आगे ही रहे और कोई बड़ा हादसा होने से टल गया मौके पर मौजूद लोगों की सांसें थम गई, लेकिन तभी ट्रक चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल ब्रेक लगाए और वाहन को एक ओर मोड़ दिया, जिससे दोनों की जान बच सकी। लोगों का कहना है कि यदि चालक ने समय रहते नियंत्रण न किया होता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

हादसे के दौरान ट्रक चालक जिस साइड ट्रक को ले गया उस किनारे के ऊपर ऊंचे-ऊंचे सीमेंट के स्लैब रखे हुए थे। स्थिति ऐसी बन गई थी कि ट्रक के पहिए उन पर चढ़ते तो ट्रक पलट भी सकता था। इसी दौरान एक ई-रिक्शा भी ट्रक की चपेट में आ गया।

# संस्कार बनाते हैं श्रेष्ठ नागरिक: राजेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जैन समाज के अध्यक्ष राजेश जैन ने कहा कि जीवन की प्रारंभिक अवस्था में जो संस्कार दिये जाते है वहीं संस्कार बच्चों को श्रेष्ठ नागरिक बनाते है।

राजेश जैन आज जैन बाग स्थित श्रमण साधना केंद्र मे बच्चों के नैतिक धार्मिक शिक्षा संस्कार सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा बच्चों को जीवन की प्रारंभिक अवस्था में धार्मिक शिक्षा, नैतिक चरित्र, सत्य, ईमानदारी, जीव दया, करुणा के जो संस्कार दिए जाते हैं वही संस्कार भविष्य मे एक श्रेष्ठ नागरिक बनने मे कार्यकारी होते हैं, जो समाज और राष्ट्र के समग्र विकास में सहायक बनते है। विद्या ग्रेस फाउंडेशन के मुंबई से आये ट्रस्टी अंशुल जैन ने कहा कि विद्या ग्रेस फाउंडेशन देश में युवा कौशल योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा,जन आरोग्य योजना मे गंभीर रोगियो की शल्य चिकित्सा,नारी समृद्धि योजना, गौशाला एवं जीव दया योजना और त्यागी वर्ती आवास प्रवास आहार और संयम साधना योजना के अंतर्गत अनेक पुरुषों महिलाओं की आर्थिक सहायता कर उन्हें स्वावलंबी और आरोग्य बनाने में यथाशक्ति मदद कर रहा है।



जैन समाज के संरक्षक पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, व्रती श्रावक सीए अनिल जैन, प्रीति जैन, शोभा जैन, ममता जैन ने भी विचार रखे।

इस दौरान चौधरी अनुज जैन, उप चौधरी संदीप जैन, दीपक जैन, पंचान समिति के उपाध्यक्ष विपिन जैन, कोषाध्यक्ष अरुण जैन, उपमंत्री अविनाश नाटी, अजय जैन, नितिन जैन विपिन जैन, आदित्य जैन, विनोद जैन, राजीव-संजीव जैन, श्रेयांश जैन,संजय जैन, मुकेश जैन, मनीष जैन उपस्थित थे।

# चार पर मारपीट का मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम चालाकपुर निवासी पीड़ित ने 04 लोगों पर पीड़ित के भाई तथा उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित इकरार पुत्र गफ्फार निवासी ग्राम चालाकपुर थाना चिलकाना ने बताया है कि विगत 02 अप्रैल 26 को उसके चाचा के पुत्र की शादी की दावत ग्राम चालाकपुर मे थी। जिसमे बाहर से भी काफी मेहमान आये हुए थे। तभी शाम के समय पीड़ित के भाई जब्बार के साथ आरोपी इसरार पुत्र मीरहसन, बिलाल पुत्र इसरार निवासीगण ग्राम चालाकपुर व मेहमान उस्मान पुत्र जहूर, सद्धाम पुत्र जहूर निवासीगण ग्राम मुबा. रिकपुर थाना देहात कोतवाली जिला सहारनपुर ने गाली गलौच कर मारपीट करनी शुरू कर दी।

आरोप है कि मारपीट में पीड़ित के भाई जब्बार के नाक पर व कान पर जख्मी चोटें आई। यदि पीड़ित अपने भाई को बचाने लगा तो आरोपियों ने पीड़ित पर भी हमला किया जिससे उसे भी गुम चोट आई। मौके पर मौजूद कुछ लोगो द्वारा आरोपियों से उन्हें छुड़ाया गया। आरोपी वहां से जाते समय भी पीड़ित व भाई को जान से मारने की धमकी देकर गए। पीड़ित का कहना है कि तब से वह अपना ईलाज करा रहा था इसलिए उस समय तहरीर नही दे पाया था।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में दिखा अद्भुत कला का संगम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्व. विद्यालय, सहारनपुर में "मेराकी 5.0" के अंतर्गत नृत्य एवं गायन प्रतियोगिताओं का भव्य एवं सफल आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत नृत्य प्रतियोगिता से हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी अद्भुत कला और अभिव्यक्ति से सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निकिता, द्वितीय स्थान लाविजा तथा तृतीय स्थान काजल ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के संकाय समन्वयक के रूप में आराधना, मुस्कान एवं रुचिका ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि छात्र समन्वयक अब्दुल रहमान के कुशल प्रबंधन ने आयोजन को और अधिक सफल बनाया।

इसके उपरांत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी मधुर आवाज और सुरों के जादू से वातावरण को संगीतमय बना दिया। इस प्रतियोगिता के फैकल्टी कोऑर्डिनेटर के रूप में डॉ. आयुषी रावत एवं डॉ. प्रभात ने सराहनीय योगदान दिया। इसके छात्र समन्वयक शमसुद्दीन और अहकम अली रहे।



कार्यक्रम के दौरान निर्णायक मंडल में प्रो. वर्षा देवा, डॉ. आते. का बानो, डॉ. संदीप गुप्ता, डॉ. सना जकी, डॉ. बिलाल एवं मिश्रा आश्रित दुबे जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे, जिन्होंने निष्पक्षता एवं सूक्ष्मता के साथ प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया।

पूरे आयोजन में छात्रों ने अत्यंत उत्साह, ऊर्जा और रचनात्मकता के साथ सहभागिता की, जिससे कार्यक्रम जीवंत और यादगार बन गया। "मेराकी 5.0" के इस सफल आयोजन ने विश्व. विद्यालय में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक वातावरण को और अधिक समृद्ध किया।

# कॉलेज का वार्षिकोत्सव मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** चौधरी कलीराम डिग्री कॉलेज का वार्षिकोत्सव भाटखेड़ी रोड स्थित एमएस फार्म में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्रबंधक महेन्द्र सिंह नौसरान, प्राचार्य अमिता सिंह, सचिव रजनीश नौसरान राजसिंह यादव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आए प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिनमें फरहत, अन्नू,योगिता, श्रृद्धा, मोनिका, पारूल, आनंदी, अंशिका, सुमित कुमार, आरती, महक, मधु, समीक्षा, रिया, निकिता, खुशी, अभिषेक, जैसींकांत, कुनाल, पारूल, कार्तिक, अक्षित शामिल रहे।

# जहरीले पदार्थ का सेवन कर होमगार्ड ने किया आत्महत्या का प्रयास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एक होमगार्ड जवान ने कथित मानसिक तनाव के चलते जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हसनपुर निवासी सुरेश शर्मा (28) होमगार्ड विभाग में कार्यरत थे और परिवार का भरण-पोषण इसी नौकरी के माध्यम से कर रहे थे। परिजनों का आरोप है कि लगभग आठ महीने पूर्व, जुलाई माह में उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना और स्पष्ट कारण के सेवा से हटा दिया गया, जिसके बाद से वह लगातार मानसिक तनाव में थे। परिवार का यह भी आरोप है कि दोबारा नौकरी पर बहाली के नाम पर विभाग के कुछ अधिकारियों द्वारा तीन लाख रुपये की मांग की जा रही थी। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार उक्त राशि देने में असमर्थ रहा, जिससे सुरेश की परेशानी और बढ़ गई।

होमगार्ड के परिजनों के अनुसार, उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर न्याय की गुहार लगाई, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली। बताया जा रहा है कि नौकरी छूटने के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब हो गई और उन्हें मजदूरी तक करनी पड़ी।

# पहले दिन बैडमिंटन व योग में दिखाया दमखम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जेवी जैन कॉलेज में आज से तीन दिवसीय वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता शुरू हो गई। पहले दिन खिलाडियों ने बैडमिंटन व योग में अपना दमखम दिखाया।

कालेज परिसर में आयोजित प्रतियोगिता का उदघाटन पार्षद तथा राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बॉडीबिल्डर गौरव कपिल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी समाज का आईना होता है और आज हमारे देश को सबसे ज्यादा स्वस्थ व्यक्ति की जरूरत है जितने ज्यादा हम लोग खेल में रहेंगे उतना ज्यादा हम देश की अच्छी सेवा कर पाएंगे। उपप्राचार्य प्रोफेसर पंकज गुप्ता ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर हरवीर सिंह चौधरी ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद ज्ञापित किया।



बैडमिंटन पुरुष वर्ग के सेमी फाइनल मैच में शिवांश बंसल ने विपुल पवार को 21 -12 से तथा दक्ष त्यागी ने हर्ष पवार को 21-17 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच शिवांश बंसल तथा दक्ष त्यागी के बीच खेला गया जिसे शिवांश बंसल ने 21 -15 से जीतकर खिताब पर कब्जा किया। हर्ष पवार ने विपुल को 21-16 से हराकर तीसरा स्थान अर्जित किया। महिला वर्ग के सेमी फाइनल मैच में मुस्कान सिंह ने अक्षिता को 21-18, साक्षी गोयल ने स्वाती को 21 -19 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में अक्षिता ने स्वाति को 21-17 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। फाइनल मैच में मुस्कान सिंह ने साक्षी गोयल को 21-19 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। योगासन की प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में आकाश कुमार ने प्रथम, दीपक ने दूसरा तथा विवेक कुमार ने तीसरा, महिला वर्ग में मेगा ने प्रथम, आंचल ने दूसरा तथा वंशिका ने तीसरा स्थान हासिल किया। निर्णायक मंडल में मनीष कुमार, आचार्य भीम, तेजस्वी चौहान, साहिल कुमार शामिल रहे।

इस दौरान प्रो शुभ्रा चतुर्वेदी, प्रो नीता कौशिक, प्रो शशि नौटियाल, प्रो मुकेश कुमार, प्रो हरिओम गुप्ता, प्रो अशोक शर्मा, प्रो परविंद कुमार, प्रो धर्मेंद्र कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। संचालन प्रो संदीप गुप्ता ने किया। उन्होंने बताया कि कल दोपहर 2:30 बजे कॉलेज में वार्षिक सत्र 2024 25 अपनी कक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले के मेधावी छात्रों/ छात्राओं का पुरस्कार वितरण आयोजित होगा।

## सभासद ने कमिश्नर को पत्र लिखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर पंचायत सभासद तौकीर अहमद ने मंडलायुक्त को पत्र लिखकर अपनी ही पार्टी की नगर पंचायत अध्यक्षा पर गंभीर आरोप लगाते हुए पंचायत सभागार कक्ष मे कैमरे लगवाये जाने की मांग की।

मंडलायुक्त को लिखे गए पत्र बताया कि जब में नगर पंचायत सुल्तानपुर चिलकाना में बोर्ड की बैठक आयोजित की जाती है तो उक्त बैठक मे पारित प्रस्ताव पर ना तो नगर पंचायत अध्यक्षा द्वारा कोई ध्यान केंद्रित किया जाता ना ही उनका कोई भी उल्लेख नगर पंचायत के रजिस्टर मे किया जाता है। सभासद का आरोप है पंचायत अध्यक्षा द्वारा मनमाने ढंग से अन्य प्रस्ताव बिना सभासद सहमति के ही पास कर लिए जाते है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 8 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# क्या कुछ बड़ा होगा

इस समय पूरा विश्व सहमा दिखाई दे रहा है, जोकि स्वाभाविक भी है। सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इस बात को लेकर चर्चाएं गर्म हो रही हैं कि अपने अल्टीमेटम के अनुसार क्या अमेरिकी राष्ट्रपति आज (मंगलवार रात) ईरान पर ऐसा हमला करेंगे, जिसके बारे में उन्होंने अपनी प्रेस कान्फ्रेंस में कहा था, यह बात तो वह पहले ही कह चुके हैं कि वह जब चाहें ईरान को पाषाण युग में पहुंचा सकते हैं। उनकी कही इसी बात को ध्यान में रखते हुए ही तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं कि क्या अमे. रिका ईरान पर इस तरह का हमला करेगा, जैसा उसने अब तक किसी देश पर नहीं किया है। सारी दुनिया इसलिए सहमी हुई है, क्योंकि यह युद्ध भले ही पश्चिमी एशिया में ईरान व इस्राईल/अमेरिका के बीच हो रहा हो, लेकिन इसमें पूरी दुनिया झुलसती दिखाई दे रही है। इस युद्ध को जारी हुए 38 दिन हो गए हैं और समय के साथ-साथ इसकी तपिश और बढ़ती जा रही है। जनता अभी भी इस युद्ध से प्रभावित होती दिखाई दे रही है। कई देशों में पेट्रोल, डीजल व गैस की किल्लत शुरू भी हो गई है। हालांकि भारत में ऐसा नहीं है, लेकिन अगर यह युद्ध जारी रहता है, तो कहीं भी दिक्कत आगे चलकर आ सकती है। यह अपनी तरह का शायद पहला युद्ध है, जिसमें एक से बढ़कर एक हमले हो रहे हैं और बातचीत के दावे भी किए जा रहे हैं। मंगलवार को भी खबर आई, जिसमें अमेरिका के एक अधिकारी ने कहा है कि उनकी ईरान के नेताओं से बातचीत चल रही है। अधिकारियों की तरफ से यह भी कहा गया कि बातचीत अच्छी चली है, लेकिन साथ ही यह भी कह डाला कि यह ईरान के लिए अच्छा होगा कि वह ट्रम्प का अल्टीमेटम खत्म होने से पहले किसी नतीजे पर पहुंचें। ईरान के मिजाज को देखते हुए ऐसा नहीं लगता कि वह किसी भी तरह के युद्ध विराम को लेकर लचक दिखा रहा है। वैसे देखा जाए तो ईरान के तर्क में दम है। ईरान का कहना है कि अस्थायी युद्ध विराम का कोई मतलब नहीं है। अगर बातचीत हो, तो स्थायी युद्ध विराम पर हो। उस पर लगाए प्रतिबंध हटें, हमले बंद हों। इसी तरह की बातों का उसने दस शर्तों का अपना एजेंडा तैयार किया है। जाहिर है इस तरह की बातें अमेरिका को पसंद नहीं आई और जिस तरह की बातें अमेरिका कर रहा है वह ईरान को अस्वीकार्य हैं। वैसे देखा जाए तो इस समय अगर दुनिया उलझी हुई दिखाई दे रही है, तो इसके लिए अमेरिका ही ज्यादा जिम्मेदार है। अब तो उनके बयान गाली-गलौज के स्तर तक भी आ गए हैं। जिसकी आलोचना बाहर की दुनिया को तो छोड़िए खुद उनके देश में ही हो रही है। जिस तरह ईरान में पुल, यूनिवर्सिटी व ऊर्जा के संस्थान हमले की जद में आ रहे हैं, वह किसी भी सुपर पॉवर देश के मयार के खिलाफ ही कहे जाएंगे, लेकिन दिक्कत यह है कि आखिर ट्रम्प को समझाएं कौन।

## हिमंता बिस्वा सरमा घबराए और परेशान



कांग्रेस मीडिया विभाग चेयरमेन पवन खेड़ा के घर पर एक जनहित के मुद्दे पर सवाल उठाने के लिए पुलिस की पूरी फौज लगाना इस बात का प्रमाण है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा घबराए, परेशान और बौखलाए हुए हैं, यह कानून की उचित प्रक्रिया नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध है, राज्य की मशीनरी का इस्तेमाल विपक्ष की आवाज को दबाने और डराने के लिए किया जा रहा है, क्योंकि विपक्ष सरकार के काले कारनामों को उजागर कर रहा है, जो लोग डराने-धमकाने की राजनीति करते हैं, वही सबसे ज्यादा डरे हुए होते हैं और उनके पास छिपाने के लिए बहुत कुछ होता है, यह पूरी कार्रवाई इस बात का संकेत है कि असम के मुख्यमंत्री को अपनी हार साफ दिखाई दे रही है, इसलिए वह इस तरह के कदम उठा रहे हैं।

**-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# क्यों कम हुई हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की विश्वसनीयता






**रोहित कौशिक**

कोई भी इंसान हेल्थ इंश्योरेंस क्यों लेता है? जाहिर है कि इंसान हेल्थ इंश्योरेंस इसलिए लेता है कि बीमार होने पर अस्पताल के मोटे खर्चों का बोझ कुछ कम हो सके। इसीलिए एक आम इंसान थोड़े-थोड़े रुपये जोड़कर हेल्थ इंश्योरेंस की महंगी किश्त भरता है, लेकिन जब समय पर हेल्थ इंश्योरेंस भी काम न आ सके तो फिर हेल्थ इंश्योरेंस लेने का क्या लाभ है? जहां एक ओर अनेक हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां इस क्षेत्र में अच्छा काम कर रही है, वहीं दूसरी ओर अनेक हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों के खिलाफ अनेक शिकायतें भी आई हैं। कुछ समय पहले अस्पताल और बीमा कंपनियों के बीच कैशलेस इलाज को लेकर विवाद हो रहा था।

अस्पतालों के संगठन एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया (एएचपीआई) ने बीमा कंपनियों पर आरोप लगाया था कि बीमा कंपनियां इलाज की बढ़ती लागत को नहीं मान रही हैं। एएचपीआई का कहना था कि बीमा कंपनियां मनमानी कर रही हैं। एएचपीआई देशभर के कई अस्पतालों का संगठन है। इस संगठन का कहना था कि कोराना काल के बाद अस्पतालों का खर्च काफी बढ़ गया है। कारोना काल के बाद बदली हुई परिस्थितियों में अस्पतालों के लिए पुरानी दरों पर काम करना असंभव है। दूसरी तरफ बीमा कंपनियों का कहना था कि अस्पताल कोरोना काल के बाद उपजी परिस्थितियों के बहाने अनावश्यक रूप से इलाज का खर्च बढ़ा रहे हैं। बीमा कंपनियां अस्पतालों के खर्च को मनमानी वृद्धि बता रही थीं और रेट बढ़ाना नहीं चाहती थीं। इस विवाद का सीधा असर बीमाधारकों पर पड़ा। कुछ कंपनियां हेल्थ इंश्योरेंस के क्षेत्र में बेहतर तरीके से क्लेम दे रही हैं लेकिन अनेक लोगों का कहना है कि कुछ कंपनियां क्लेम देने में लोगों को काफी परेशान करती हैं। हालांकि हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों का कहना है कि हम उपभोक्ताओं के लिए ही हैं और उपभोक्ताओं को समस्त सुविधाएं देना चाहते हैं लेकिन हमें क्लेम देने से पहले सारी जांच करनी होती है ताकि लोग फर्जी तरीके से क्लेम न ले सकें। भारत में ज्यादातर लोग इस उम्मीद में केशलेस मेडिकल इंश्योरेंस लेते हैं कि जब वे अस्पताल में एडमिट होंगे तो उन्हें उस समय अपनी जेब से रूपए जमा नहीं करने पड़ेंगे बल्कि इंश्योरेंस कंपनी सीधे अस्पताल को पेमेंट कर देगीं। कुछ समय पहले हुए इस विवाद में दोनो पक्ष एक दूसरे को ब्लैक लिस्ट कर रहे थे। हालांकि अब कहा जा रहा है कि कुछ कंपनियों के साथ यह विवाद सुलझा लिया गया है। एएचपीआई का आरोप था कि कुछ हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों ने बहुत सारे अस्पतालों को ब्लैक लिस्ट कर दिया था। एएचपीआई ने इन कंपनियों से यह अपील की थी कि आप यह ब्लैक लिस्ट हटाइए और रोगियों को कैशलेस सुविधा दीजिए। दूसरी तरफ हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों ने अस्पतालों से कहा था कि आप इलाज का दाम कम कीजिए। इसके बाद एएचपीआई ने चेतावनी दी थी कि वह इन कंपनियों की लगातार आ रही शिकायतों के कारण इन कंपनियों के पॉलिसीधारकों के लिए कैशलेस सेवाएं बंद करेगा। पिछले दिनों एक हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने पूरे भारत में मैक्स हॉस्पिटल के लिए कैशलेस इलाज सुविधा को स्थगित कर दिया था। बाद में कुछ अन्य मेडिकल इंश्योरेंस कंपनियों ने भी एक हॉस्पिटल के साथ कैशलेस इलाज की सुविधा बंद कर दी थी। इन कंपनियों का कहना था कि पॉलिसीधारक के लिए कैशलेस सेवाएं अब भी देशभर के कई अच्छे अस्पतालों में उपलब्ध हैं। इन कंपनियों का कहना था कि बीमाधारकों के लिए उन्होंने प्राथमिकता के साथ फास्ट ट्रेक रिइंबर्समेंट क्लेम प्रोसेसिंग की सुविधा शुरू की है।

यह सही है कि धीरे-धीरे हमारे देश की स्वास्थ्य सेवाओं मे सुधार हो रहा है लेकिन जनसंख्या को देखते हुए अभी भी स्वास्थ्य सेवाओं में बहुत ज्यादा सुधार की जरूरत है। पिछले दिनों नीति आयोग ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए खर्च बढ़ाने की जरूरत बताई थी। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में जीडीपी का मात्र डेढ़ फीसद ही खर्च होता है। दुनिया के कई देश स्वास्थ्य सेवाओं की मद में आठ से नौ फीसद तक खर्च कर रहे हैं। जब इस दौर में भी गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए अस्पतालों में स्ट्रेचर जैसी मूलभूत सुविधाएं न मिल पाएं, तो देश की स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठना लाजमी है। इस प्रगतिशील दौर में भी ऐसी अनेक खबरें प्रकाश में आई हैं कि जब अस्पताल गरीब मरीज के शव को घर पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं करा पाए। एक तरफ मरीज व्यवस्था की मार झेलता है तो दूसरी तरफ महंगी स्वास्थ्य सेवाओं से उसकी कमर टूट जाती है। ऐसे माहौल में यदि हेल्थ इंश्योरेंस का पूरा लाभ भी न मिल पाए तो इससे शर्मनाक और क्या हो सकता है ?

दरअसल पिछले कुछ समय से हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की काफी शिकायतें आ रही हैं। जब मरीज अस्पताल में भर्ती हो जाता है तो हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां काफी तरह के नखरे करती हैं। अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान बीमार इंसान के परिजनों को काफी समस्याओं का सामना करता है। कैशलेस मेडिकल इंश्योरेंस में भी कंपनियां अस्पतालों को पैसा भेजने में कई तरह की औपचारिकताएं पूरी करती हैं। इसके बावजूद कई बार अस्पतालों को पैसा नहीं भेजा जाता है। उस समय अस्पताल के संचालक रोगी के परिजनों को परेशान करते हैं। जिन अस्पतालों में कैशलेस सुविधा उपलब्ध नहीं होती है, वहां मरीज को पहले अस्पताल में अपनी जेब से रूपए देने होते हैं। बाद में बीमाधारक के पास मेडिकल इंश्योरेंस कंपनी से रूपए आते हैं। इस प्रक्रिया में भी मरीज और परिजनों को काफी परेशान किया जाता है। कभी कंपनी कहती है कि यह पेपेर भेजो, कभी कहती है कि वह पेपर भेजो। कभी कहती है कि मेल भेजो। कभी कहती है कि डॉक्टर से अमुक बात लिखवाओ। यानी जो हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां पॉलिसी लेने के लिए जी जान लगा देती हैं। जो इंश्योरेंस कंपनियां पॉलिसी लेते वक्त विनम्र बनी रहती हैं, वे ही कंपनियां हेल्थ इंश्योरेंस का धन देने के वक्त तमाम तरह की औपचारिकताएं पूरी करवाकर भी पैसा देने में आनाकानी करने लगती है। यही कारण है कि एक-दो मेडिकल इंश्योरेंस कंपनियां तो इस मामले में काफी बदनाम हो चुकी हैं। क्लेम देने में आनाकानी करने के कारण ऐसी कंपनियों की काफी शिकायतें आ रही हैं। हालांकि सभी कंपनियां सभी मामलों में धन जारी करने में आनाकानी नहीं करती हैं। कई लोग हेस्थ इंश्योरेंस कंपनियों पर अब भी पूरा भरोसा करते हैं। इसके बावजूद पिछले कुछ समय से हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की विश्वसनीयता कम हुई है। इसका सीधा असर बीमाधारकों पर पड़ रहा है। इस मामले में हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की अपनी परेशानी है लेकिन कंपनियों को उपभोक्ता के हितों का ध्यान भी रखना होगा ताकि हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की विश्वसनीयता बनी रह सके। इस दौर में जबकि निजी चिकित्सा सुविधाएं काफी महंगी होती जा रही है, जनता को हेल्थ इंश्योरेंस की काफी जरूरत है।

**लोगों को अपशिष्ट प्लास्टिक उपयोग से बचने के लिए प्रेरित करना चाहिए और पुन: चक्रीय सामग्रियों का पुनर्चक्रण करने के लिए उत्साहित करना चाहिए। वृक्षारोपण कार्यक्रमों को समर्थन देना चाहिए जो जल, वायु और प्रदूषण को कम करने में मदद कर सकते हैं। कचरा प्रबंधन सही ढंग से कचरा प्रबंधन करना चाहिए।**

# प्रदूषण से यूं ही बच पाना आसान नहीं

## समय रहते कुछ न कुछ करने की जरूरत, नहीं तो परिणाम गंभीर

प्रदूषण एक समस्या है जो विश्वभर में बढ़ रही है और इसका असर सभी क्षेत्रों में महसूस हो रहा है। भारत में भी प्रदूषण की स्थिति गंभीर है और इसे नियंत्रित करने के लिए कदम उठाना आवश्यक है।

**प्रदूषण के प्रकार**

प्रदूषण कई प्रकार का हो सकता है, जैसे कि वायु, जल, ध्वनि, भूमि, और अन्य। वायु प्रदूषण में उदाहरण के लिए उद्योगी उद्यमों से निकलने वाले वायुमंडल के अनैतिक अंशों का समाहित होना शामिल है, जबकि जल प्रदूषण में जल स्रोतों में आने वाले विभिन्न आपदाएं शामिल हैं।

**प्रदूषण के कारण**

प्रदूषण के कारणों में व्यक्तिगत उपयोग, उद्योग, वाहन, और अन्य शामिल हैं। बढ़ती जनसंख्या और अत्यधिक उपभोक्ता सामग्रियों का उपयोग भी महत्वपूर्ण कारक हैं।

**प्रदूषण के प्रभाव**

प्रदूषण के प्रभावों में स्वास्थ्य समस्याएं, जलवायु परिवर्तन, और वन्यजीव संरक्षण की समस्याएं शामिल हैं। यह समस्याएं समृद्धि की दिशा में बड़े आंकड़े हैं और समाधान की आवश्यकता है।

भारत में बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। यहां सुझाव दिए जा रहे हैं जो लोग पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में योगदान कर सकते हैं-

**विद्युत स्रोतों का परिवर्तन**

अधिकतम विद्युत स्रोतों का उपयोग करना जैसे कि सौर ऊर्जा और वायु ऊर्जा को बढ़ावा देना प्रदूषण को कम करने में मदद कर सकता है।

मुख्य रूप से शीतकालीन मौसम में दिल्ली में बढ़ता प्रदूषण और प्रदूषण से जुड़े प्रॉब्लम्स में से एक है पाराली या पराली प्रदूषण। यह समस्या अक्टूबर और नवम्बर महीने में उत्तर भारत क्षेत्रों से आती है, जिसमें किसान अपने खेतों की फसल की शेषांशों को जला देते हैं। यह आमतौर पर उत्तर प्रदेश, हरियाणा, और पंजाब से आने वाली होती है।



पराली प्रदूषण के कारण दिल्ली में वायुमंडल में स्थानीय प्रदूषण की मात्रा में वृद्धि होती है, जिससे प्रदूषण का स्तर बहुत अधिक हो जाता है। यह प्रदूषण सांस लेने में कठिनाई, आंतरगत संघर्ष, और बच्चों और बूढ़ों के लिए स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। सरकार और नागरिक समूह इस समस्या का हल निकालने के लिए कई कदम उठा रहे हैं, जैसे कि पराली जलाने की प्रवृत्ति को कम करने के लिए किसानों को उत्तरदाताओं के साथ बातचीत करने के प्रेरित करना और पर्यावरण के लिए सही उपायों की ओर बढ़ना।

**पब्लिक परिवहन का उपयोग**

व्यक्तिगत वाहनों की तुलना में पब्लिक परिवहन का उपयोग करना प्रदूषण को कम कर सकता है।

**अपशिष्ट प्लास्टिक उपयोग को कम करें**

लोगों को अपशिष्ट प्लास्टिक उपयोग से बचने के लिए प्रेरित करना चाहिए और पुन: चक्रीय सामग्रियों का पुनर्चक्रण करने के लिए उत्साहित करना चाहिए।

**वृक्षारोपण**

वृक्षारोपण कार्यक्रमों को समर्थन देना चाहिए जो जल, वायु, और प्रदूषण को कम करने में मदद कर सकते हैं।

**कचरा प्रबंधन**

सही ढंग से कचरा प्रबंधन करना चाहिए, इसमें रीसाइक. लिंग और शुद्धिकरण के प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए।

**उचित जल संवेदनशीलता**

जल संवेदनशीलता बढ़ाना चाहिए, और उचित जल उपयोग करने के लिए समर्थन देना चाहिए।

**संगठनित प्रयास**

लोगों को सामूहिक रूप से पर्यावरण के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित करें, सामूहिक पर्यावरण संरक्षण परियोजनाओं में भाग लेने के लिए उत्साहित करना चाहिए।

# तेल की तलवार : पश्चिम एशिया संकट में भारत की अग्नि परीक्षा

दशकों पहले युद्ध केवल सीमाओं पर जमीन के टुकड़ों के लिए लड़े जाते थे लेकिन 2026 का यह दौर गवाह है कि आधुनिक युद्ध 'संप्रभुता' से ज्यादा 'संसाधनों' का है। युद्ध की गोलियां, मिसाइलें अब ऊर्जा की पाइपलाइनों और तेल के टैंकरों पर चलती है। पश्चिम एशिया में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच छिड़ा यह त्रिकोणीय संघर्ष भी महज जमीन का विवाद नहीं है बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की जीवन. रेखा 'ऊर्जा आपूर्ति' पर नियंत्रण की जंग है। भारत के लिए यह संकट केवल पैट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों तक सीमित नहीं है बल्कि यह एक ऐसी राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौती है, जिसने देश के सामने एक अ. श्य 'ऊर्जा लॉकडाउन' का खतरा पैदा कर दिया है। जब संसद में प्रधानमंत्री ने इस संकट की तुलना 'कोरोना काल' की विभीषिका से की तो उनका आशय घर में बंद होने से नहीं बल्कि उस वैश्विक अनिश्चितता से था, जो किसी भी क्षण भारत की विकास दर के पहियों को जाम कर सकती है। यदि 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' पर ताला लगता है तो भारत की रगों में दौड़ने वाला 60 प्रतिशत तेल और एलएनजी का प्रवाह थम जाएगा, जो देश को एक भयावह 'ऊर्जा लॉकडाउन' की ओर धकेल सकता है।

**होर्मुज की घेराबंदी**

विश्व मानचित्र पर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज वह संकरा जलमार्ग है, जिससे दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत कच्चा तेल और भारी मात्रा में एलएनजी गुजरती है। ईरान द्वारा इस जलमार्ग को प्रभावित करने का अर्थ है, वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की गर्दन दबाना। फरवरी 2026 के अंत से शुरू हुए इस युद्ध ने मात्र पांच हफ्तों में कच्चे तेल की कीमतों को 85 डॉलर से 110 डॉलर के पार पहुंचा दिया है। भारत अपनी एलपीजी जरूरतों का 40 प्रतिशत अकेले कतर से पूरा करता है। कतर के रास लाफान एलएनजी प्लांट पर हुए हमलों ने न केवल उत्पादन घटाया है बल्कि भारत के घरेलू चूल्हों तक पहुंचने वाली गैस की कीमतों में आग लगा दी है। युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक कच्चे तेल की कीमतें 85 डॉलर से उछलकर 110 डॉलर प्रति बैरल को छू रही हैं। भारत के लिए गणित सीधा और क्रूर है, कच्चे तेल में 10 डॉलर की हर बढ़ोतरी हमारे चालू खाता घाटे में लगभग 12-15 अरब डॉलर की वृद्धि करती है। यह स्थिति हमें दो टूक शब्दों में चेतावनी दे रही है कि पराई बैसाखियों पर टिकी ऊर्जा सुरक्षा कभी भी धराशाई हो सकती है।

## सामरिक पैट्रोलियम भंडार: क्या पर्याप्त है चंद दिनों की सुरक्षा ?

ऊर्जा सुरक्षा के मोर्चे पर भारत की सबसे बड़ी कमजोरी उसका सीमित सामरिक पैट्रोलियम भंडार है। दुनिया के विकसित देश जैसे अमेरिका, जापान और चीन अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए 90 दिनों का 'स्ट्रैटिजिक पेट्रोलियम रिजर्व' रखते हैं, वहीं भारत की स्थिति चिंताजनक है। वर्तमान में हमारे पास विशाखापट्टनम, मंगलुरु और पाडुर में कुल 53।3 लाख टन का भंडार है, जो मुश्किल से 9 दिन की आपूर्ति कर सकता है। हालांकि दूसरे चरण में चंडीखोल और बीकानेर जैसे स्थानों पर भंडार क्षमता बढ़ाकर इसे 60-65 दिनों तक ले जाने की योजना है लेकिन इसकी गति 'युद्धस्तर' पर नहीं है। हमारे मौजूदा भंडार का करीब 36 प्रतिशत हिस्सा खाली पड़ा है। एक तरफ हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का स्वप्न देख रहे हैं और दूसरी तरफ हमारी ऊर्जा की 'लाइफलाइन' केवल कुछ दिनों के स्टॉक पर टिकी है। यदि आज हमारे पास 90 दिनों का सुरक्षित भंडार होता तो भारत को अपनी विदेश नीति में तटस्थता का नाटक नहीं करना पड़ता बल्कि वह एक सशक्त वैश्विक खिलाड़ी की तरह अपना पक्ष रख सकता था। यदि होर्मुज जलडमरूमध्य 30 दिनों के लिए बंद हो जाता है और भारत के लिए आपूर्ति बाधित होती है तो भारत की अर्थव्यवस्था 'वेंटिलेटर' पर आ जाएगी। इसलिए चंडीखोल और बीकानेर में प्रस्तावित दूसरे चरण के भंडारों का निर्माण युद्धस्तर पर होना अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता है।

## कूटनीतिक विवशता और स्वतंत्रा विदेश नीति का संकट

भारत की रणनीतिक स्वायत्तता आज तेल की निर्भरता के कारण परीक्षा की घड़ी में है। तेल की निर्भरता केवल आर्थिक बोझ नहीं बल्कि कूटनीतिक बेड़ियां भी है। भारत को अपने पुराने और रणनीतिक मित्र ईरान का साथ छोड़कर इजरायल और अमेरिकी समर्थित खाड़ी देशों के पाले में खड़े होने पर मजबूर होना पड़ा है। यह बदलाव केवल नीतिगत नहीं बल्कि विवशतापूर्ण है। खाड़ी देशों में रहने वाले 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा और वहां से आने वाला 'रेमिटेंस' भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इसलिए खाड़ी देशों में रहने वाले 90 लाख भारतीय प्रवासियों के हितों और तेल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ही भारत को अपनी स्वतंत्र विदेश नीति से समझौता करना पड़ रहा है। जब तक हम ऊर्जा के लिए आयात पर 85 प्रतिशत निर्भर रहेंगे, तब तक हमारी विदेश नीति की चाबी विदेशी राजधानियों के हाथों में रहेगी और वाशिंगटन या तेहरान में होने वाली हर हलचल नई दिल्ली के माथे पर चिंता की लकीरें खींचती रहेगी। यह युद्ध हमें सिखाता है कि सच्ची संप्रभुता केवल सीमाओं की रक्षा में नहीं बल्कि ऊर्जा की आत्मनिर्भरता में निहित है।

## अफवाहों का बाजार व डैमेज कंट्रोल

युद्ध के बीच भारत में लॉकडाउन की अफवाहों ने पैनिक पैदा किया है। हालांकि, तीन मंत्रियों निर्मला सीतारमण, किरेन रिजिजू और हरदीप पुरी ने स्पष्ट किया कि देश सुरक्षित है। सरकार की ओर से दावा किया जा रहा है कि भारत के पास तेल और गैस की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विविधीकृत स्रोत हैं और पैनिक की कोई आवश्यकता नहीं है लेकिन सतर्कता और ऊर्जा संरक्षण हमारा सामूहिक धर्म है। सरकार का यह स्पष्टीकरण अल्पकालिक राहत तो देता है लेकिन एक दीर्घकालिक प्रश्न भी छोड़ता है कि क्या हम हर संकट के समय केवल डैमेज कंट्रोल ही करते रहेंगे या भविष्य की नींव रखेंगे? वैश्विक ऊर्जा संकट और बढ़ती आयात निर्भरता के इस दौर में वैकल्पिक ऊर्जा अब केवल एक विकल्प नहीं बल्कि राष्ट्रीय अनिवार्यता बन चुकी है। ऊर्जा आत्मनिर्भरता ही सच्ची स्वतंत्रता का आधार है और भारत को इस दिशा में निर्णायक कदम उठाने होंगे। प्रधानमंत्री की मुफ्त बिजली योजनाएं और रूफटॉप सोलर मिशन केवल नीतिगत पहल नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत के सशक्त आधारस्तंभ हैं। भारत में 33 करोड़ एलपीजी उपभोक्ता हैं, जो बड़े पैमाने पर आयातित ईंधन पर निर्भर हैं। यदि रसोई को इंडक्शन कुकिंग और एथनॉल आधारित विकल्पों की ओर मोड़ा जाए तो न केवल खर्च कम होगा बल्कि ऊर्जा आयात का बोझ भी घटेगा। लगभग 8 रूपए प्रति यूनिट की दर से बिजली पर खाना बनाना एलपीजी की तुलना में किफायती है, वहीं कृषि अवशेषों से बनने वाला एथनॉल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे सकता है। इससे 'अन्नदाता' ही 'ऊर्जादाता' बन सकता है। परिवहन क्षेत्र में विद्युतीकरण भी उतना ही आवश्यक है। वर्तमान में तेल की सबसे अधिक खपत इसी क्षेत्र में होती है जबकि बिजली की हिस्सेदारी नगण्य है। यदि सार्वजनिक और वाणिज्यिक परिवहन को इलैक्ट्रिक किया जाए तो अरबों डॉलर की विदेशी मुद्रा बचाई जा सकती है। सौर ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे विकल्प भारत को स्थाई, स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा भविष्य की ओर ले जा सकते हैं। अब समय आ गया है कि भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में निर्णायक परिवर्तन करे।

**-योगेश कुमार गोयल**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### डब्ल्यूएचओ ने गाजा से मेडिकल निकासी रोकी

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने गाजा पट्टी से मरीजों की चिकित्सा निकासी अस्थाई रूप से रोक दी है। यह निर्णय संगठन से जुड़े एक कर्मचारी की मौत के बाद लिया गया। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेएसस ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि गाजा में संगठन के लिए कार्य कर रहे एक व्यक्ति की सुरक्षा से जुड़ी घटना में मृत्यु हो गई है और मामले की जांच संबंधित प्राधिकरणों द्वारा की जा रही है।

### विक्रम मिश्री आठ अप्रैल को अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिश्री से 10 अप्रैल तक अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। मिकी यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब वैश्विक अनिश्चितताएं बढ़ रही हैं। इस यात्रा का उद्देश्य प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करना और साथ ही महत्वपूर्ण क्षेत्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों का समाधान करना है। विदेश मंत्रालय के अनुसार विदेश सचिव की अमे. रिका यात्रा भारत-अमेरिका संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करने और व्यापार, रक्षा तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी।

### कैंसर से जूझ रहे लोगों ने श्रीनगर में बिताया उम्मीद भरा दिन

**श्रीनगर।** अस्पताल के माहौल से बाहर निकलकर कश्मीर के प्रसिद्ध ट्यूलिप गार्डन में पहुंचे कैंसर से जूझ रहे बच्चों के लिए मंगलवार का दिन खुशी और उम्मीद से भरा रहा। जबरवान पर्वत शृंखला की तलहटी में स्थित एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप उद्यान में आयोजित इस विशेष भ्रमण का उद्देश्य उपचार के बीच बच्चों का मनोबल बढ़ाना और उन्हें कुछ सुकून भरे पल देना था। शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान (स्किम्स) के चार से 18 वर्ष की उम्र के बच्चे इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# ईरान समर्थित समूहों का अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन हमला

## हमलों को ईरान के खिलाफ जारी अमेरिका-इजरायल अभियानों के प्रतिशोध के रूप में देखा जा रहा

बगदाद/दमिश्क। इराक और सीरिया में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान समर्थित समूहों ने ड्रोन हमले किए गए हैं। इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक के बैनर तले सक्रिय इन समूहों द्वारा किए गए हमलों को पश्चिम एशिया में ईरान के खिलाफ जारी अमेरिका-इजरायल अभियानों और अन्य क्षेत्रीय संघर्षों के प्रतिशोध के रूप में देखा जा रहा है।

इराकी मीडिया के अनुसार, इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्दिस्तान क्षेत्र में स्थित 'हरीर एयरबेस' पर मंगलवार तड़के एक मानव रहित विमान (ड्रोन) से हमला किया गया। अधिकारियों ने अभी तक हताहतों की संख्या या क्षति के विस्तार के बारे में विवरण जारी नहीं किया है। किसी भी समूह ने आधिकारिक तौर पर इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, 'इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक' ने घोषणा की है कि उसने पिछले 24 घंटों के दौरान इराक और पूरे क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर आत्मघाती ड्रोनों से कम से कम 11 हमले किए हैं।

एक संबंधित घटना में, इराक-सीरिया सीमा के पास पूर्व अर्धसैनिक गठबंधन 'हशद अल-शाबी' (जिसे पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज के रूप में भी जाना जाता है) का एक लड़ाका मारा गया। स्थानीय मीडिया के अनुसार, गठबंधन ने इस हमले के लिए अमेरिकी और इजरायली सेना को जिम्मेदार ठहराया है। स्थानीय मीडिया ने गठबंधन के हवाले से बताया कि आज सुबह 4 बजे अनबार प्रांत के कायम जिले में 45वें ब्रिगेड पर विश्वासघाती अमेरिकी-इजरायली हमला किया गया।



- अधिकारियों ने अभी तक हताहतों की संख्या या क्षति के विस्तार के बारे में विवरण जारी नहीं किया
- पिछले 24 घंटों के दौरान इराक और पूरे क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर आत्मघाती ड्रोनों से कम से कम 11 हमले किए हैं

### ईरान के पारदीस प्रांत में अमेरिका-इजरायल हमला, छह की मौत

**तेहरान।** ईरान के पूर्वी प्रांत पारदीस में अमेरिका और इजरायल के हमले में तीन बच्चों समेत कम से कम छह लोग मारे गए हैं। मेहर न्यूज एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस बीच सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके वायु रक्षा बल ने सोमवार रात को देश के पूर्वी प्रांत में तेल इंडस्ट्री की जगहों के पास सात बैलिस्टिक मिसाइलों को रोक दिया। रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि पूर्वी प्रांत की ओर दागी गई सात बैलिस्टिक मिसाइलों को इंटरसेप्ट करके नष्ट कर दिया गया। मंत्रालय ने कहा कि बैलिस्टिक मिसाइलों के टुकड़े ऊर्जा स्थलों के पास गिरे हैं। नुकसान कितना हुआ है, इसका अंदाजा लगाया जा रहा है। पिछले कुछ घंटों में, वायु रक्षा प्रणाली ने देश के ऊपर 18 ड्रोन को रोका है। उल्लेखनीय है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने तेहरान समेत ईरान के ठिकानों पर हमले किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान ने इसके जवाब में इजराइली इलाके और पश्चिम एशिया में अमरीकी सैन्य ठिकानों पर हमला किया।

### ईरान के लिए जासूसी करने के आरोप में दो हिरासत में

दोहा। बहरीन के लोक अभियोजक कार्यालय ने कहा कि ईरान के लिए जास. ूसी करने की कथित योजना में दो संदिग्धों को बहरीन के कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने हिरासत में लिया है। बहरीन में अभियोजक कार्यालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि जासूसी करने और खुफिया सेवाओं तथा आतंकवादी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के लिए काम करने के आरोप में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। बयान में आगे कहा गया कि आरोपियों पर देश में संवेदनशील ठिकानों की निगरानी करने, उनके बारे में जानक. ारी एकत्रित करने और उसे ईरान को हस्तांतरित करने का संदेह है। पिछले सप्ताह बहरीन में ईरान के लिए जासूसी के आरोप में हिरासत में लिए गए 32 वर्षीय व्यक्ति की पुलिस हिरासत में मौत के बाद विरोध प्रदर्शन हुए। उनके परिवार ने पुलिस पर जांच के दौरान यातना देने का आरोप लगाया लेकिन बहरीन के अधिकारियों ने इससे इनकार कर दिया। स्थानीय मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के अनुसार, ईरान में संघर्ष शुरू होने के बाद से बहरीन के अधिकारियों ने कम से कम 250 लोगों को हिरासत में लिया है।

### युद्ध खत्म करने की कूटनीतिक कोशिशें 'निर्णयात्मक' चरण में: मोगादम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रेजा अमीरी मोगादम ने कहा है कि उनके देश के साथ अमेरिका-इजरायल युद्ध को रोकने की चल रही कूटनीतिक कोशिशें 'निर्णयात्मक, नाजुक' चरण में है, हालांकि उन्होंने और जानकारी नहीं दी।ईरान के अमेरिकी सम्पतियों और इलाके के दूसरे लक्ष्यों पर जवाबी हमलों के बाद खाड़ी के कई पारंपरिक मध्यस्थों के इस लड़ाई में शामिल होने के बाद पाकिस्तान एक मध्यस्थ के तौर पर सामने आया है। एक्सियोस ने एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के हवाले से कहा कि अगर कोई कूटनीतिक समाधान जल्द ही होता दिखता है, तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के खिलाफ आगे की कार्रवाई में देरी कर सकते हैं।



### ईरान पर बातचीत अब भी जटिल, पक्ष बंटे हुए: रिपोर्ट

**अनताल्या।** ईरान युद्ध को खत्म करने से संबंधित बातचीत चुनौतीपूर्ण बनी हुई है और मूल मुद्दों पर दोनों पक्षों के बीच असहमति बरकरार है। तुर्की सरकार के एक सूत्र ने यह दावा किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि अमेरिका-ईरान बातचीत सही दिशा में बढ़ रही हैं, हालांकि तुर्की सरकार के इस सूत्र ने ट्रम्प के दावे से बिल्कुल विप. रीत बयान दिया है। स्पूतनिक की एक रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से कहा गया कि ईरान वार्ता बेहद तनावपूर्ण माहौल में चल रही है। दोनों पक्ष कई अहम मुद्दों पर अब भी असहमत हैं। इसकी वजह से समझौता मुश्किल हो गया है और पहले से अधिक कूटनीतिक प्रयासों की जरूरत बढ़ गई है।

# चीन पर क्यों नहीं पड़ा तेल संकट का असर

## 20 साल पहले इमरजेंसी भंडार बनाए, नए तरीकों से बिजली, केमिकल के लिए भी निर्भर नहीं

**बीजिंग।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच जहां कई देश ऊर्जा संकट से जूझ रहे हैं, वहीं चीन पर इसका असर बाकी दुनिया के मुकाबले कम दिखाई दे रहा है।

इसकी वजह यह है कि चीन खुद को कई सालों से ऐसे हालात के लिए तैयार कर रहा था। चीन दुनिया का सबसे बड़ा तेल खरीदने वाला देश है, इसलिए अगर तेल की सप्लाई में रुकावट आती है तो उसे सबसे ज्यादा नुकसान होना चाहिए था। लेकिन चीन ने पहले से ही बड़ी मात्रा में तेल जमा करके रखा हुआ है। इसके अलावा चीन बिजली से चलने वाले सिस्टम पर शिफ्ट कर चुका है और कोयले से भी जरूरी चीजें बना रहा है। चीन ने धीरे-धीरे अपनी ऊर्जा पालिसी को इस तरह बदला कि वह वैश्विक सप्लाई शाक का सामना कर सके।

- चीन दुनिया का सबसे बड़ा तेल खरीदने वाला देश है, चीन ने पहले से ही बड़ी मात्रा में तेल जमा करके रखा हुआ है



सरकार ने अहम सेक्टर्स में निवेश बढ़ाया और इंडस्ट्रियल स्ट्रेंथ को राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा बनाया। इसके साथ-साथ उसने बिजली बनाने के दूसरे तरीकों पर भी तेजी से काम किया है, जैसे सौर ऊर्जा, हवा से बनने वाली ऊर्जा और पानी से बनने वाली बिजली। इसी कारण अब चीन में पेट्रोल और डीजल की मांग धीरे-धीरे कम होती जा रही है। चीन की सरकार लंबे समय से यह मानती है कि मजबूत इंडस्ट्री ही देश की असली ताकत होती है। इसी सोच के तहत उसने अपनी फैक्ट्रियों और उत्पादन क्षमता को इतना मजबूत बना लिया है कि उसे बाहर के देशों पर कम निर्भर रहना पड़े। खास तौर पर उसने उन सेक्टर पर ज्यादा ध्यान दिया, जो उसके लिए रणनीतिक रूप से जरूरी हैं। सरकार सीधे तौर पर दिशा देती रही कि किन क्षेत्रों को मजबूत करना है, ताकि चीन किसी भी पश्चिमी देश के दबाव में न आए। ऊर्जा इस पूरी रणनीति का सबसे अहम हिस्सा रही है। कुछ साल पहले तक चीन पेट्रोल-डीजल वाली गाड़ियों का सबसे बड़ा बाजार था, लेकिन अब वह इलेक्ट्रिक गाड़ियों का सबसे बड़ा बाजार बन चुका है। इसका मतलब यह है कि वहां अब बड़ी संख्या में गाड़ियां तेल की जगह बिजली से चल रही हैं, जिससे तेल पर निर्भरता कम हो रही है।

# सील टीम-6 ने पहाड़ों से अमेरिकी पायलट को बचाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान में लापता दोनों पायलट्स को 36 घंटे के भीतर रेस्क्यू कर लिया। ईरान में 3 अप्रैल को एक ऑपरेशन पर गए एम-15ई फाइटर जेट्स पर हमला हुआ था। विमान के क्रैश होने से पहले दोनों पायलट्स पैराशूट की मदद से इजेक्ट हो गए थे।

इसमें से एक पायलट को अमेरिकी सेना ने कुछ ही घंटे बाद ढूंढ़ लिया जबकि दूसरे के लिए एक बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। इसकी सफलता की तारीफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी की। उन्होंने इसे देश के इतिहास का सबसे खतरनाक रेस्क्यू मिशन बताया। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि अमेरिकी नेवी की स्पेशल यूनिट 'सील टीम-6' ने इसे अंजाम दिया।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित
फिरोज बेग
ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़

# नेपाल की नई सरकार ने लिया बड़ा फैसला

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए भारत समेत छह देशों से अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है। इन सभी राजदूतों की नियुक्ति पिछली के.पी. शर्मा ओली सरकार ने की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लोक बहादुर क्षेत्री ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। जिन देशों से राजदूतों को वापस बुलाया गया है, उनमें भारत, आस्ट्रेलिया, श्रीलंका, डेनमार्क, दक्षिण कोरिया और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। नेपाल सरकार के इस फैसले के बाद अब भारत में नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा को भी अब वापस लौटना होगा। इसके अलावा जिन राजदूतों को वापस बुलाया गया है उनमें- आस्ट्रेलिया से चित्रलेखा यादव, डेनमार्क से सुम्निमा तुलाधर, श्रीलंका से पूर्ण बहादुर नेपाली, दक्षिण कोरिया से शिवमाया तुम्बाहाम्फे और दक्षिण अफ्रीका से कपिलमान श्रेष्ठ को वापस बुलाया गया है। नेपाली विदेश मंत्रालय मुताबिक ने सोमवार को इन सभी राजदूतों को पत्र जारी कर दिए हैं। सरकार ने उन्हें एक महीने के भीतर नेपाल लौटने का निर्देश दिया है। इससे पहले, अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के नेतृत्व वाली कार्यवाहक सरकार ने भी ओली प्रशासन के समय राजनीतिक कोटे के तहत नियुक्त 17 में से 11 राज. दूतों को वापस बुला लिया था।

आवश्यकता है
जामिया इस्लामिया अरबिया मुरादिया स्कूल, चरथावल रोड
(English Medium - कक्षा 1 से 5 तक)
विद्यालय हेतु एक योग्य एवं अनुभवी प्रधानाचार्य (Principal) तथा प्रशिक्षित अध्यापकों (Teachers) की आवश्यकता है।
प्रधानाचार्य के लिए योग्यता: स्नातक/स्नातकोत्तर (शिक्षा में वरीयता) B.Ed
अध्यापक के लिए योग्यता: स्नातक/स्नातकोत्तर (संबंधित विषय में) B.Ed/BTC
आकर्षक वेतन (योग्यता एंव अनुभव के अनुसार), अनुशासित एवं शैक्षणिक वातावरण
प्रवेश संबंधित सूचना: प्रवेश प्रारंभ (Admissions Open)
मासिक शुल्क: 50 रु. मात्र, प्रवेश निःशुल्क (Free Admission)
स्थान: चरथावल रोड: इच्छुक अभ्यर्थी अपना Resume शीघ्र भेजें या संपर्क करे।
M. : 9368215210

NUTEMA HOSPITAL
Bringing New Hope To Life !
आरोग्यम् सुख सम्पदा
Celebrating 9th year
09 YEARS OF NURTURING SUPER-SPECIALITY EXCELLENCE
www.nutemahospital.com
सेवा, समर्पण और विश्वास के 9 वर्ष
FOUNDATION DAY
अपने 9वें स्थापना दिवस के अवसर पर हम अपने सभी Patients, their Families, Doctors, Staff और Meerut की जनता का दिल से धन्यवाद करते हैं।
हमारे सफर का एक और गर्वपूर्ण पड़ाव
इस विशेष अवसर पर Nutema Hospital, Meerut गर्व के साथ अपने 9वें स्थापना दिवस का उत्सव मना रहा है। यह दिन केवल एक वर्षगांठ नहीं, बल्कि उन हजारों patients के विश्वास, doctors की विशेषज्ञता और हमारी dedicated medical team के निरंतर प्रयासों का प्रतीक है।
हमारा उद्देश्य हमेशा से यही रहा है कि advanced medical technology, experienced doctors और compassionate patient care के साथ हर मरीज को सर्वोत्तम इलाज प्रदान किया जाए।
Ambulance No.: 70881 60666 / 70882 60666
for any enquiry 9675 600 666
Opp. L.L.R.M. Medical College, Garh Road, Meerut-250004
t: 0121-2600 666, 94126 00666, 99276 00666 | e: info@nutemahospital.com

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर... www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD (होम्योपैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

ADMISSION OPEN
Mom & Me
NURTURING WITH LOVE
PLAY | NURSERY | LKG | UKG | 1st to 4th
M.: 9997023008
Branch1- New Mandi, Near Bala ji Dham Chowk
Branch2- Circular Road, Opp. Canara Bank

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792 +91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN M.Sc (Phy.), B.Ed.